# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 17 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 61 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

सउदी अरब में पहली बार पहुंचा रांची का आम

## संक्षिप्त समाचार

### पहली बार झारखंड का आम पहुंचा सऊदी अरब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पूर्वी सिंहभूम और पाकुड़ जिले का प्रसिद्ध आम आम्रपाली अब सऊदी अरब में भी अपनी मिठास बिखेर रहा है। जेद्दा और रियाद में आयोजित मैंगो मेनिया फेस्टिवल में इन जिलों के किसानों द्वारा उगाए गए आमों की जबरदस्त मांग देखी जा रही है। फेस्टिवल में आम्रपाली आम को प्रति किलो 19.95 सऊदी रियाल यानी लगभग 461 रुपए में बेचा जा रहा है। लोगों इसे खूब पसंद कर रहे हैं। फेस्टिवल का उद्घाटन सोमवार को जेद्दा में भारत के काउंसिल जनरल एच.ई. फाहद अहमद खान ने किया। यह फेस्टिवल 17 जुलाई तक चलेगा। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत इन जिलों में किसानों ने आम्रपाली किस्म के आमों की बागवानी की थी।

### श्रावणी मेले में एआई कैमरे का कमाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देवघर के ऐतिहासिक श्रावणी मेले में इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तकनीक श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित हो रही है। मेला क्षेत्र में 200 से अधिक फ़ेस रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, जो लापता या भटके हुए कांवरियों को चुटकियों में उनके परिजनों से मिलाने में मदद कर रहे हैं। ये हाई-टेक कैमरे श्रद्धालुओं की तस्वीरों को अपने डेटाबेस में संग्रहित करते हैं। जैसे ही किसी कांवरिया के लापता होने की सूचना मिलती है, संबंधित व्यक्ति की एक तस्वीर को एआई स्कैनर में अपलोड किया जाता है। इसके बाद यह तकनीक हजारों की भीड़ में भी उस चेहरे से मिलान कर लेती है और उसका लोकेशन ट्रैक कर लेती है।

### नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने की धनरोपनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर साबित किया है कि राजनीति से परे भी उनका दिल गांव और खेत-खलिहानों से जुड़ा है। वे अपने पैतृक गांव गिरिडीह के तिसरी प्रखंड के कोदाईबांक पहुंचे, जहां उन्होंने परंपरागत अंदाज में खुद खेत में उतरकर धान की रोपाई की। उन्होंने अपने खेत में रोपनी करते हुए मिट्टी से जुड़ाव का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि खेती करना न केवल भोजन उत्पादन का साधन है, बल्कि यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है।

# बोकारो : पांच लाख का इनामी सहित दो नक्सली ढेर, एक जवान भी शहीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बोकारो पुलिस को आज एक बड़ी सफलता मिली है। नक्सली मूमेंट की सूचना पर जिले के नक्सल प्रभावित लूगुबुरु पहाड़ की तलहटी में आज अहले सुबह चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मुठभेड़ हो गई। सर्च अभियान में शामिल जिला पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा 209 बटालियन के जवानों ने 5 लाख का इनामी सब जोनल कमांडर कुंवर मांझी उर्फ सहदेव मांझी सहित दो नक्सलियों को मार गिराया। हालांकि कोबरा बटालियन का एक जवान प्रणेश्वर कोच भी शहीद हुआ है। मुठभेड़ के दौरान कोबरा जवान को गोली लग गई। घायल जवान को एयर लिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने मीडिया को बताया कि गोमिया थाना

क्षेत्र के बीरहोरडेरा जंगल में भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता सेंट्रल कमेटी सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ अनुज उर्फ परपेश सोरेन, जोनल समिति सदस्य वीर सेन उर्फ चंचल रघुनाथ हेंब्रम उर्फ काना किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। इसी दौरान बोकारो पुलिस और कोबरा 209 बटालियन के द्वारा एक ऑपरेशन लॉन्च किया गया। सर्च अभियान के दौरान सुबह लगभग 6 बजे पुलिस को देखकर नक्सली गोली चलाने लगे। इसी दौरान कुंवर मांझी और एक अन्य मारा गया। इस मुठभेड़ में कोबरा जवान भी शहीद हुआ है। एसपी ने बताया कि नक्सली अब पुलिस से अपनी साख बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। बहुत जल्द इनका सफाया हो जाएगा। उन्होंने बताया, मुठभेड़ स्थल से एक एक-47 और उसका मैगजीन बरामद किया गया है। मौके से नक्सलियों का दैनिक सामग्री भी बरामद हुआ है। एसपी ने बताया, मारे गए कुंवर मांझी के ऊपर बोकारो जिले में 21 और हजारीबाग जिले में सात मामला दर्ज है।

# दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भाजपा नेताओं की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** बुधवार को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में झारखंड भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने नई दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पूर्व मुख्यमंत्री गुरुजी शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी नेताओं को गुरुजी की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति से अवगत कराया और उनके शुभकामनाओं के लिए आभार जताया। इस अवसर पर चौपारण प्रखंड निवासी व भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन झारखंड की आत्मा हैं और उनका स्वस्थ रहना पूरे राज्य के लिए जरूरी है।

भेंट करने वालों में भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता, प्रदीप प्रसाद, पूर्व विधायक अनंत ओझा, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, शैलेंद्र सिंह, मनोज दुबे सहित अन्य कई नेता मौजूद रहे।

# पीएम धन-धान्य कृषि योजना के लिए 24 हजार करोड़ की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट में कई बड़े फैसले लिए गए। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,000 करोड़ रुपये खर्च के साथ पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसमें 36 योजनाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने एनएलसीआईएल को ग्रीन एनर्जी में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन के बाद भारत ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया है।

कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईएसएस (अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन) से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वापसी पर एक प्रस्ताव पारित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, गौरव और खुशी का अवसर है। आज मंत्रिमंडल, देश के साथ, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को पृथ्वी पर उनकी



तीन बड़े फैसले पर कैबिनेट की मुहर

सफल वापसी पर बधाई देता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिनों का ऐतिहासिक मिशन पूरा किया है। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय है। यह हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम के भविष्य की एक सुनहरी झलक देता है। मंत्रिमंडल इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को बधाई देता है।

# बिहार में शिक्षकों की होगी बड़े पैमाने पर बहाली, मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

## लोक सेवा आयोग जल्द से जल्द शिक्षक नियुक्ति को लेकर टीआरई- 4 की परीक्षा ले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को तोहफा देने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने बिहार लोक सेवा आयोग को जल्द से जल्द शिक्षक नियुक्ति को लेकर टीआरई- 4 की परीक्षा लेने का आदेश दिया है। उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि हमने शिक्षा विभाग को कहा है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना तुरंत कर ली जाए। इस पर नियुक्ति के लिए टीआरई 4 की परीक्षा शीघ्र लेने की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री का यह आदेश शिक्षक भर्ती

परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वे पिछले कुछ दिनों से यह परीक्षा शीघ्र कराने की मांग कर रहे थे। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा। सरकार के इस निर्णय से बिहार की महिलाओं को सरकारी नौकरी में काफी फायदा होगा। इसी साल जनवरी के में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने एक एक्स पोस्ट में बताया था कि चौथे चरण में 80 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होनेवाली है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह नियुक्ति चुनाव से पहले कर ली जाएगी। इसके पहले राज्य सरकार ने टीआरई-1, 2 और 3 की परीक्षा ले चुकी है। हाल के दिनों में बिहार में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। यह भी जानकारी सामने आई थी कि टीआरई-3 में करीब 20 हजार से ज्यादा पद खाली रह गए थे। इन रिक्त पदों को भी टीआरई-4 में शामिल कर लिया जाएगा। बीपीएससी टीआरई-4 में टीआरई 1,2 और 3 जैसी ही योग्यता जरुरी मापदंड होगी। इसके तहत प्राथमिक शिक्षक बनने के लिए 12वीं पास होने के साथ डीएलडी होना जरूरी है। इसी तरह मिडिल स्कूल के लिए ग्रेजुएट होनेके साथ-साथ उम्मीदवार का डीएलडी होना चाहिए। माध्यमिक शिक्षक के लिए ग्रेजुएशन के साथ-साथ डीएलडी/बीएड जरुरी है।

# धार्मिक, ऐतिहासिक व प्राकृतिक रूप से समृद्ध हैं बराबर की पहाड़ियां





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड के बराबर की पहाड़ी श्रृंखलाओं के सबसे उच्चे पहाड़ की चोटी पर देश देश के सबसे पुराने शिवमंदिर में से एक सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर है। हजारों साल पुराने इस शिव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए सालों भर श्रद्धालु आते हैं, लेकिन सावन में तो यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। यहां मगध के महान सम्राट अशोक के समय के शिलालेख आज भी उस साम्राज्य की गाथा अपने अंदर सहेजे हुए हैं। ब्राह्मी लिपि में लिखे यह अभिलेख हजारों साल के इतिहास का जीवंत प्रमाण हैं। बराबर न केवल पहाड़ और जंगल के लिए प्रसिद्ध है बल्कि औषधीय पौधे और लौह अयस्क के अकूत भंडार भी यहां मौजूद हैं। जहानाबाद जिला मुख्यालय से 25 किमी दक्षिण-पूरब में स्थित बराबर पर्वत श्रृंखला न केवल स्वच्छंद और प्रदुषण रहित नैसर्गिक सौन्दर्य को समेटे है, बल्कि भारत के बहुमूल्य पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहरो का संगम भी है। इतना ही नहीं बराबर की पहाड़ी रॉक पेंटिंग का अद्भूत नमूना है। हाल के दिनों में बराबर के सौंदर्यीकरण को लेकर कई कार्य भी किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से अब यहां पर्यटक थाने की स्थापनाकी गई है जो बिहार राज्य का पहला पर्यटक थाना है। बौद्ध सर्किट से जोड़े जाने के साथ-साथ हर वर्ष यहां वाणावर महोत्सव का भी आयोजन होता है। 24 करोड़ की लागत से पहाड़ की चोटी तक सुगमता पूर्वक पहुंचने को लेकर रोपवे का निर्माण कार्य भी यहां अंतिम चरण में है। उम्मीद की जा रही है कि इस वर्ष सितम्बर माह के बाद रोपवे का संचालन शुरू हो जाएगा।

**मगध का हिमालय है बराबर का पहाड़**

100 फीट ऊंचे इस पहाड़ को मगध का हिमालय भी कहा जाता है। यह देश के बेहद पुराने पहाड़ों में से एक है। खास बात यह है कि यहां पर 22 पहाड़ की चोटियां है जिसे अलग अलग नामों से जाना जाता है। यूं तो बराबर पहाड़ी में कई गुफाएं हैं लेकिन मौर्य शासक अशोक कालिन मानव निर्मित ग्रेनाइट के चट्टानों से बना सात गुफाएं हैं, जिसे स्थानीय लोग सतघरवा के नाम से जानते हैं। यह गुफा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। इनमें चार बराबर पहाड़ियों पर और तीन पास में ही नागार्जुन की पहाड़ियों पर है। पहाड़ों को सावधानी से काट कर हजारों साल पहले इंसान ने बेहद सुंदर गुफाओं को बनाया है। इनमें से कई गुफाओं की दीवारों को देखकर आप दंग रह जाएंगे। इसकी चिकनाई आज के समय में लगाई जाने वाली टाइल्स से कम नहीं हैं। मौर्य काल की यह स्थापत्य कला पर्यटकों को आश्चर्य से भर देती है। इनका निर्माण सम्राट अशोक के आदेश पर आजीवक संप्रदाय के बौद्ध भिक्षुओं के रहने के लिए करवाया गया था। इसमें कर्ण चौपर, सुदामा और लोमस ऋषि गुफा अपनी स्थापत्य कला के लिए देश और दुनिया में प्रसिद्ध हैं।

# पलामू में भारी बारिश का कहर: 17 जुलाई को सभी स्कूल बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले में पिछले 18 से 19 घंटे से हो रही लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त सह जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष समीरा एस ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आपदा प्रबंधन की आपात बैठक बुलाई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 17 जुलाई को पलामू जिले के सभी विद्यालय बंद रहेंगे। बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्हें कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नदियों के किनारे बसे गांवों पर विशेष निगरानी रखें और जरूरत पड़ने पर प्रभावित परिवारों को पूर्व निर्धारित सुरक्षित शरणस्थलों पर शिफ्ट करें। उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि शहर में जलजमाव वाले क्षेत्रों में मोटर पंप लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। इसके लिए एक डेडिकेटेड टीम तैनात की जाएगी। पेड़ गिरने जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए भी पर्याप्त संसाधन और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# भारी बारिश से लातेहार घाटी में भूस्खलन, सुग्गा बांध और लोध फॉल का रास्ता बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पिछले 14 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बुधवार दोपहर बारेसांढ़ घाटी में अचानक हुए भूस्खलन से लातेहार-महुआडांड़ सड़क पूरी तरह से बाधित हो गई। इस मार्ग के अवरुद्ध हो जाने से न केवल लातेहार और पलामू का छत्तीसगढ़ से संपर्क टूट गया, बल्कि प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों सुग्गा बांध और लोध फॉल जाने वाला रास्ता भी बंद हो गया है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार भूस्खलन के समय घाटी में कोई वाहन नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। लेकिन सड़क पर भारी मात्रा में मिट्टी और पहाड़ी पत्थर आ गिरने से यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है।

**पर्यटक और राहगीर फंसे**

बारिश के मौसम में लातेहार के सुग्गा बांध और लोध फॉल का प्राकृतिक सौंदर्य सैलानियों को खूब आकर्षित करता है। बुधवार को भी बड़ी संख्या में पर्यटक इन स्थलों की ओर जा रहे थे। लेकिन भूस्खलन के चलते रास्ता बंद हो जाने के कारण सैकड़ों पर्यटक बीच रास्ते में फंस गए हैं। वहीं महुआडांड़, नेतरहाट और छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले लोग भी प्रभावित हैं।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### मानपुर स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरकर यात्री जख्मी

**गया, एजेंसी।** गया-कोडरमा रेल सेक्शन के मानपुर स्टेशन पर मंगलवार को चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान प्लेटफॉर्म पर गिरकर नवादा जिले के रहने वाले एक यात्री जख्मी हो गया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के जवानों ने ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत कार्रवाई करते हुए जख्मी यात्री को उठाकर इलाज के लिए प्राथमिक अस्पताल मानपुर में भर्ती कराया। जख्मी यात्री शशि कुमार पिता अरुण लाल नवादा जिले के मेसकौर गांव का रहने वाला है। यात्री को कमर व सर में चोट आयी थी।

### समाजसेवी उपलब्ध करा रहे हैं पेयजल

**दरभंगा, एजेंसी।** प्रखंड में जारी जल संकट की घड़ी में समाजसेवी श्यामसुंदर झा ने ग्रामीणों की प्यास बुझाने का बीड़ा उठाया है। वे सहसराम पंचायत में विगत एक पखवाड़ा से जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को विगत तीन दिनों से जल उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दुख की घड़ी में हम ग्रामीणों के साथ हैं। उन्होंने कहा स्थाई निदान तो मैं नहीं कर सकता लेकिन जल आपूर्ति करता रहूंगा। मालूम हो कि गिरते भूजल स्तर और सूखते चापाकलों के बीच लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। पंचायत के मुखिया राधा मोहन चौधरी ने बताया कि हर वर्ष गर्मियों में ऐसी स्थिति दोहराई जाती है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं दिख रहा। उन्होंने कहा इस दुख की घड़ी में समाजसेवी श्याम सुंदर चौधरी हम लोगों के बीच शुद्ध जल उपलब्ध करा रहे हैं।

### सावन की पहली बारिश ने लोगों को दिलाई गर्मी और उमस से राहत

**छपरा, एजेंसी।** छपरा में मंगलवार के दिन सुबह में धूप निकलने के बाद दोपहर में बादल छाया रहा। तेज हवा के साथ बारिश हुई। कई दिनों से सुबह से तेज़ धूप के साथ उमस वाली गर्मी से आमजन व्याकुल थे लेकिन बारिश हुई तो मौसम में बदलाव हुआ। उमस कम हुई। वहीं रिमझिम वर्षा बच्चों के लिए आनंदमय साबित हुई। लोग कई दिनों से बारिश होने के इंतजार में थे। हालांकि बारिश हुई तो मौसम में नमी दिखी। भींगते हुए लोग आते जाते रहे। लोगों ने बारिश होते देख खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सावन की पहली बारिश है जिस से लोगों को गर्मी से राहत महसूस होगी। तेज बारिश के साथ हवा चलती रही व काले बादल घिरते रहे। हालांकि शहर में बारिश हुई तो कुछ जगहों पर पानी लग गया जहां लोगों को आने जाने में अधिक परेशानी हुई। सरकारी बाजार में सब्जी विक्रेताओं की परेशानी हुई। किसान अब भी परेशानी में किसानों की माने तो यह बारिश देहात क्षेत्रों में सब जगह बारिश नहीं होने से किसान अब भी परेशानी में हैं। बनियापुर के किसान प्रमोद राय का कहना है कि गांव में वर्षा होती तो खेतो के लिए लाभदायक साबित होता। किसानों का बिचड़ा खेतों में जल रहे हैं और जो किसान धान की बुआई कर चुके हैं उसका भी स्थिति सही नहीं है। मक्के व हरी सब्जी भी सूखने के कगार पर हैं।

### बैठक में निवेशकों को भुगतान की मांग, आंदोलन पर चर्चा

**गया, एजेंसी।** गांधी मंडप में मंगलवार को ह्यूमन क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से सोसाइटी की ओर से निवेशकों के रुपए गबन करने पर चर्चा हुई। सरकार से निवेशकों के पैसे भुगतान करने की मांग की गई। इसके लिए सरकार विधिवत तरीके से जल्द से जल्द जिला स्तर पर भुगतान के लिए विंडो ओपन खोलने की मांग की गयी। बैठक में लिक्विडेटर का फॉर्म भरने को लेकर भी चर्चा हुई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की बात कही गयी। बैठक के बाद मांगों का ज्ञापन कलेक्ट्रेट जाकर सहकारिता पदाधिकारी को सौंपा गया। बैठक में कार्यकर्ता उदय विश्वकर्मा रणविजय कुमार, अनिल प्रभाकर, अमर कुमार, ममता देवी,रंजू देवी, बबीता देवी, निरा देवी, कांति देवी आदि रहे।

### जय प्रकाश उद्यान में हुआ पौधरोपण

**भागलपुर, एजेंसी।** हरियाली को बढ़ावा देने की खातिर वी केयर द्वारा मंगलवार को जय प्रकाश उद्यान में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर जामुन, अशोक, बरगद, अमरूद, पीपल, आंवला के पौधे लगाये गये। संस्थापक नितेश चौबे ने लोगों से पौधरोपण कार्यक्रम में जुड़ने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने का आग्रह किया। मौके पर नितेश पांडेय, रिशांत, नितेश साह, आयुष, कुश मिश्रा, लव, भाव्या, श्रेयस, भद्रसेन, डॉ. सीता भगत, नितिन, गौतम, गौरव आदि की मौजूदगी रही।

# मतदाता पुनरीक्षण में 'लापरवाही' 60 से ज्यादा बीएलओ का वेतन रूका, बिना भरे ही ऑनलाइन सबमिट दिख रहा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रहे मतदाता सत्यापन के कार्य में बीएलओ की ओर से लगातार लापरवाही उजागर हो रही है। इस पर मुजफ्फरपुर जिले में औराई बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने 60 से अधिक बीएलओ का मानदेय और वेतन भुगतान बंद करने का आदेश जारी किया है। साथ ही, इन सभी से स्पष्टीकरण भी मांगा है। अगर संतोषजनक जवाब नहीं पाया गया तो अनुशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

इसके अतिरिक्त सत्यापन कार्य के तहत गणना प्रपत्र वितरण और अपलोड करने में तेजी लाने का निर्देश दिया है। अगर इसके बाद भी निष्पादन में लापरवाही बरती जाएगी तो प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गई है। यहां कुछ लोगों ने यह भी शिकायत की है कि उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण प्रपत्र भरा ही नहीं फिर भी वो ऑनलाइन सब्मिट दिख रहा है।बताया गया कि औराई विधानसभा क्षेत्र मतदाता सत्यापन का कार्य बहुत धीमा था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह

डीएम ने पिछले दिनों इसकी समीक्षा की। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर चिंता जताई और लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को चिह्नित करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में औराई बीडीओ ने कार्रवाई की है। सभी बीएलओ को अंतिम रूप से भी चेतावनी दी गई है।

**ऑनलाइन फॉर्म जमा नहीं करने वालों को कॉल** – मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन फॉर्म जमा करने का भी विकल्प है। मतदाता घर बैठे व कहीं से अपना फॉर्म ऑनलाइन भर सकते हैं। ऑनलाइन जमा किए जाने के बाद इसका बीएलओ से वेरिफिकेशन कराया जाना है। अब ऐसे मतदाताओं के मोबाइल पर कॉल आ रहा, जिन्होंने ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म नहीं भरा है। कॉल करने वाले की ओर से कहा जा रहा है कि उन्हें बताया गया है कि आपने ऑनलाइन फॉर्म भरा है। इसका वेरिफिकेशन किया जाना है। इस तरह के फोन कॉल से मतदाता परेशान हैं।

**बिना भरे ही दिखा रहा ऑनलाइन सब्मिट** – कई मतदाताओं ने बताया कि उन्होंने अबतक फॉर्म नहीं भरा है। अपना फॉर्म बीएलओ को नहीं सौंपा है। इसके बाद भी उनका फॉर्म ऑनलाइन सब्मिट दिखा रहा है। वेरिफिकेशन के लिए उनके पास कॉल आ रहा है। उन्हें अब इस बात की चिंता है कि अगर वह अब फॉर्म भरेंगे तो वह स्वीकार होगा या नहीं। इसकी शिकायत वह कहां करें, उन्हें पता नहीं।

**बाहर रह रहे मतदाता, बीएलओ पर भारी दबाव** – मतदाता पुनरीक्षण को फॉर्म अपलोड करने के लिए चुनाव आयोग ने अंतिम तिथि 26 जुलाई तय की है। अबतक जिले में लगभग 70 से 75 प्रतिशत मतदाताओं का भरा फॉर्म बीएलओ के एप पर अपलोड होने की बात बताई जा रही है। बचे हुए फॉर्म को जल्द से जल्द अपलोड करने को लेकर बीएलओ पर भारी दबाव है। पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अधिकारी अपनी उपलब्धि दर्शाने को लेकर बीएलओ पर जल्द से जल्द फॉर्म अपलोड करने का दबाव बना रहे हैं। इधर, बचे हुए अधिकांश मतदाता बाहर रहनेवाले हैं। उनका भरा फॉर्म बीएलओ के पास नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में वे ऊहापोह की स्थिति में हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर विचार गोष्ठी

**भागलपुर, एजेंसी।** गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रकाश चंद्र गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. फारूक अली उपस्थित थे। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत काफी कम है, जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। मतदान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए सामाजिक संगठनों से बात कर अभियान चलाना होगा। प्रकाश चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की नागरिक जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मौके पर मो. तकी अहमद जावेद, रिजवान खान, बिना सिन्हा, वासुदेव भाई, प्यारी देवी, मो. शाहबाज, मो. काबुल, सुभाष प्रसाद, जिनी हमीदी, मो. शाहिद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस का रोजगार वाला दांव, पटना में जॉब फेयर लगाने का ऐलान

**पटना, एजेंसी।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव है। चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में अब महागठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी ने बड़ा ऐलान किया है। दरअसल कांग्रेस पार्टी की तरफ से बिहार में रोजगार मेला लगाने का ऐलान किया गया है। बता दें कि बिहार में रोजगार इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अक्सर युवाओं के लिए रोजगार के मुद्दे पर नीतीश सरकार को घेरते रहते हैं।

इस बीच अब कांग्रेस ने इस मुद्दे पर बड़ा दांव चल दिया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि पटना में महा रोजगार मेला लगाया जाएगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर

इस बात की जानकारी दी है। राजेश कुमार ने एक्स पर लिखा, ,कांग्रेस का संकल्प - युवाओं को सम्मानजनक रोजगार! युवा कांग्रेस के तत्वधान में आयोजित महा रोजगार मेला में आ आ रही है 120 कंपनियां, हज़ारों अवसर। इस अवसर का लाभ उठाने वाले इच्छुक युवा आगामी 19 जुलाई को पटना के ज्ञान भवन में आएं और अपने हुनर को नई ऊंचाई दें।

आपको बता दें कि इससे भागलपुर में युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी की तरफ से जानकारी दी गई थी कि युवा कांग्रेस 19 जुलाई को पटना मे महा रोजगार मेले का आयोजन करेगी। यह मेला सुबह दस बजे से शुरू होकर देर शाम तक चलेगा। इस मेले में शिरकत करने के इच्छुक लोग 9868113198 पर मिस्ड कॉल या फिर क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। इस महा रोजगार मेले में 12वीं, स्नातक, परास्नातक, इंजीनियर और आईटी समेत अन्य प्रोफेशनल डिग्रीधारकों को नौकरी हासिल करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

## व्यवसायी की जमीन पर मुखिया पति ने किया कब्जा

### जमुई में मंदिर बनाने का विरोध करने पर डंडे से 3 लोगों को पीटा, एक गंभीर

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के बरहट थाना क्षेत्र के महनदली गांव में मुखिया पति की मनमानी का मामला सामने आया है। महनदली पंचायत के मुखिया पति फौदारी मांझी ने एक व्यवसायी की निजी जमीन पर मंदिर बनवाना शुरू कर दिया। जमीन मालिक रंजू देवी ने पहले ही न्यायालय के माध्यम से अंचलाधिकारी और थाना को नोटिस भेजा था। इसके बावजूद मुखिया पति ने अपने समर्थकों के साथ निर्माण कार्य जारी रखा। मंगलवार को रंजू देवी अपने परिजन इशू कुमार, आदर्श कुमार और भाई रॉबिन बरनवाल के साथ मौके पर पहुंची।

**एक की हालत गंभीर** – विरोध करने पर फौदारी मांझी ने अपने सहयोगी संजय चौरसिया और दयानंद चौरसिया के साथ मिलकर उन पर हमला करवा दिया। हमले में इशू, आदर्श और रॉबिन घायल हो गए। तीनों को बरहट के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भर्ती कराया गया। इशू की स्थिति गंभीर होने पर उसे जमुई सदर

अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने बरहट थाने में आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अवैध निर्माण को रोकने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

# आरा में 2 गुट भिड़े, 5 लोग 'घायल' तलवार और लाठी - डंडे से हमला, एक साल से चल रहा था जमीन विवाद

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में जमीन विवाद में दो गुट आपस में भिड़ गए। जमकर लाठी-डंडे चले। एक-दूसरे पर तलवार से भी हमला किया। जिसमें दोनों गुट के पांच लोग घायल हो गए। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक पक्ष से गौरी शंकर सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह, मनोज सिंह और पोता रामदीप सिंह शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से हरिहर सिंह के पुत्र विनोद सिंह और उनके चचेरे भाई गोरख कुमार हुए हैं। घटना पीरो थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है।

एक साल से चल रहा है विवाद -

घायल सुरेंद्र सिंह के पुत्र दीपक कुमार ने बताया कि ढाई बीघा खेत को लेकर एक साल से वीरेंद्र सिंह से विवाद चल रहा है। मंगलवार को जुताई के लिए खेत पर पहुंचे थे। इस दौरान वीरेंद्र सिंह के लोगों ने विरोध कर दिया। बात बढ़ने पर पिताजी पर तलवार से हमला कर दिया। चाचा और भाई को लाठी-डंडे से मारा।

पुलिस ने मारपीट मामले में उल्टा मेरे चाचा और भाई को ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दूसरे पक्ष की कलावती देवी ने बताया कि खेत को लेकर सुरेंद्र सिंह से विवाद चल रहा है। मंगलवार खेत जोतने जा रहे थे। इस दौरान उनलोगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडा से पिटने लगे। दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित शिकायत दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है।

## वैशाली में करंट लगने से छात्र की मौतः बारिश से बचने गया था मेडिकल दुकान

- खुले तार की चपेट में आने से हादसा

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में बारिश से बचने के लिए मेडिकल दुकान में गए 7 वर्षीय बच्चे की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। घटना काजीपुर थाना क्षेत्र के पट्टील्ही गांव की है। मृतक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के मसूधन पकड़ी गांव निवासी विकास महतो का बेटा अंश कुमार के रूप में हुई है। वह अपने ननिहाल में रहकर दूसरी कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। घटना मंगलवार शाम करीब 5 बजे की है। अंश गांव में आम के पेड़ के पास खेल रहा था। बारिश शुरू होने पर वह चन्द्रमा हरदेव दत्तव्य औषधालय में शरण लेने गया। वहां खुले बिजली के तार की चपेट म

आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**मामले की जांच कर रही पुलिस**–मृतक के नाना रामेश्वर महतो ने बताया कि परिवार में उसकी एक बहन भी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। काजीपुर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## शिक्षा और अनुशासन को ईमानदारी के साथ करें आत्मसात, बढ़ाएं मान सम्मानः ब्रिगेडियर

**गया, एजेंसी।** शहर मुख्यालय स्थित प्लस टू जिला स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को एनसीसी कैडेटों के ट्रूप का निरीक्षण करते हुए गया एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा और अनुशासन के प्रति ईमानदारी से कार्य करने तथा अच्छे विचार अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश के एक अच्छे नागरिक बनने के लिए हमेशा सचेष्ट रहना जरूरी है, जिससे परिवार, समाज और देश का मान-सम्मान बढ़ता है। ब्रिगेडियर राम नरेश ने कैडेटों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया और जीतोड़ मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि हम साधारण परिवारों से हैं और जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। 27 बिहार बटालियन के सूबेदार मेजर सरदारी लाल, हवलदार ललित सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

## चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के बीच अघोषित युद्ध, राजद डरी हुई है, जनसुराज का हमला

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। साल के अंत में होने वाले बिहार चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस बार के चुनाव में जनसुराज पार्टी ने भी दमखम के साथ उतरने का दावा किया है। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर और पार्टी के अन्य नेता लगातार दूसरे दलों और उनके नेताओं पर हमला कर रहे हैं।

अब जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा है कि जनसुराज की बढ़ती

लोकप्रियता से जदयू, राजद और भाजपा डरी हुई हैं। एनडीए गठबंधन में दलित वोटों के लिए चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के बीच अघोषित युद्ध चल रहा है। भाजपा और जदयू के नेता एकदूसरे की टांग खींचने पर लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष डर की राजनीति कर रहा है। भाजपा और जदयू वाले राजद का डर दिखा कर वोट मांग रहे हैं जबकि राजद वाले लोग भाजपा और जदयू का डर दिखा रहे हैं। चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष किशोर मुन्ना ने कहा कि एनडीए और महागठबंधन के नेता केवल अपना विकास देख रहे हैं, उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं है।

# पटना में शराबबंदी पर डीएम की 'सख्ती' 15 दिन में जब्त शराब नष्ट करने के आदेश

- पकड़े गए वाहनों की नीलामी तेज करने के भी निर्देश

**पटना, एजेंसी।** जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने आज समाहरणालय के में शराबबंदी से जुड़े मामलों की समीक्षा की। बैठक में जब्त शराब, पकड़े गए वाहन, नीलामी और कोर्ट में लंबित मामलों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को साफ हिदायत दी कि जब्त किए गए शराब को तुरंत नष्ट किया जाए और पकड़े गए वाहन पर प्रोसेस के जरिए काम कर वाहन की नीलामी की जाए।

**जब्त शराब को 15 दिन में नष्ट करने का आदेश** -डीएम ने कहा कि थानों में पड़ी जब्त शराब को 15 दिनों के अंदर हर हाल में नष्ट किया जाए। सभी थानों को यह भी कहा गया कि वे एक रिपोर्ट बनाकर बताएं कि कितनी शराब पहले से पड़ी है और कितनी पर अब तक कोई आदेश नहीं आया है।

**चार थानों पर डीएम की नाराजगी** – फतुहा, बाईपास, दानापुर और मालसलामी थाने में शराब नष्ट करने का काम सबसे ज्यादा लंबित पाया गया। इसपर डीएम ने नाराजगी जताई और कहा कि आदेश मिलते ही अगले दिन से ही शराब नष्ट करनी शुरू करें।

**हर शनिवार जनता दरबार के बाद थानों में होगी कार्रवाई**–डीएम ने सभी अंचल और राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे हर शनिवार जनता दरबार के बाद

अपने इलाके के थानों में जाकर शराब नष्ट करने की कार्रवाई करवाएं। बैठक में यह बात भी सामने आई कि जब्त किए गए वाहनों के केस कोर्ट में बहुत दिनों से अटके हैं। इस पर डीएम ने कहा कि 10 दिनों के अंदर सभी मामलों की सुनवाई पूरी कर ली जाए। उत्पाद अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि पैसों को इस तरह बांटा जाए कि विभाग के केस बड़े अधिकारियों के पास चलें और थानों के केस खुद देखें। जिले के चारों उत्पाद अधीक्षकों को केस की सुनवाई में तेजी लाने को कहा गया।

**जिला परिवहन विभाग के वजह से वाहन की नीलामी में हो रही देरी** – जब्त वाहनों की नीलामी में देरी के पीछे जिला परिवहन विभाग द्वारा रिपोर्ट नहीं भेजना वजह बनी। डीएम ने कहा कि एम.भी.आई. और बाकी अधिकारियों को थानों में भेजा जाए और 15 दिन के भीतर सभी वाहनों की जांच रिपोर्ट तैयार कर भेजी जाए। सभी थानों को भी कहा गया कि जांच करने वाले अधिकारियों को पूरा सहयोग दें ताकि नीलामी का काम तेजी से हो सके। उत्पाद अधीक्षक को भी कहा गया कि वे जब्त वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि शराबबंदी अभियान और भी असरदार हो सके।

## पटना-बक्सर फोरलेन पर मजदूर की 'मौत'

### खेत से घर लौट रहे थे, रोड क्रॉस करते समय तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** पटना-बक्सर फोरलेन एनएच पर तेज रफ्तार बाइक ने एक मजदूर को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया। इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना गीधा थाना क्षेत्र के गीधा ओवरब्रिज के पास की है। मृतक की पहचान बिंद टोली वार्ड-7 निवासी हरेराम बिंद( 56 ) के रूप में हुई है। पुत्र अंजित बिंद ने बताया कि मंगलवार को खेत में काम करने गए थे। काम खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे। रोड क्रॉस करते समय विपरित दिशा से आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। लेकिन पटना नहीं ले जाकर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराने जा रहे थे।

रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

**10 साल पहले पत्नी की हुई थी मौत** – मौत की सूचना पर गीधा पुलिस अपर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा भेज दिया। हरेराम बिंद के चार बच्चे हैं। तीन बेटा राम अनुप बिंद, अजय बिंद, अंजित बिंद और एक बेटी स्नेहा देवी है। बीमारी से पत्नी राजमुनी की मौत दस साल पहले हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गोविंदपुर-निरसा एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए एसएंडपी कंपनी से करार

**धनबाद, एजेंसी।** गोविंदपुर–निरसा एलिवेटेड रोड निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. एनएचएआइ और निर्माण एजेंसी एसएंडपी कंपनी के बीच दिल्ली में करार हो गया है. अगले माह से एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो जायेगा. जिले में ट्रैफिक जाम और सड़क दुर्घटनाओं की समस्या को कम करने के लिए एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) का एक बड़ा कदम है. एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रमोद कुमार ने मंगलवार को बताया कि एसएंडपी कंपनी को पहले ही टेंडर अवार्ड हो चुका था. एग्रीमेंट से पहले सभी कागजी प्रक्रियाएं और बैंक गारंटी का काम पूरा कर लिया गया है. एग्रीमेंट को लेकर कुछ तकनीकी समस्या थी जिसे दूर करते हुए कंपनी के साथ करार कर लिया गया है. विभागीय स्तर से कंपनी को काम शुरू करने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है. संभावना है कि अगले महीने से निर्माण कार्य की शुरुआत हो जाएगी. गोविंदपुर में कौआबांध से रतनपुर तक चार किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनेगा, निरसा में देवियाना मोड़ से खुदिया फाटक तक 3.7 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड का निर्माण होगा. मिट्टी जांच का कार्य पहले ही एसएंडएस कंस्ट्रक्शन द्वारा गोविंदपुर और निरसा दोनों जगहों पर पूरा कर लिया गया है.

### युवाओं के लिए सही कौशल व मार्गदर्शन जरूरी : सचिव

**रांची, एजेंसी।** श्रम विभाग के सचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज के समय में विकासशील देशों की युवा ऊर्जा को उचित व सही तरीके से उपयोग में लाने की जरूरत है. आज के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल युग में युवाओं को सही कौशल और उचित मार्गदर्शन नहीं मिले, तो हमारे युवा व हमारा देश नयी तकनीक की दौड़ में पीछे रह जायेंगे. सचिव मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कांके रोड रांची स्थित विश्वेश्वरैया प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. यहां श्रम विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. मौके पर झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन निदेशक–सह–कार्यपालक पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार लाल ने कहा कि युवाओं को केवल औपचारिक कौशल प्रशिक्षण ही न दें, बल्कि गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास पर ध्यान देने की जरूरत है. सभी हितधारक आपसी समन्वय और जिम्मेदारी में काम करें, तभी हमारे युवाओं और राज्य का भविष्य उज्ज्वल होगा. इस दौरान कौशल प्रदर्शन से जुड़े कई स्टॉल भी लगाये गये थे. प्रधानमंत्री कौशल योजना अंतर्गत नवनियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया. साथ ही कार्यरत लोगों को सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम में विभाग के अपर सचिव सुनील सिंह, श्रमायुक्त रवि रंजन कुमार विक्रम, विशेष सचिव पेयजल राजीव रंजन कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

### जमशेदपुर के जवाहर नगर में हवाई फायरिंग : दो पक्षों के बीच विवाद में चली गोली

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र के जवाहर नगर में मंगलवार रात करीब 11 बजे हवाई फायरिंग की घटना हुई। रोड नंबर 9 पर दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक पक्ष ने पिस्टल निकालकर हवा में फायर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मानगो थाना प्रभारी नित्यानंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार यह फायरिंग आपसी विवाद के कारण की गई। घटनास्थल से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। गश्त बढ़ा दी गई है। स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। पुलिस टीम रोड नंबर 9 और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। इससे दोषियों की पहचान में मदद मिल सकती है। फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। लोग अपने घरों में दुबक गए थे।

# नामकुम पावर ग्रिड में हुई लाखों की डकैती

## कर्मियों को बंधक बना दो दर्जन अपराधियों ने लूटा तांबा

**नामकुम, एजेंसी।** राजधानी रांची के नामकुम स्थित हाइटेंशन क्वाटर के समीप पावर ग्रिड में सोमवार, 14 जुलाई की रात दो दर्जन से अधिक हथियारबंद अपराधियों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। देर रात करीब 10 बजे अपराधी ग्रिड में घुसे और कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मियों व होम गार्ड के जवानों का मोबाइल लूटने के बाद जेई के कार्यालय में बंधक बनाया। इसके बाद दो से ढाई घंटे तक अपराधी ग्रिड के कंट्रोल रूम व सेंट्रल स्टोर में घुसकर चोरी करते रहे।

अपराधियों ने कंट्रोल रूम स्थित जेई कार्यालय व स्टोर सहित कुल 8 तालों को काटा। मौके पर उपस्थित कर्मियों के अनुसार चोरों ने तांबा के सामानों की चोरी की है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी मुख्यालय प्रथम अमर कुमार पांडेय , नामकुम थाना के पदाधिकारी व तकनीकी शाखा की टीम मौके पर पहुंची एवं आवश्यक जांच किया। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों ने बताया कि ग्रिड से मेन रोड रांची, टाटीसिलवे, खेलगांव सहित दर्जनों जगहों पर आपूर्ति की जाती है। गनीमत है कि अपराधियों ने ग्रिड में छेड़छाड़ नहीं किया वरना आधी रांची में अंधेरा छा जाता।

चोर ग्रिड के उत्तर दिशा में टूटे हुए दीवार से अंदर घुसे और घटना को अंजाम देने के बाद उसी रास्ते से निकल गये। उपस्थित कर्मियों ने बताया कि ग्रिड के मुख्य गेट पर होम गार्ड का जवान शिवनाथ कुमार एवं अंशेलम खाखा और टावर पर अनिल सिंह मुंडा , कंट्रोल रूम के गेट पर धन्नू कुमार राय एवं अवनीश कुमार ड्यूटी कर रहे थे। कंट्रोल रूम में अयोध्या प्रसाद, विनय करमाली, कोसलेस कुमार व लल्लू भाई पटेल मौजूद थे। हल्की बारिश हो रही थी। इसी दौरान सभी कंट्रोल रूम के गेट पर पहुंचे व पहले दोनों जवानों को उसके बाद चारों कर्मियों को अपने कब्जे में लेकर सभी का मोबाइल लूट लिया।

**कट्टा समेत अन्य हथियारों से लैस थे अपराधी :** जेई के कार्यालय का ताला काटकर सभी को बंधक बना लिया। सभी के हाथ में कट्टा, लोहे के रॉड व अन्य हथियार थे। उसके बाद सभी ने कंट्रोल रूम व स्टोर का ताला काटकर चोरी की। रात 12:30 घटना को अंजाम देने के बाद सभी को मुक्त किया और जाते समय धमकी दी की हल्ला करोगे तो बुरा अंजाम करेंगे। दो अपराधी हथियार के साथ मौजूद रहें। मोबाइल देने के बाद दोनों कंट्रोल रूम की खिड़की की शीशा तोड़कर वहां से फरार हो गये। घटना के बाद से उपस्थित कर्मी व जवान डरे हुए हैं।

**टूटे पड़े हैं दीवार, कैमरे भी खराब, सुरक्षा में बड़ी लापरवाही :** ग्रिड में चोरी की यह चौथी घटना है। बड़ा पावर ग्रिड व सेंट्रल स्टोर होने के बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं है। केवल पांच होमगार्ड जवानों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है। आर्म्स गार्ड भी नहीं है। ग्रिड के पूर्व व उत्तर दिशा की चारदीवारी वर्षों से गिरी हुई है, परंतु आजतक मरम्मत नहीं कराया गया। ग्रिड में चारों ओर झाड़ियों उगी हुई है। ग्रिड में लगें सीसीटीवी कैमरे भी खराब है। इस संबंध में पूछने पर कर्मियों ने बताया कि वज्रपात में कैमरे खराब हो गये।

**ग्रिड के पास होती है अड्डे बाजी :** जिस जगह ग्रिड है उसके पास में हाइटेंशन मैदान है जहां सुबह से लेकर देर रात तक अड्डा बाजी होता है। देर रात तक वहां असमाजिक तत्व के लोग रहते हैं। मैदान में हर रोज दर्जनों शराब ,बीयर व अन्य नशीली वस्तुएं फेंकी हुई मिलती है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अबतक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### गिरा ट्रांसफॉर्मर व पोल, कई इलाकों में घंटों बिजली गुल

**धनबाद, एजेंसी।** भूली बाइपास के समीप मंगलवार की सुबह 33 केवीए का ट्रांसफॉर्मर व पोल गिरने तथा धैया के समीप अंडरग्राउंड केबल में खराबी की वजह से लोगों को गंभीर बिजली संकट का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार भूली बाइपास के समीप पोल क्षतिग्रस्त होने से भूली के साथ नवाडीह व पॉलेटेक्निक सबस्टेशन को बिजली की सप्लाई बाधित हो गयी। जेबीवीएनएल के अधिकारियों के अनुसार मंगलवार की सुबह बिजली का पोल पहले झुका बाद में गिर गया। इससे पास में लगा ट्रांसफॉर्मर भी गिर गया। सूचना मिलने के साथ तीनों सबस्टेशन की बिजली सप्लाई बंद कर दी गयी। जेबीवीएनएल की ओर से मरम्मत कार्य शुरू किया गया। क्रेन मंगवाकर बिजली के खंभे को सीधा किया गया। बाद में पोल को जाम किया गया। बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त होने की वजह से तारों को भी नुकसान पहुंचा। बाद में तारों को बदलने का कार्य किया गया। देर रात खराबी दुरुस्त कर तीनों सबस्टेशन के संबंधित इलाकों में बिजली बहाल की गयी।

इधर, मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे धैया के समीप बिजली के अंडर ग्राउंड केबल में खराबी आ गयी। इससे धैया सबस्टेशन अंतर्गत विभिन्न इलाकों में बिजली की सप्लाई ठप हो गयी। शाम चार बजे खराबी का पता लगाकर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। क्षतिग्रस्त केबल को बदल नया लगाया गया। देर रात खराबी दुरुस्त कर धैया सबस्टेशन से संबंधित इलाकों में बिजली सप्लाई शुरू की गयी। इस दौरान धैया से लेकर बरटांड़, लोहारकुल्ही समेत अन्य इलाकों में रहने वाले उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

लगातार हो रही बारिश से जेबीवीएनएल के उपकरणों में खराबी आने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा।

### बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का झारखंड में दिखेगा असर, कई जिलों में बारिश की चेतावनी

**धनबाद, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर सक्रिय होने से मंगलवार को पूरे दिन रुक-रुक कर वर्षा होती रही। मानसून सीजन में अब तक 605.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड वर्षा दर्ज हो चुकी है।

मानसूनी बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम केंद्र रांची से 17 जुलाई तक धनबाद समेत राज्य के ज्यादातर हिस्से में बारिश की चेतावनी जारी की है। धनबाद में येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान आंधी व आसमानी बिजली गिरने की संभावना जताई है। जुलाई के पहले पखवाड़े में अब तक हर दिन बारिश हुई है। लगातार बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। बारिश की गतिविधि बढ़ने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर पहुंच गया। बारिश का दौर जारी रहने से अगले दो दिनों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है।अगले कुछ दिनों के दौरान जामताड़ा समेत आसपास के इलाके में मौसम के मिजाज में बदलाव देखने को मिलेगा।

अगले पांच दिनों के दौरान जामताड़ा व आसपास के इलाके में मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। मौसम में बदलाव की वजह से पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। अधिकतम व न्यूनतम पारे का तापांतर तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जाएगा। हवा 12 से 19 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।

# टला बड़ा हादसा, बसकटवा-यदुग्राम के बीच भूस्खलन से रेल सेवा प्रभावित, रातभर चला राहत कार्य

**कोडरमा, एजेंसी।** झुमरी तिलैया पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अंतर्गत आने वाले कोडरमा रेलवे सुरक्षा बल के तत्पर प्रयासों से एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गयी। क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बसकटवा और यदुग्राम स्टेशन के बीच स्थित किलोमीटर संख्या 420/02 पर कल मंगलवार की देर रात भूस्खलन हो गया। इसके बाद से डाउन रेल पथ पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित हो गया है।

कल रात 10:40 बजे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सामान्य नियंत्रण कार्यालय धनबाद ने घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सभी राहत शिविर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को उनके स्थानों पर वर्दी में मुस्तैद रहने और स्थिर खड़ी कोचिंग रेलगाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रेल सुरक्षा बल के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार तथा उनके सहयोगी कर्मचारियों के साथ-साथ गझंडी क्षेत्र के सहायक मंडल अभियंता, रेल पथ निरीक्षक, कार्य निरीक्षक, तथा बिजली करण शाखा के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे।

घटनास्थल पर पहुंची विद्युत शाखा की टीम ने रात 12:12 बजे से 12:30 बजे तक स्थल का निरीक्षण कर रेल पथ को सुरक्षित चलने योग्य प्रमाणित किया। अप रेल पथ का परिचालन पहले से ही सामान्य था। घटनास्थल पर पहली रेलगाड़ी संख्या 13010 को रात्रि 1 बजे पर डाउन पथ से सुरक्षित रूप से निकाला गया, और प्रातः 3 बजे तक सभी कार्य पूर्ण कर लिए गये।

घटनास्थल और उसके आसपास के क्षेत्र में लगातार भारी वर्षा हो रही थी, जिससे राहत कार्य में परेशानियां हुई, परंतु सभी विभागों ने मिलकर रात भर चले अभियान में तत्परता और समर्पण के साथ कार्य किया। रेल प्रशासन ने बताया कि गझंडी के सहायक मंडल अभियंता, पथ निरीक्षक, और उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहे और निरंतर निगरानी व मार्गदर्शन में कार्य हुआ।

**चतरा के प्लस टू गर्ल्स स्कूल में हिजाब विवाद**

# छात्राओं ने लगाया मारपीट का आरोप

**कोडरमा, एजेंसी।** चतरा जिले के मारवाड़ी मोहल्ला स्थित प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल में हिजाब पहनने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। छात्राओं ने हिजाब पहनने से रोकने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए स्कूल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। छात्राओं का कहना है कि प्रिंसिपल नीतू प्रजापति, शिक्षिका पल्लवी सीमा किरण और शिक्षक रविंद्र कुमार ने हिजाब पहनने पर उनके साथ मारपीट की। कई छात्राएं घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग स्कूल पहुंच गए। उन्होंने आरोपित प्रिंसिपल को हटाने की मांग की, जिससे स्कूल में तनाव का माहौल बन गया।

प्राचार्या नीतू प्रजापति ने छात्राओं के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में किसी तरह का धार्मिक भेदभाव नहीं होता। विवाद स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान हुआ, जिसका गलत मतलब निकाला जा रहा है। उन्होंने सच्चाई सामने लाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) जहूर आलम और सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्राओं और अभिभावकों को शांत कराया और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

**अस्पताल में बंद कमरे में छात्राओं से पूछताछ :** सदर अस्पताल में एक बंद कमरे में छात्राओं से विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ में कई छात्राओं ने बताया कि शिक्षक रविंद्र कुमार उन्हें ÷दूसरे देश का÷ कहकर बुलाते हैं। वहीं, शिक्षिका किरण पर आरोप है कि वह कई बार हिजाब छीनकर फेंक चुकी हैं और हिजाब न हटाने पर टीसी काटने की धमकी देती हैं।

**जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई : एसडीओ :** एसडीओ जहूर आलम ने बताया कि शुरुआती जांच में स्कूल में किसी तरह का स्पष्ट भेदभाव नहीं पाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# झारखंड में चलेगा 'मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण' अभियान, दिसंबर तक होगा मूल्यांकन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से 'मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के तहत दिसंबर 2025 तक राज्य के 35 हजार विद्यालयों के लगभग 8 लाख बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों के अनुरूप झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के पहले चरण में 1056 विद्यालयों का चयन किया गया है। मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए मास्टर ट्रेनर्स और चक्रक्की टीम को जिम्मेदारी दी गई है।

इस कार्यक्रम के दो प्रमुख घटक 'मेरा विद्यालय निपुण' और 'मैं भी निपुण' हैं। विद्यालयों का मूल्यांकन 13 संकेतकों के आधार पर किया जाएगा। जिसमें शिक्षण अधिगम सामग्री, शिक्षकों की जागरूकता, कक्षा संचालन, बाल साहित्य का उपयोग और सामुदायिक भागीदारी जैसे बिंदु शामिल हैं।

75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्कूलों को 'निपुण विद्यालय' का दर्जा मिलेगा और उन्हें स्वर्ण, रजत या कांस्य श्रेणी में प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

वहीं 'मैं भी निपुण' श्रेणी के तहत कक्षा 2 और 3 के बच्चों का भाषा (हिंदी व अंग्रेजी) और गणितीय कौशल में मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक विषय में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों को 'मैं भी निपुण' प्रमाणपत्र मिलेगा और वे स्वस्थ चैंपियनशिप के लिए सीधे चयनित होंगे।

# रिम्स की नर्सिंग छात्रा का नहाते हुए वीडियो बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में बीएससी नर्सिंग की छात्रा की नहाते समय वीडियो बनाने का एक मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वीडियो बनाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक का नाम मनीष कुमार उर्फ लिलूवा बताया गया है।घटना कल गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे की है। छात्रा रिम्स में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, जोड़ा तालाब स्थित उसी मोहल्ले में छात्रा के पड़ोस में किराये पर रह रहा था। जानकारी के अनुसार पीड़िता जब बाथरूम में नहा रही थी, उसी दौरान आरोपी ने खिड़की का शीशा हटाकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। छात्रा को इस हरकत का आभास होते ही उसने शोर मचाया, जिसके बाद युवक मौके से भाग निकला।

मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत बरियातू थाना को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और फरार आरोपी के पिता को हिरासत में लिया। पिता के कहने पर युवक रात में खुद थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और पिता को छोड़ दिया गया।

# भारी बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ पलामू , कई जगहों पर भरा पानी, स्कूलों में छुट्टी, सड़कों पर मछली पकड़ते दिखे लोग

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। शहर से लेकर गांव तक हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। लगातार बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कोयल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। शहर की नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा है, जिससे यातायात ठप हो गया है। कई मकानों में पानी घुस चुका है, जिससे लोगों का सामान भीग गया है। जीवन यापन मुश्किल हो गया है।

**तालाब का पानी ओवरफ्लो, सड़क पर मछलियां :** शहर के नावाटोली तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगा है। इस बहते पानी के साथ मछलियां भी सड़क पर आ गई हैं। स्थानीय लोग इस अनोखी स्थिति का लाभ उठाते हुए सड़क पर ही जाल लगाकर मछलियां पकड़ते देखे जा रहे हैं। यह नजारा लोगों के लिए रोमांच का विषय बना हुआ है।

पुलिस लाइन रोड के मेजर मोड़ के पास पानी की तेज धार बह रही है, जिससे वहां से गुजरना खतरनाक हो गया है। वहीं, रेलवे अंडरपास पूरी तरह से पानी में डूब चुका है, जिससे रेल यातायात पर भी असर पड़ा है। जिला मुख्यालय समेत कई इलाकों में जलजमाव से जनसुविधाएं ठप हो गई हैं।

**कई स्कूलों में हुई छुट्टी :** भारी बारिश को देखते हुए डीएवी, हेरिटेज समेत कई निजी स्कूलों ने छुट्टी की घोषणा कर दी है। कुछ स्कूलों ने नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई स्थगित कर दी है। बच्चों और अभिभावकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है। कई कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है। कुछ घरों की दीवारें गिरने की खबरें भी मिली हैं। खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 16-07-2025 21:52 Page 1



# बाढ़ के पानी से कई सड़कें हुई क्षतिग्रस्त

## गांव में पानी घुसने से जनजीवन अस्त व्यस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** बिहार व झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में लगातार दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण मुहाने नदी और निरंजना नदी उफान पर है। मुहाने नदी में जल स्तर बढ़ने से कई गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ के पानी के कारण किसानों के खेतों में लगी फसल व सब्जियां बर्बाद हो गई है। छाछ, बतसपुर और घुंघरिया गांव में बाढ़ की पानी घुसने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बतसपुर गांव के एक टोले में रहने वाले कुछ महादलित परिवार अब भी वहां फंसे हुए हैं, ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार से लगातार हो रही बारिश के कारण हमलोगों की परेशानी एक बार फिर बढ़ गई है। स्थिति है कि टोले में अधिक बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने के कारण गांव के रामदेव मांझी, झबर मांझी और कारू मांझी अब भी फंसे हुए है, इसके अलावा बतसपुर छाछ में कई जगह सड़कें भी टूट गई है। सड़क टूटने के कारण लगभग दो दर्जन गांव के लोगों का आवागमन बाधित हों गया है। मंगलवार की रात नदी में बाढ़ आने के बाद पूरे गांव में पानी भर आया।

बुधवार को बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने गए सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव बोधगया पहुंचे और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया, इस दौरान बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ को सूचित किया। मौके पर एसडीआरएफ का एक दल बोधगया पहुंचा और बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को बाहर निकाला। बाढ़ से पीड़ित बतसपुर के ग्रामीणों ने बताया कि नदी में बनाए गए डैम के प्रेशर से मोराटाल पैन में पानी भर जाता है, जिसके कारण बार बार हमलोग के गांव में पानी प्रवेश कर जाता है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि बनाए गए डैम के पहले अगर एक और डैम का निर्माण हो जाएगी, तो बाढ़ का पानी गांव में नहीं प्रवेश करेगा।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दौरान इस गांव में पहुंचे थे। भरे मंच से उन्हेंने इस गांव का विकास करने का आश्वासन दिया था और पुल के पहले नदी में एक और बांध बनवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक इस नदी पर बांध नहीं बना।

## मुन्ना भाई गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** बीबी कालेजियट स्कूल में बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) ग्रेड-3 की आयोजित परीक्षा में दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देने आए एक युवक को नगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परीक्षा में एडमिट कार्ड में लगे तस्वीर से फोटो मिलान करने पर उसका चेहरा नहीं मिला। इसके बाद केंद्राधीक्षक ने युवक को नगर थाने की पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। पूछताछ में आरोपित की पहचान वैशाली जिले के राजापाकर के संतू कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने दोस्त वैशाली के विदुपुर निवासी सुधांशु कुमार की जगह परीक्षा देने आया था। उसने पुलिस को बताया कि वह दोनों पटना के मुसल्लहपुर हाट में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते थे। दोनों रूम पार्टनर भी है। संतू ने पुलिस को बताया कि सुधांशु ने ही उसे एडमिट कार्ड देकर परीक्षा देने सेंटर पर भेजा था। नगर थानाध्यक्ष शरत कुमार ने बताया कि आरोपित युवक के नाम-पता का सत्यापन कर उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025" का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज नगर भवन में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रॉची के तत्वाधान में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 का आयोजन किया गया। जिला परिषद, अध्यक्ष, मुनिया देवी, अनुमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह, श्रीकांत यशवंत विस्पुटे, जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह मो० इमरान फारूकी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर रोजगार मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। रोजगार मेला में भारी संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों ने भाग लिया।

रोजगार मेला में कुल 25 प्रतिष्ठान/संस्थानों ने भाग लिया। जिसमें से विभिन्न संस्थानों द्वारा कुल-107 अभ्यार्थियों को अंतिम रूप से चयनित करते हुए ऑफर लेटर प्रदान किया गया एवं अन्य 20 नियोजकों द्वारा कुल - 260 अभ्यार्थियों को शार्ट लिस्टेड किया गया है। जिन्हें लिखित परीक्षा/साक्षात्तकार के पश्चात अंतिम रूप से चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया जायेगा इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को बेहतर से बेहतर रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जिले में बड़ी-बड़ी कंपनियों के द्वारा जिले के युवाओं को चिन्हित कर रोजगार मुहैया कराया जा सके। जिससे कि उनका भविष्य बेहतर हो सके। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनको रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। रोजगार सृजन मेले से आज सैकड़ों युवक झ युवतियां अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर लौटेंगें। लेकिन,वैसे अभ्यर्थी जिनका किसी कारण चयन नहीं हो सका,वह निराश नहीं होंगे। पुनः रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ज्यादा से ज्यादा युवाओं/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रयासरत है। जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि जिले के हुनरमंद युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया जा सके। स्थानीय युवक/युवतियों के द्वारा विशेष रुची दिखाई गई। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि बेरोजगारों के हित में भविष्य में भी रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज पवन कुमार की अदालत ने सात वर्षीय अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी रांची रोड रेडमा निवासी विजय तिवारी को पोक्सो एक्ट की धारा छह में 25 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा व 30 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं पोक्सो एक्ट की धारा 10 में सात वर्ष की सजा व पांच हजार रुपए अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर पांच माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। भारतीय दंड विधान की धारा 363 में सात वर्ष की सजा पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर पांच माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ- साथ चलेगी। इस संबंध में डालटनगंज शहर थाना अंतर्गत जीएलए कॉलेज कचरवा निवासी सुरेश कुमार (बदला नाम) ने शहर थाना के रांची रोड रेड़मा स्थित समदा आहार निवासी विजय तिवारी के विरुद्ध शहर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। शहर थाना कांड संख्या 178/2023, तिथि 6 मई 2023 को भारतीय दंड विधान की धारा 376 व लैंगिग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 व 8 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्त पर आरोप था कि दिनांक 6 मई 2023 की शाम में केस की पीड़िता के पिता अपना घरेलू सामान लेने के लिए अपने कचरवा स्थित ससुराल के बगल के दूकान पर गए थे। वापस लौटे तब वह अपनी बेटी को घर में नहीं पाया। उसे वे खोजने लगे। पीड़िता के माता ने बताया कि वह पड़ोस के बच्चों के साथ बाहर खेल रही है। तब सूचक बाहर खेल रहे बच्चों से पीड़िता के संबंध में पूछताछ किया। उन लोगों ने बताया कि विजय तिवारी यानी अभियुक्त पीड़िता के बगल में बन रहे नए मकान में उनके बेटी को ले गया है। इसके बाद पीड़िता के माता उन बच्चों के साथ उस मकान में गए। पीड़िता को आवाज देकर खोजने लगे। तब पीड़िता रोते हुए बाहर आई। सूचक व उसकी पत्नी ने पीडिता से रोने का कारण पूछा तब पीड़िता ने बताया कि उसे मोबाइल दिखाते हुए बुलाकर विजय तिवारी मकान के अंदर ले गए। जमीन पर पटक दिया व उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे पीड़िता के सिर, पीठ व पेट में दर्द हो रहा था। इसके कारण वह रो रही थी। पीड़िता को मेडिकल जांच में गुप्तांग पर जख्म पाया गया था । अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए विजय तिवारी को पोक्सो एक्ट की धारा 6 में 25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा व 30 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है ।

## दोस्त ने दोस्त को मारी गोली, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज।** काराकाट थाना क्षेत्र के मंगरा गांव में बुधवार की सुबह 7 बजे दो दोस्त मिलकर एक दोस्त को गोली मार दी है। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया है। जख्मी का इलाज बनारस के एक निजी क्लिनिक में चल रहा है। घटना की सूचना पाकर पुलिस वहां पहुंच कर घटना स्थल से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया है।

वहीं घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बनारस से गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मगरा निवासी स्व सुनील यादव के 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार को उसके दोस्त व स्व योगेंद्र यादव के पुत्र रितेश कुमार उर्फ बाघवा और एक अन्य ने मिलकर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

परिजन जख्मी युवक को आनन फानन में बिक्रमगंज के करुणा अस्पताल में ले गए। लेकिन चिकित्सक के अनुपस्थिति के कारण तत्काल उसे बनारस ले गए। बनारस एक निजी क्लिनिक जख्मी युवक का इलाज हो रहा है।

# थोक दवा व्यवसायियों का आंदोलन जारी, दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के पूर्व निर्धारित आंदोलन के दूसरे दिन बुधवार को सभी थोक दवा विक्रेता अपनी दुकानों में ताले लगाकर चाभी के साथ ड्रग इंस्पेक्टर से वार्ता के लिए उनके कार्यालय पहुंचे। लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय में उपस्थित नहीं थे।

जिले के थोक दवा विक्रेता केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के बैनर तले ड्रग इंस्पेक्टर का इंतजार करते रहे। फेडरेशन के तत्वाधान में सभी दवा के थोक विक्रेता धरना पर बैठ गए। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष रमेश शुक्ला व संचालन फेडरेशन के सचिव अमिताभ मिश्रा ने किया। लगभग 5 घंटे तक चले धरना कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन के संरक्षक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि फेडरेशन का पिछले कई दिनों से आंदोलन चल रहा है। इसके तहत 15 जुलाई को सभी दवा व्यवसायियों ने काला बिला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर के साथ संवाद कार्यक्रम था। परन्तु उनके कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण संवाद कार्यक्रम नहीं हो सका। मौके पर फेडरेशन अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने कहा कि आंदोलन क्रमबद्ध व शांति पूर्वक तरीके से जारी रहेगा। सभी थोक दवा व्यवसायियों ने अपने -अपने दुकानों को 5 घंटे के लिए बंद रखा। सचिव अमिताभ मिश्रा ने कहा कि फेडरेशन अभी भी औषधि नियंत्रण प्रशासन के साथ बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे हैं। यदि उनकी मांगों को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया तो आंदोलन और तेज होगा । मौके पर संघ के संरक्षक सतीश तिवारी, किशोर जैन, सुरेंद्र अग्रवाल, जवाहर अग्रवाल, बिकी अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, चंद्र शेखर तिवारी, मोनू अग्रवाल, नागेंद्र जसवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, हनी सिन्हा, जितेन्द्र कुमार, प्रिंस सांवरे, मनोज सिन्हा, पवन कुमार सहित सैकड़ों दवा व्यवसायी मौजूद थे।

### पीसीडीए का आह्वान टांय-टांय फिस

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय के मनाही के बावजूद पलामू जिला मुख्यालय के अधिकतर थोक दवा व्यवसायियों ने अपनी दुकानों को बंद रखा। साथ ही पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के आंदोलन में शारीरिक हुए। इस तरह पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का आह्वान टांय-टांय फिश साबित हुआ। बताते चलें कि पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन व्यक्तिगत लाभ के लिए बुधवार को दुकान बंद करने की घोषणा की है। उन्होंने स्पष्ट कहा की पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से किसी तरह की बंदी नहीं बुलाई गई है। कुछ लोग बुधवार की बंदी को ले भ्रांति फैला रहे हैं। इससे भ्रम की स्थिति हो गई है। इसलिए वे मीडिया के माध्यम से लोगों को अगाह कर रहे हैं। लेकिन उपाध्याय के आह्वान का थोक दवा व्यवसायियों ने एक न सुनी।

## संस्कृति बोध ज्ञान महाअभियान पखवाड़ा का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में बुधवार को संस्कृति बोध ज्ञान- महाअभियान पखवाड़ा का उद्घाटन हुआ। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्या भारती द्वारा आयोजित एक प्रतिष्ठित परीक्षा है जो छात्रों को भारतीय संस्कृति,नैतिक मूल्यों और ज्ञान-विज्ञान से परिचित कराने के लिए आयोजित की जाती है।

## 70 वर्षीय मल्हार बिरहोर को नहीं मिल रही वृद्धा पेंशन, गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव हजारीबाग।** प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के सतबहिया बिरहोर कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय मल्हार बिरहोर को आज तक एक बार भी वृद्धा पेंशन नहीं मिला है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे मल्हार ने पत्रकारों के माध्यम से सरकार और प्रशासन से पेंशन दिलवाने की अपील की है।

मल्हार बिरहोर ने बताया कि उनकी उम्र 70 साल से अधिक हो चुकी है, लेकिन आज तक वृद्धा पेंशन का लाभ नहीं मिला। उन्होंने सरकार और प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि हम बिरहोरों पर कोई ध्यान नहीं देता। मैं बूढ़ा हो चुका हूँ, काम नहीं कर सकता, पेट पालना मुश्किल हो गया है।

ज्ञात हो कि अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के पुरुषों को 50 वर्ष की उम्र से ही पेंशन देने का प्रावधान है, बावजूद इसके मल्हार बिरहोर अब तक इस योजना से वंचित हैं। स्थानीय प्रशासन से मामले की गंभीरता को समझकर शीघ्र समाधान की मांग की जा रही है।

## कांग्रेस की बैठक

**हजारीबाग।** आगामी 21 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के हजारीबाग आगमन के मद्देनजर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की, जिसमें जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों ने भाग लिया। इस बैठक में संगठन सृजन 2025 के अंतर्गत जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए रणनीति तय की गई। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को 21 जुलाई को होने वाली प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और प्रखंड प्रवेक्षकों की ट्रेनिंग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी, जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तिवारी, सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह, परवेज अहमद, जावेद इकबाल समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**पदमा (हजारीबाग)।** सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के तीसरे चरण का भव्य शुभारंभ बुधवार को पदमा प्रखंड के गरवा स्थित विवेकानंद फुटबॉल मैदान में हुआ। उद्घाटन समारोह में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया।

इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से यह टूनामेंट शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन अब जिले के सभी 22 प्रखंडों में किया जा रहा है। उन्होंने इसे युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल बताया। वहीं विधायक मनोज यादव ने युवाओं से खेल से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि नशा छोड़कर मैदान में आने वाले युवा ही समाज और देश के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** योजना में तेजी लाएं, ज्यादा से ज्यादा योग्य बच्चों का चयन कर इसका लाभ दें यह योजना बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है

गिरिडीह। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं मईया सम्मान योजना, स्पॉन्सरशिप योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, बाल संरक्षण पदाधिकारी, चाइल्ड यूनिट के कर्मी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने उपायुक्त को पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना (एनएफबीएस), मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन व विधवा पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभुकों को दिये जा रहे लाभ की जानकारी दी। उपायुक्त ने नियमित रूप से लाभुकों को पेंशन के लाभ से लाभान्वित करने तथा बचे हुए लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने स्पॉन्सरशिप योजना के तहत जिले में बच्चों को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ हर जरूरतमंद बच्चा को मिलें, यह सुनिश्चित करें। इसका प्रचार प्रसार भी कराएं। इसके अलावा उपायुक्त ने इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अधिक बच्चों को इसके दायरे में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे और किसी भी बच्चे को योजना से वंचित न किया जाए। उन्होंने मईया सम्मान योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा निर्धारित तिथि के अनुरूप मईया सम्मान योजना का लाभ पात्र लाभुकों को देने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मईया योजना के पोर्टल में सुधार का कार्य जल्द कराएं।

## नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष की वीडियो कॉन्फ्रेंस आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** राजद के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का 17 जुलाई को गिरिडीह जिले का नया जिला अध्यक्ष बनाए जाने के उपलक्ष्य में नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष जनाब इरफान आलम का नए परिषदन भवन गिरिडीह में वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव गिरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव इनामुल हक राजद के जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव, युवा राजद के नगर अध्यक्ष बिट्टू शुक्ला, युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार चौधरी, जमुआ प्रखण्ड अध्यक्ष लालबेग अंसारी सचिव ललन यादव, महिला मोर्चा अध्यक्षा सुनीता देवी, जमुआ के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर मंडल देवरी प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा, वरिष्ठ साथी सुखदेव हाजरा, तिसरी प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यनारायण यादव वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव, वरिष्ठ साथी राजकुमार यादव, पूर्व अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, मुमताज अंसारी, संगम यादव, मोहम्मद जाकिर हुसैन अंसारी, सहित जिले के सभी प्रखण्ड अध्यक्ष सचिव एवं सभी सम्मानित सदस्य मौजूद रहेंगे।

# उत्साह के साथ मनाया गया ब्लू डे और रेनी डे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** बीएनएस डीए वी पब्लिक स्कूल बुलाकी रोड, में ब्लू डे और रेनी डे का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 2 तक के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में रेन डांस का आयोजन भी हुआ, जिसमें बच्चों ने बारिश का आनंद लेते हुए खूब मस्ती की। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए मोर, ऑक्टोपस, तितली और छाता (अम्ब्रेला) जैसे सुंदर क्राफ्ट भी बनाए , सभी बच्चों ने रेनकोट पहनकर डांस किया।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री योगेश्वर शर्मा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। हमें अपने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ इन गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पूरे स्कूल में नीले रंग की खूबसूरती और बारिश के मौसम का माहौल एक साथ देखने को मिला। सभी शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था।

# दुर्गम रास्तों से पुरनपनियां गांव पहुंचे उपायुक्त

## विकास योजनाओं का किया निरीक्षण, गांव को दी सड़क की सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को इचाक प्रखंड के आदिवासी बहुल सुदूरवर्ती गांव पुरनपनियां (पंचायत - डाडीघाघर) का भ्रमण किया। यह गांव कठिन भू-भौगोलिक परिस्थितियों और वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण वर्षों से सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का आभाव रहा है।

ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित समाचार माध्यमों से प्राप्त सूचना को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संवेदनशीलता का परिचय दिया एवं स्वयं दुर्गम रास्तों से होते हुए गांव पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर सड़क, पेयजल, शिक्षा व अन्य बुनियादी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने वन क्षेत्र में सड़क निर्माण से संबंधित अड़चनों के निराकरण हेतु वन्य जीव प्रमंडल के डीएफओ सूरज कुमार के साथ चर्चा की एवं आवश्यक समन्वय बनाकर शीघ्र समाधान निकालने पर वार्ता हुई। साथ ही उन्होंने की सड़क निर्माण के लिए लेआउट को ध्यान में रखते हुए एस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया।

इस दौरान उपायुक्त ने गांव के मुखिया और ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन की बात कही।

उन्होंने कहा कि ₹जिले के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उपायुक्त ने इचाक प्रखंड के भ्रमण के दौरान जन वितरण प्रणाली की दुकानों, अबुआ आवास,आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में उपलब्ध मिड डे मील की गुणवत्ता एवं बच्चों की उपस्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय में संधारित शिशु पंजी,मिड डे मील का रजिस्टर का आदि की जांच की।

संथाली बहुल क्षेत्र होने की वजह से प्रधानाध्यापक को हिंदी से संथाली भाषा रूपांतरण की किताब विद्यालय में रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विधालय में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 24 घंटे के अंदर इनवर्टर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों के पोषण और शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही न हो। मौके पर उपायुक्त ने अध्ययनरत बच्चों से संवाद भी किया।

उपायुक्त ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गतीकरण में गति लाने के लिए जिला समन्वयक पंचायती राज को जिला स्तर पर पंचायत सचिवों को व्यापक प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।अबुआ आवास योजना के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने आवास की द्वितीय किश्त की राशि के भुगतान करने तथा आवास के जियो टैगिंग पर गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया।

जन वितरण प्रणाली की दुकान के निरीक्षण के क्रम में राशनों के वितरण, माप तौल एवं फोटीर्फाइड चावल की भी स्थिति की जांच की। उन्होंने नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर मृत लाभुको के नाम को विलोपित करते हुए नए लाभुकों को राशन कार्ड में जोड़ने की प्रक्रिया पर जोर देने का निर्देश दिया।

आज के भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने पदमा प्रखंड स्थित ऐतिहासिक पदमा किला का भी भौतिक निरीक्षण किया। हाल ही में पदमा किला को विनोबा भावे विश्वविद्यालय,हजारीबाग को हस्तांतरण करने के कार्य को प्रक्रियाधीन किया गया है।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भवन को विश्वविद्यालय हेतु उपयुक्त पाया। पदमा किला को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विस्तारित रूप में उपयोग में लाया जाएगा। इस दौरान रजिस्ट्रार, फाइनेंस ऑफिसर व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने किले के भवन की संरचना का अवलोकन किया तथा इसके संरक्षण व उपयोग के लिए रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की।

उपायुक्त के भ्रमण कार्यक्रम में जिला प्रशासन के आला अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# डीआईजी ने पौधारोपण कर दिया हरियाली का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने थानों को केवल प्रशासनिक इकाई नहीं बल्कि हरियाली व स्वच्छता के प्रतीक के रूप में विकसित करें। कहा कि बरसात के मौसम का पूरा उपयोग करते हुए सभी थाना, पोस्ट व पिकेट परिसर को हरा-भरा व सुंदर बनाएं। डीआईजी ने इसे जिम्मेदारी के साथ-साथ एक रचनात्मक पहल बताया। इसमें सभी थाना प्रभारी सकारात्मक भूमिका निभाएं।

डीआईजी ने स्पष्ट किया कि जिन परिसरों में पौधारोपण व स्वच्छता के अच्छे उदाहरण मिलेंगे, वहां के थाना प्रभारियों को प्रोत्साहित व सम्मानित किया जाएगा। वहीं जहां सुधार की जरूरत है, वहां सहयोगात्मक रवैये के साथ मार्गदर्शन दिया जाएगा। डीआईजी ने कहा कि किसी को दंडित करने की बजाय सबको साथ लेकर सकारात्मक बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के कार्यक्षेत्र के अधीन) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं. 96_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन कंक्रीट बफर का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.81,57,986.03, **बयाना राशि:** रु.1,63,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधि:** 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.07.2025 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-194/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.

# एक करोड़ रोजगार देने की घोषणा को लेकर तेजी से कार्य कर रहा श्रम संसाधन विभाग : मंत्री

## राज्य की आर्थिक उन्नति में भी नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला सहायक : मंत्री नितिन नबीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार और निजी क्षेत्र के माध्यम से बड़े स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री द्वारा आगामी 5 वर्षों में 1 करोड़ रोजगार देने की घोषणा की गई है जिसे धरातल पर उतारने के लिए श्रम संसाधन विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। यह बातें श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कही। वे अवर प्रादेशिक नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, पटना द्वारा ज्ञान भवन में आयोजित एक दिवसीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला-2025 को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्यभर में 25,951 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 69,039 तक पहुंच गया है। अब तक 22,449 युवाओं को वर्तमान वर्ष में नियोजन की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि नियोजन मेलों के साथ-साथ पूरे राज्य में जॉब कैम्प का आयोजन भी नियमित रूप से किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में 31,784 युवाओं को जॉब कैम्प के माध्यम से रोजगार मिला। 2024-25 में यह संख्या 19,958 रही और अब तक 4,861 युवाओं को इस वर्ष रोजगार मिल चुका है। आज भी 4000 से अधिक युवा इस मेले में शामिल हो रहे है। रोजगार मेले का उद्घाटन श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, सचिव, श्रम संसाधन विभाग दीपक आनंद एवं निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण सुनील कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के रोजगार मेलों से बिहार के युवाओं को राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में करियर की संभावनाएं मिल रही हैं। यह पहल न सिर्फ युवाओं के भविष्य को गढ़ती है बल्कि राज्य की आर्थिक उन्नति में भी सहायक बनती है। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा युवाओं को बाजार आधारित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा कौशल विश्वविद्यालय, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे संस्थानों की स्थापना कर युवाओं को हुनरमंद बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग की दो योजनाएं -नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम और नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत चयनित युवाओं को स्टडी किट और टूल किट प्रदान की जा रही है। वर्ष 2024-25 में अब तक 86 स्टडी किट और 22 टूल किट अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा वितरित किए जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2436 स्टडी किट और 1666 टूल किट जबकि 2024-25 में अब तक 2785 स्टडी किट और 829 टूल किट युवाओं को दिए गए हैं। गौरतलब है कि आज ज्ञान भवन में आयोजित रोजगार मेले में 30 से अधिक निजी कंपनियों ने भाग लिया जो ऑटोमोबाइल, इंश्योरेंस, हॉस्पिटैलिटी, सेल्स और मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों से थीं जिन कंपनियों ने प्रतिभागियों को आकर्षित किया उनमें होटल मौर्य, होटल चाणक्या, मेदांता, उर्मिला इंटरनेशनल सर्विसेज प्रा. लि. और कलसी बिल्डकॉन प्रमुख थीं। यह मेला युवाओं के लिए न सिर्फ रोजगार का अवसर रहा, बल्कि उन्हें अपने करियर की दिशा निर्धारित करने हेतु व्यावसायिक मार्गदर्शन का एक सुनहरा मंच भी मिला। आयोजन की सफलता से यह स्पष्ट है कि बिहार सरकार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस अवसर पर राजीव रंजन (उप निदेशक, मुख्यालय), अमृता कुमारी (उप निदेशक, पटना प्रमंडल), श्याम प्रकाश शुक्ल (उप निदेशक, मुख्यालय) एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नूर अहसन (सहायक निदेशक, नियोजन), अंकित राज (सहायक निदेशक, नियोजन), अनीश तिवारी (नियोजन पदाधिकारी), जिला कौशल प्रबंधकगण और नियोजनालय कर्मियों के संयुक्त प्रयास से हुआ।

# गौरव वर्मा ने हजारों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों मुजफ्फरपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गौरव वर्मा ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि गौरव वर्मा के आगमन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। गौरव वर्मा ने हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और आम लोगों के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को अपनाया है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गौरव वर्मा के एक अन्य साथी सहित हजारों समर्थकों को भी पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सदस्यता ग्रहण करने के बाद गौरव वर्मा ने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। देश के सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर चलने में कांग्रेस ही सक्षम है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को सशक्त करने में अपना समय और ताकत लगाऊंगा। सदस्यता कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा ने किया।

# अब बिहार सीधा गुजरात से ऑपरेट हो रहा : लालू प्रसाद यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक देख अब बयानबाजी की जगह एआई आधारित डिजिटल युद्ध शुरू हो गया है। एआई के माध्यम से नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप एवं व्यंग्यात्मक हमलों का दौर जोर पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए एक तस्वीर के साथ हमला बोला है। लालू यादव के सोशल मीडिया से किये पोस्ट में नीतीश कुमार को कठपुतली की तरह दिखाया गया है। नीतीश कुमार की डोर को एक ओर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा खींच रहे हैं तो एक ओर से सम्राट चौधरी के हाथों में डोर है। वहीं बीच में मुख्य डोर को नरेंद्र मोदी अपने हाथों से खींच रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया है - 'अब बिहार सीधा गुजरात से ऑपरेट हो रहा है। दरअसल, नीतीश कुमार को लेकर राजद की ओर से लगातार दावा किया जा रहा है कि उन पर भाजपा ने कब्जा कर लिया है। नीतीश कुमार की तबीयत ठीक नहीं होने का दावा करते हुए राजद नेताओं ने कई मौकों पर कहा है कि भाजपा ने पूरी तरह से उन्हें अपने शिकंजे में ले रखा है। अब उसी कड़ी में लालू यादव की ओर से नीतीश कुमार को कठपुतली दिखाते हुए उनकी डोर को भाजपा द्वारा खींचे जाने का तंज किया है। साथ ही 'अब बिहार सीधा गुजरात से ऑपरेट हो रहा है' का दावा किया है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब एआई वाली तस्वीरों के साथ लालू यादव ने नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया है। 14 जुलाई को भी एक पोस्ट में लालू यादव की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पीएम मोदी की तस्वीरों के साथ दिखाया गया था कि बिहार में अपराध चरम पर है और पीएम मोदी अपनी सरकार बचाकर बिहार को सता रहे हैं।

# गोल संस्थान द्वारा 'नीट कैसे पास करें' विषय पर सेमिनार, छात्रों और अभिभावकों में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए गोल संस्थान द्वारा बुधवार को एएन कॉलेज, पटना के प्रेक्षागृह में 'नीट कैसे पास करें' विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित हुए। सभी ने विशेषज्ञों से परीक्षा की तैयारी के तरीके और सफलता के सूत्र सीखे। सेमिनार में गोल संस्थान के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई विद्यार्थी पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहकर पढ़ाई करे तो मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास करना कठिन नहीं है। सहायक निदेशक रंजय सिंह ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, विषयों के सही चयन, अध्ययन की योजना और प्रतियोगिता की वर्तमान प्रवृत्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही रणनीति और सूझबूझ के साथ कठिन से कठिन लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। अन्य वक्ताओं में शोध और विकास प्रमुख आनंद वत्स, शैक्षणिक प्रमुख गौरव सिंह और नीट 2025 में सफल रहे गोल के विद्यार्थी आदित्य धनराज शामिल थे। इन सभी ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए उपयोगी तकनीक, स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली और कार्य संतुलन बनाए रखने के सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में गोल परीक्षा श्रृंखला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल पढ़ाई की दिशा में मार्गदर्शन देने वाला रहा, बल्कि मानसिक और रणनीतिक रूप से उन्हें मजबूत बनाने में भी सहायक सिद्ध हुआ। गोल संस्थान ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह केवल पढ़ाई कराने वाला संस्थान नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# कृषकों के हित में केंद्र सरकार का सराहनीय निर्णय : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बायोस्टिमुलेंट्स (जैव उत्प्रेरक) और नैनो उर्वरकों की अनियमित एवं जबरन बिक्री पर कड़ा रुख अपनाने के निर्णय का स्वागत किया। श्री सिन्हा ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हितों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने बताया कि श्री चौहान द्वारा राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भेजे गए पत्र में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि खुदरा विक्रेताओं द्वारा किसानों को अनुदानित यूरिया, डीएपी जैसे पारंपरिक उर्वरकों की आपूर्ति न करके, उनके साथ जबरन नैनो उर्वरक या बायोस्टिमुलेंट्स बेचने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं।

# बेटे के समर्थन में उतरीं महापौर सीता साहू

## मौर्यालोक परिसर में किया अपने समर्थक पार्षदों के साथ प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू और आयुक्त अनिमेश कुमार पराशर के बीच तकरार अब खुलकर सामने आ गई है। सीता साहू ने अपने बेटे शिशिर के खिलाफ पुलिस के द्वारा सर्च वारंट हासिल किए जाने के विरोध में बुधवार को मौर्यालोक परिसर में अपने समर्थक पार्षदों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने आयुक्त अनिमेश कुमार पराशर पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि जो मेरे बेटे को अपराधी कह रहे हैं, वो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। दो महीने से निगम में कामकाज ठप है। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा निर्दोष है और उसे साजिशन फंसाया जा रहा है। सीता साहू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आयुक्त खुद प्राइवेट बॉडीगार्ड के साथ चलते हैं तो उनके बेटे के साथ ऐसा करने पर सवाल क्यों? उन्होंने कहा कि जब हमने आयुक्त के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा खोलना शुरू किया तो वे परेशान हो गए। पुलिस बिना सर्च वारंट मेरे घर और बेटे के ससुराल पहुंची। बहू के स्नान करने के दौरान भी दरवाजा तोड़ने की धमकी दी गई। सीता साहू ने आरोप लगाया कि पुलिस पर ऊपर से दबाव है कि किसी भी हाल में शिशिर को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से न्याय की मांग की है। वहीं पार्षद विनय कुमार ने महापौर के विरोध प्रदर्शन को 'नौटंकी' करार देते हुए कहा कि महापौर का बेटा शिशिर पार्षदों की बैठक में किस हैसियत से बैठता है? पहले इसका जवाब दिया जाए। विनय कुमार ने कहा कि अब तक महापौर को भद्र महिला मानते थे, लेकिन अब वे भी गाली-गलौज कर रही हैं। इस विवाद के कारण निगम का कामकाज प्रभावित हो रहा है और पार्षद दो गुटों में बंट गए हैं। महापौर ने दिल्ली जाने से पहले ऐलान किया कि वे पटना लौटते ही मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत करेंगी।

# दो महीने में छह गुना बढ़ी पिंक बस में महिला यात्रियों की संख्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में पिंक बस सेवा आधी आबादी के बीच तेजी से लोकप्रिय होती जा रही है। इसकी बढ़ती मांग का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विगत दो महीनों में पिंक बस में सफर करने वाली महिलाओं की संख्या छह गुना बढ़ गई है। मई 2025 में जहां करीब पांच हजार महिलाओं ने पिंक बस में सफर किया। वहीं जून में यह आंकड़ा बढ़कर 28 हजार से अधिक हो गया। इन दो महीनों में प्रदेश की 33 हजार से अधिक महिलाओं ने पिंक बस में सफर किया है। इसमें पटना प्रमंडल 21 हजार से अधिक महिला यात्रियों के साथ अग्रणी है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अनुसार भागलपुर, पूर्णिया, गया और दरभंगा प्रमंडल में दो महीने में सात हजार से अधिक कामकाजी महिलाओं और छात्राओं ने पिंक बस में सफर किया। इनकी संख्या हर महीने बढ़ रही है। सूबे में महिलाओं के लिए 20 सीएनजी पिंक बसें चलाई जा रही हैं जिनमें आठ बसें पटना, चार मुजफ्फरपुर, दो-दो भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णिया में संचालित हो रही हैं। निगम सभी जिला मुख्यालयों को जोड़ने के लिए 80 और पिंक बसों के परिचालन की तैयारी कर रहा है जिनमें से 35 बसें पटना में चलेंगी।

# उद्योग में नई इबारत लिखेगा बिहार, औद्योगिक हब बनाने की तैयारी

## गयाजी के पास डोभी राज्य के सबसे बड़े औद्योगिक हब के रूप में हो रहा विकसित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार अब औद्योगिकरण की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। सिर्फ पटना ही नहीं दूसरे जिलों में भी बड़े पैमाने पर औद्योगिक पार्क या हब विकसित किए जा रहे हैं। गयाजी, मुंगेर, मधबुनी समेत अन्य स्थानों पर औद्योगिक पार्क को तेजी से विकसित किया जा रहा है, जिससे राज्य की आर्थिक तस्वीर बदलेगी।

**गयाजी में बनेगा राज्य का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र**

बिहटा के बाद अब गयाजी सबसे बड़े औद्योगिक हब के रूप में स्थापित होने जा रहा है। यहां 1670 एकड़ में एक अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी। गयाजी में औद्योगिक विकास की बड़ी तस्वीर उभर रही है जहां राज्य के सबसे बड़ा औद्योगिक क्लस्टर स्थापित होने वाला है। अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत डोभी क्षेत्र में इंटिग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर 1,339 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया से लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे जिससे बिहार के चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी।

इस हब में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए 192.05, फर्नीचर के लिए 83.50, रेडिमेड परिधान और लेदरलाइट के लिए 192.05, तकनीकी उद्योग क्लस्टर के लिए 233.80, भवन निर्माण सामग्री के लिए 133.72, हथकरघा एवं हस्तशिल्प के लिए 16.70, लॉजिस्टिक्स के लिए 50.10 और सामान्य रेडी शेड्स के लिए 16.70 एकड़ जमीन का उपयोग किया जाएगा। यहां 43 हजार रोजगार के अवसर विकसित होंगे। इसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से औद्योगिक क्षेत्र में 57 हजार और 9 हजार वाणिज्यक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि आने वाले वर्षों में बिहार में उद्यम स्थापित करने के लिए अधिक से अधिक भूमि मिल सके, इस दिशा में विभाग लगातार काम कर रहा है।

इसके साथ ही मुंगेर के संग्रामपुर अंचल में 50 एकड़ सराकरी जमीन उद्योग विभाग को सौंपी जा चुकी है जहां इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण चल रहा है। वैशाली जिले के जनदाहा, राजा पाकड़ और महुआ में कुल 1243.45 एकड़, सीतामढ़ी के नानपुर और सोनवर्षा, मधुबनी के झंझारपुर में 712 एकड़ औद्योगिक पार्क बनाने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों में नए औद्योगिक क्षेत्र के विकास की घोषणा की गई थी। इसके आलोक में बिहार के विभिन्न जिलों से जिसमें उन सात जिलों जहां पूर्व में कोई औद्योगिक क्षेत्र नहीं था- अरवल, जमुई, कैमूर, सारण, शेखपुरा, शिवहर एवं बांका को भी शामिल करते हुए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए जमीन चिन्हित की जा रही है। उद्योग विभाग को अब तक कुल 21273.07 एकड़ भूमि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसमें से 18059.12 रैयती और 3162.88 सरकारी भूमि है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से अब तक कुल 457.35 एकड़ भूमि विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है।

# टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में सावन महोत्सव की धूम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में सावन महोत्सव के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों की माताओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर उल्लासपूर्वक भाग लिया। हरियाली और श्रृंगार से सजे मंच पर जब माताएं भारतीय संस्कृति और प्रकृति की सौंदर्य प्रतीक बनकर उतरीं, तो पूरा विद्यालय प्रांगण उत्सवमय हो गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी भार्गव के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता और सर्वश्रेष्ठ परिधान प्रतियोगिता जैसे रोचक आयोजन शामिल थे जिनमें माताओं ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। इनकी सक्रिय भागीदारी ने पूरे आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। सावन रानी का खिताब स्वाति (ऋद्धि की माता) को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ परिधान प्रतियोगिता में सुमन (अनन्या की माता) को प्रथम स्थान और रजनी (आर्निका की माता) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता में दीपा (ऋतिका की माता) को प्रथम स्थान और आरती (अर्पित की माता) को द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार स्वेता, पूजा कुमारी, बबिता, सुमन तथा मीरा को प्रदान किए गए। विद्यालय के निदेशक राजीव भार्गव ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनकी प्रतिभा और भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन माता-पिता और विद्यालय के मध्य संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में सहायक होते हैं।

# दो दिन, पांच प्रतियोगिताएं

## माइंड फेस्ट पटनावासियों के लिए चुनौती पेश करने को तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पांच कार्यक्रमों वाला दो दिवसीय पटना माइंड फेस्ट 19-20 जुलाई, 2025 को नेहरू पथ स्थित बिहार संग्रहालय में आयोजित किया जाएगा। यह इस वार्षिक आयोजन का सातवां संस्करण होगा जिसका उद्घाटन 2018 में हुआ था। कोविड-19 लॉकडाउन के कारण 2020 का संस्करण आयोजित नहीं किया जा सका था।

निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो चुका है। यह 18 जुलाई को शाम 5 बजे बंद हो जाएगा जो लोग ऑनलाइन पंजीकरण का अवसर चूक जाते हैं, उनके लिए आयोजक प्रतियोगिता के दोनों दिनों में ऑन-साइट पंजीकरण की व्यवस्था करेंगे। आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन, बिहार शाखा और पटना स्थित नागरिक समाज पहल एक्स्ट्रा-सी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस उत्सव में बौद्धिक रूप से चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताओं का मिश्रण शामिल है। इसका उद्देश्य युवाओं और वयस्कों में सीखने की चाहत को प्रदर्शित और विकसित करना तथा एक ज्ञानवान समाज के निर्माण में मदद करना है। दो दिवसीय उत्सव में पांच प्रतियोगिताएं होंगी - पहले दिन इंडिया क्विज, क्रिएटिव राइटिंग और वर्ड बी और दूसरे दिन क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड और जनरल क्विज। सभी प्रतियोगिताएं सभी के लिए खुली होंगी, व्यक्तिगत रूप से या टीमों में। एक टीम में अधिकतम तीन सदस्य हो सकते हैं। हालांकि प्रतिभागी की आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए अलग-अलग पुरस्कार और प्रमाण पत्र होंगे। इन प्रतियोगिताओं का संचालन नेक्सस कंसल्टिंग, बेंगलुरु के जाने-माने क्विज मास्टर वेंकटेश श्रीनिवासन करेंगे जिन्होंने वर्षों से इस प्राचीन शहर पाटलिपुत्र के प्रतिभाशाली लोगों के बीच अपनी जगह बनाई है। यह उत्सव पिछले संस्करणों की तरह, मानसिक व्यायाम का आनंद लेने वालों के लिए एक आकर्षक अवसर होने का वादा करता है।

# वन महोत्सव में 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

## अकेले वन विभाग की तरफ से लगाए जाएंगे 2 करोड़ 97 लाख पौधे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में सावन के मौके पर वन महोत्सव का आगाज हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी शुरुआत 13 जुलाई को पौधे लगा कर की है। इसके तहत आगामी तीन महीने में व्यापक स्तर पर 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें सागवान, महोगनी, सेमल, जामुन, अर्जुन समेत विभिन्न प्रजाति के पौधें लगाए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य वनों का संरक्षण, पौधरोपण और हरित आवरण को विस्तार करना है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में पौधरोपण के लक्ष्य को पाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, मनरेगा, सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्तर भी पौधे लगाने की योजना तैयार की गई है। अकेले वन विभाग के स्तर से 2 करोड़ 97 लाख पौधे लगाए जाएंगे। वहीं, जीविका से 57 लाख, मनरेगा से 1.93 लाख, सरकारी स्कूल एवं कॉलेज से 37.16 लाख के अतिरिक्त बागवानी एवं कृषि महकमा के स्तर से 10 लाख पौधे लगाये जाने का लक्ष्य है। जुलाई में अब तक 30 लाख पौधे लगाए गए हैं। विभाग से कोई किसान या व्यक्ति इन पौधों को 10 रुपये प्रति पौधे की दर पर शुल्क देकर खरीद सकते हैं। इन पौधों का संरक्षण अगले 3 वर्ष तक करने पर विभाग उन्हें प्रति पेड़ 60 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। मिशन मेरी लाइफ के तहत आम लोगों के बीच जन जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है जो लोग पौधरोपण कर रहे हैं उन्हें 5 पौधे मुफ्त दिए जाएंगें। प्रत्येक स्कूल के छात्र को 2-2 पौधे के अलावा सरकारी स्कूल और कॉलेज को मुफ्त पौधे दिए जायेंगे। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित पौधशालाओं में कई प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं जिन्हें वहां से प्राप्त किये जा सकते हैं। इससे जुड़ी जानकारियां कॉल सेंटर के फोन नंबर 0612-2226911 से प्राप्त किए जा सकते हैं। वर्ष 1950 से प्रत्येक वर्ष वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आगामी कुछ महीने में व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मामले में विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा का कहना है कि वन महोत्सव को सफल बनाने के लिए आम लोगों और सभी संस्थानों से खासतौर से अपील की गई है। ताकि इसमें बड़ी संख्या में लोग जुड़कर पौधारोपण करें।

## संपादकीय

# विमान हादसे के पीछे असल वजह क्या थी? कई अनसुलझे सवाल

गुजरात के अहमदाबाद में बीते जून माह में हुए विमान हादसे की प्रारंभिक जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रपट में कहा गया है कि दुर्घटना से ठीक पहले विमान के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे, जिससे पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। भ्रम इस बात का कि स्विच किसने बंद किए। यह तकनीकी खराबी के कारण हुआ या किसी की गलती से, रपट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। यानी हादसे के एक कारण का तो पता चल गया, लेकिन इस कारण के पीछे असल वजह क्या थी, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की इस हादसे में मौत हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद कई सवाल खड़े हुए हैं, जिनका जवाब इसलिए भी तलाशना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी किसी बड़ी त्रासदी को रोकने के पुख्ता बंदोबस्त किए जा सकें। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) की रपट के अनुसार, एअर इंडिया के इस विमान के उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद इसके दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच (जिनका उपयोग इंजनों को बंद करने के लिए किया जाता है) अचानक बंद हो गए थे। इसकी पुष्टि घटना के वक्त 'काकपिट वायस रेकार्डिंग' में पायलट और सह-पायलट की आपसी बातचीत से हुई है। जांच रपट में कहा गया है कि बातचीत के दौरान एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि ईंधन की आपूर्ति क्यों बंद की गई, तो जवाब मिला कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। इससे साफ है कि हादसे से पहले विमान के दोनों इंजन ने काम करना बंद कर दिया था। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच एक साथ बंद कैसे हो गए। नियमानुसार उड़ान से पहले विमान की तकनीकी जांच की जाती है और सभी मानकों पर संतोषजनक रपट के बाद ही उड़ान की अनुमति दी जाती है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वभाविक है कि अगर एअर इंडिया के इस विमान में कोई तकनीकी खराबी थी, तो वह उड़ान से पहले की जांच के दौरान पकड़ में क्यों नहीं आई? हादसे की आगे की जांच में इन आशंकाओं से जुड़े सवालों को भी शामिल करने की जरूरत है। जांच रपट का दूसरा पहलू यह है कि कहीं अनजाने में पायलट की गलती से ईंधन नियंत्रण स्विच बंद तो नहीं हुए थे! हालांकि, रपट में विमान के पायलटों की गलती की ओर स्पष्ट रूप से कोई संकेत नहीं किया गया है। वहीं, विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि पायलटों द्वारा ईंधन स्विच को अनजाने में चालू या बंद करने की संभावना बहुत कम होती है, क्योंकि स्विच में एक छोटा 'मैकेनिकल गेट' लगा होता है। रपट में कहा गया है कि दोनों पायलटों ने इंजनों को फिर से चालू करने की कोशिश की, लेकिन एक इंजन ही ठीक हो पाया, जबकि दूसरा गति बढ़ाने के लिए पर्याप्त ऊर्जा उत्पन्न नहीं कर पाया। यानी पायलटों ने उस नाजुक घड़ी में हार नहीं मानी थी और उन्होंने वह हर कोशिश की जो संभव थी। इसके अलावा विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने इस हादसे के पीछे किसी साजिश की आशंका को भी अभी तक दरकिनार नहीं किया है।

**उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों को आपस में मर्ज (विलय) करने का फैसला किया तो इस पर राजनीति और हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी नेता इस नीति को छात्रों के विरोध में बताते हुए बयानबाजी करने लगे, शिक्षकों की ओर से भी इस नीति का विरोध जताया जाने लगा, अभिभावक भी चिंतित होने लगे, कोई इस नीति के विरोध में कोर्ट चला गया तो कोई सोशल मीडिया पर इसके विरोध में तमाम पोस्टें किये जा रहा है।**

# उप्र में विद्यालय विलय नीति का विरोध करने वाले बच्चों के भविष्य पर राजनीति कर रहे हैं

(नीरज कुमार दुबे)

असल में देखा जाये तो योगी सरकार की स्कूलों को मर्ज करने की नीति केवल प्रशासनिक सुधार भर नहीं है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, संसाधनों की बेहतर उपलब्धता और विद्यार्थियों के समग्र विकास के दृष्टिकोण से एक दूरदर्शी कदम है।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों को आपस में मर्ज (विलय) करने का फैसला किया तो इस पर राजनीति और हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी नेता इस नीति को छात्रों के विरोध में बताते हुए बयानबाजी करने लगे, शिक्षकों की ओर से भी इस नीति का विरोध जताया जाने लगा, अभिभावक भी चिंतित होने लगे, कोई इस नीति के विरोध में कोर्ट चला गया तो कोई सोशल मीडिया पर इसके विरोध में तमाम पोस्टें किये जा रहा है। लेकिन आप इस नीति का विरोध कर रहे लोगों की बातों को सुनेंगे या उनकी सोशल मीडिया पोस्ट को पढ़ेंगे तो एक बात साफ हो जायेगी कि इन्हें शिक्षा में सुधार से कोई लेना-देना नहीं है। किसी को अपनी राजनीति चमकानी है तो किसी को अपने लिये बरसों से बने सुविधाजनक माहौल से बाहर नहीं निकलना है।

जबकि असल में देखा जाये तो योगी सरकार की स्कूलों को मर्ज करने की नीति केवल प्रशासनिक सुधार भर नहीं है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, संसाधनों की बेहतर उपलब्धता और विद्यार्थियों के समग्र विकास के दृष्टिकोण से एक दूरदर्शी कदम है। इस नीति के दूरगामी प्रभाव छात्रों और उनके अभिभावकों के हित में साबित होंगे। हम आपको बता दें कि 50 से कम छात्रों वाले स्कूलों को पास के ज्यादा छात्रों वाले विद्यालयों में समायोजित कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना ही इस नीति का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इस नीति को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज किया जाना इस नीति की वैधता का प्रमाण भी है।

स्कूलों को मर्ज करने की नीति का विरोध करने वालों को समझना चाहिए कि छोटे-छोटे विद्यालयों में अक्सर मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी देखने को मिलती है। पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लास, साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी चीजों का भी अभाव होता है। जब दो या तीन स्कूलों को मर्ज कर एक बड़ा स्कूल बनाया जाएगा, तो संसाधनों का केन्द्रीयकरण होगा। इससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल, अच्छी बिल्डिंग, खेल-कूद और तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

इसके अलावा, अभी कई स्कूलों में एक या दो अध्यापक ही पूरे विद्यालय का भार उठा रहे हैं। इससे न तो शिक्षक विषय विशेषज्ञ बन पाते हैं और न ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। मर्ज किए गए बड़े स्कूलों में विषयवार शिक्षक उपलब्ध कराना सरकार के लिए आसान होगा। इससे गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों में भी बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल सकेगा।

साथ ही मर्जिंग के बाद स्कूलों में केवल छात्र संख्या ही नहीं बढ़ेगी, बल्कि प्रतियोगिता, नवाचार और गतिविधियों के अवसर भी बढ़ेंगे। बड़े स्कूलों में सामान्यतः बेहतर शैक्षणिक माहौल होता है, जिससे बच्चों के सीखने का स्तर स्वतः ही ऊपर उठता है। इससे बच्चों की नींव मजबूत होगी और आगे चलकर

वे प्रतियोगी परीक्षाओं व कॅरियर में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

इसके अलावा, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में कई अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में भेजने को मजबूर होते हैं, क्योंकि सरकारी स्कूल में शिक्षा स्तर कमज़ोर होता है। लेकिन जब सरकारी स्कूल ही बेहतर आधारभूत सुविधाओं और योग्य शिक्षकों से सुसज्जित होंगे, तो अभिभावकों का भरोसा इन स्कूलों पर बढ़ेगा। इससे शिक्षा पर उनका अतिरिक्त आर्थिक भार भी घटेगा।

इसके अलावा, कम स्कूलों का प्रबंधन करना सरकार और शिक्षा विभाग दोनों के लिए आसान होगा। निरीक्षण, ऑडिट और सुधारात्मक कदम जल्दी और प्रभावी ढंग से लिए जा सकेंगे। इससे विद्यालयों में जवाबदेही बढ़ेगी और भ्रष्टाचार या लापरवाही पर भी अंकुश लगेगा।

**शिक्षकों को क्या समझना चाहिए:** वहीं स्कूलों की मर्जर पॉलिसी को लेकर उत्तर प्रदेश के शिक्षक संगठनों और शिक्षकों के बीच जो भ्रम और विरोध की स्थिति देखी जा रही है, उससे ऐसा लगता है कि उन्हें इस नीति के उद्देश्यों से भलीभांति अवगत नहीं कराया गया है। इसलिए विशेषकर वे शिक्षक, जिनका स्थानांतरण (ट्रांसफर) दूर-दराज़ क्षेत्रों में होने की आशंका है, इस नीति को अपने भविष्य के लिए खतरा मानकर विरोध कर रहे हैं। लेकिन यदि वे इस नीति के दीर्घकालिक लाभों और शिक्षा व्यवस्था में इसके सकारात्मक प्रभाव को समझेंगे तो वह स्वयं स्वीकार करेंगे कि यह परिवर्तन उनके लिए नुकसान नहीं, बल्कि अवसरों के नए द्वार खोलने वाला है।

बहुत से शिक्षक सोच रहे हैं कि स्कूलों के मर्जर से उनके वर्तमान स्कूल बंद हो जाएंगे और उन्हें दूर के विद्यालयों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। वह यह मानते हैं कि इससे उन्हें पारिवारिक, सामाजिक और दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन ऐसी सोच रखने वाले शिक्षकों को अपना विरोध छोड़ देना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि आज जिन छोटे स्कूलों में वह काम कर रहे हैं, वहाँ न तो पर्याप्त छात्र हैं और न ही आधारभूत सुविधाएँ। स्कूलों के मर्जर के बाद बड़े, बेहतर संसाधनयुक्त विद्यालयों में तैनाती मिलने से काम करने का वातावरण सुधरेगा। साफ-सुथरी बिल्डिंग, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और डिजिटल क्लास जैसे संसाधन उपलब्ध होंगे।

इसके अलावा, जहाँ बच्चे अधिक होंगे, वहाँ शिक्षकों की जिम्मेदारी के साथ-साथ उनके अनुभव और दक्षता में भी वृद्धि होगी। ऐसे विद्यालयों में कार्य करते हुए शिक्षक नवाचार, प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग जैसी योजनाओं से सीधे जुड़ेंगे। इससे उनके कॅरियर में प्रगति के द्वार खुलेंगे।

शिक्षकों को यह भी समझना चाहिए कि स्थानांतरण कोई दंड नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के संतुलन का माध्यम है। जिन शिक्षकों को स्थानांतरित किया जाएगा, उन्हें भी बेहतर सुविधा वाले विद्यालयों में ही भेजा जाएगा। लंबे समय में यह व्यवस्था स्थिर होगी और अराजकता कम होगी।

देखा जाये तो एक शिक्षक का प्रथम कर्तव्य बच्चों के भविष्य को संवारना है। स्कूल मर्जर से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, उनका ड्रॉपआउट रेट घटेगा और वे प्रतिस्पर्धी भविष्य के लिए तैयार होंगे। जब शिक्षा बेहतर होगी, तो शिक्षक का सम्मान भी स्वतः बढ़ेगा। इसके अलावा, छोटे-छोटे विद्यालयों में बिखरी शिक्षक शक्ति को एक जगह लाकर सामूहिक रूप से मजबूत किया जाएगा। इससे शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा और शिक्षकों की भूमिका ज्यादा प्रभावशाली बनेगी।

देखा जाये तो विद्यालय विलय नीति से डरने या उसका विरोध करने का कोई तर्क नहीं है। बदलाव के हर कदम में प्रारंभिक कठिनाई होती है, लेकिन दूरदर्शिता रखने वाले शिक्षक समझते हैं कि यह नीति बच्चों के भविष्य, शिक्षकों की गरिमा और शिक्षा व्यवस्था की मजबूती के लिए जरूरी है। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे डर या भ्रम छोड़कर इस नीति का स्वागत करें और इसे अपने सुनहरे भविष्य के अवसर के रूप में देखें। सकारात्मक सोच के साथ परिवर्तन को अपनाना ही चाहिए क्योंकि यही भविष्य का आधार होता है।

**अभिभावकों को क्या समझना चाहिए:** अब जरा बात उन अभिभावकों की कर ली जाये जो अपने बच्चे के स्कूल के दूर हो जाने की चिंता से ग्रस्त हैं। देखा जाये तो अभिभावकों के मन में यह चिंता उठना स्वाभाविक ही है कि अब उनके बच्चे का स्कूल पहले से कुछ दूर हो जाएगा। ऐसे अभिभावक सोच रहे हैं कि बच्चों को रोज़ाना ज़्यादा दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे परेशानी बढ़ेगी। लेकिन वक्त की आवश्यकता यह है कि अभिभावकों को दूरी की चिंता छोड़कर अपने बच्चों के भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल आज के समय में यह देखना अधिक ज़रूरी है कि बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा है वहाँ उसे कैसी शिक्षा, कैसी सुविधाएं और कैसे अवसर मिल रहे हैं। यदि स्कूल थोड़ा दूर है लेकिन वहाँ अच्छे शिक्षक, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, डिजिटल शिक्षा, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के अवसर मिल रहे हैं तो यह दूरी बच्चों के भविष्य के सामने बिल्कुल छोटी बात है।

इसके अलावा, निकट का स्कूल अगर सुविधाविहीन, अध्यापकविहीन और कमजोर है, तो वहाँ पढ़ने वाले बच्चों का शैक्षणिक विकास बाधित होगा। जबकि कुछ किलोमीटर दूर का स्कूल अगर बच्चों को आधुनिक शिक्षा, अनुशासन और अवसर दे रहा है, तो वही बच्चा आगे चलकर आत्मनिर्भर और सफल बन पाएगा।

देखा जाये तो हर गाँव में छोटा-छोटा स्कूल खोल देने से शिक्षा मजबूत नहीं होती। एक ऐसा स्कूल जहाँ योग्य शिक्षक, बेहतर पढ़ाई, खेल का मैदान, आधुनिक लैब और स्मार्ट क्लास हो, बच्चों के विकास के लिए ज़्यादा ज़रूरी है। वहाँ बच्चे प्रतिस्पर्धा सीखेंगे, दोस्त बनाएंगे और बड़े सपनों के साथ आगे बढ़ेंगे। अभिभावकों को यह पता होना चाहिए कि ऐसी तमाम देशी-विदेशी रिपोर्टें हैं जिनमें कहा गया है कि भारत में बच्चों की शिक्षण गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए अभिभावकों को समझना होगा कि स्कूल की दूरी बढ़ना असली चुनौती नहीं है, असली चुनौती है अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलना।

अभिभावकों को समझना होगा कि आज भले ही बच्चा स्कूल जाने के लिए 2-3 किलोमीटर ज़्यादा चले, लेकिन जब वह अच्छे स्कूल में पढ़कर आत्मविश्वास से आगे बढ़ेगा, तो उसी माता-पिता को गर्व होगा कि उन्होंने अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए यह छोटा सा समझौता किया। अभिभावकों को समझना होगा कि आपका फर्ज सिर्फ यह नहीं कि बच्चा घर के नजदीक स्कूल में पढ़े। आपका सबसे बड़ा कर्तव्य है कि उसे ऐसा माहौल दें, जहाँ वह अच्छे शिक्षक, संसाधन और अवसर पाकर अपनी प्रतिभा को निखार सके। इसलिए स्कूल पास हो या दूर, अगर वहाँ पढ़ाई बेहतर है, तो वही सही विकल्प है। दूरी की नहीं, गुणवत्ता की चिंता करें। भविष्य तभी बदलेगा, जब शिक्षा मजबूत होगी। सबको समझना होगा कि उत्तर प्रदेश में विद्यालयों के विलय से शिक्षा का स्तर ऊपर उठेगा। बच्चों को वह सब मिलेगा, जो अभी बड़े शहरों के स्कूलों में मिलता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को प्राथमिकता दें, न कि केवल दूरी को। इसमें कोई दो राय नहीं कि शिक्षा का हर कदम भविष्य तक जाता है– चाहे रास्ता थोड़ा लंबा क्यों न हो। बहरहाल, देखा जाये तो विद्यालयों के विलय की यह नीति केवल ढांचागत सुधार नहीं है, बल्कि शिक्षा के स्तर को सुधारने, बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने और अभिभावकों के आर्थिक-सामाजिक हितों की रक्षा करने की दूरगामी सोच का हिस्सा है। यदि इसे पारदर्शिता से लागू किया गया, तो आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूल निजी विद्यालयों की तुलना में कहीं अधिक मजबूत, प्रभावी और लोकप्रिय विकल्प बन सकते हैं।

# मुस्लिम आबादी में इज़ाफा, हिंदुओं की घट रही हैआबादी

(दिनेश मिश्र)

दुनिया में इस्लाम सबसे तेजी से बढ़ने वाला धर्म है। बीते वर्षों में इसे मानने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसी क्रम में मुसलमानों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। दुनिया की आबादी पर नजर रखने वाली अमेरिकी संस्था प्यू रिचर्स सेंटर की एक नई रिसर्च के अनुसार, अगले कुछ दशकों में यह आबादी और भी तेजी से बढ़ेगी। इससे पहले प्यू रिसर्च की ही एक स्टडी के अनुसार, 2060 तक दुनिया में मुसलमानों की आबादी 70 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। इसका मतलब है कि 2060 तक दुनिया में 300 करोड़ से ज्यादा मुसलमान होंगे। यह भी अनुमान है कि उस वक्त तक इस्लाम दुनिया का सबसे बड़ा धर्म बन जाएगा, जो ईसाई धर्म को पीछे छोड़ देगा। अभी दुनिया में ईसाई धर्म मानने वालों की आबादी सबसे ज्यादा है। ट्यूजडे ट्रीविया में इसे विस्तार से समझते हैं।

**एक दशक में ईसाइयों से ज्यादा बढ़ गए मुस्लिम:** प्यू रिचर्स सेंटर के मुताबिक, 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की आबादी 34.7 करोड़ बढ़ गई। अब पूरी दुनिया में मुस्लिम आबादी 200 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। वहीं, इस दौरान ईसाइयों की आबादी में 12.2 करोड़ का इजाफा हुआ, जो इस वक्त 230 करोड़ के पार हो चुकी है। वहीं, बौद्धों की आबादी 1.9 करोड़ कम हो गई, जो अब 32.4 करोड़ रह गई है। मुस्लिमों के मुकाबले गैर मुस्लिमों की आबादी इस दौरान 24.8 करोड़ ही बढ़ी, जो मुस्लिमों के इजाफे से काफी कम है।

**क्या 35 साल में दुनिया में होगा इस्लाम का राज!:** प्यू रिचर्स सेंटर के अनुसार, अभी दुनिया में ईसाई धर्म सबसे ज्यादा माना जाने वाला धर्म है। दुनिया की 730 करोड़ आबादी में से 31 प्रतिशत ईसाई हैं। इस्लाम दूसरे नंबर पर है और हिंदू धर्म तीसरे नंबर पर है। लेकिन प्यू रिचर्स की स्टडी के अनुसार, अगले 35 सालों में यह स्थिति बदल जाएगी। मुसलमानों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ने वाली है। स्टडी में बताया गया है कि इस्लाम दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला धर्म है। यह लगातार बढ़ रहा है और 2060 तक मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा हो जाएगी। यहां राज शब्द का इस्तेमाल राजनीतिक या सामाजिक प्रभुत्व के अर्थ में किया गया है।

**मुसलमानों की आबादी बढ़ने के पीछे ये हैं बड़े कारण:** मुसलमानों की आबादी तेज से बढ़ने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं-युवा आबादी, ज्यादा बच्चे पैदा होना और धर्म परिवर्तन। दुनिया की आबादी 2060 तक लगभग 32 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। लेकिन मुसलमानों की आबादी 70प्रतिशत तक बढ़ सकती है, जो कि दुनिया के औसत से दोगुना है। प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में मुसलमानों की आबादी बढ़ने के पीछे सबसे बड़ा कारण उसका युवा होना।

**दुनिया में मुस्लिम आबादी ज्यादा युवा :** प्यू रिचर्स की स्टडी में 2015 से 2060 के बीच के 45 सालों का अनुमान लगाया गया है। 2015 में दुनिया में मुसलमानों की आबादी 180 करोड़ थी। यह अनुमान है कि 2060 तक यह 300 करोड़ को पार कर जाएगी। प्यू रिचर्स सेंटर ने 2010 में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया की मुस्लिम आबादी में से 34 फीसदी 15 साल से कम उम्र के हैं। वहीं, 60 फीसदी 15 से 59 साल के बीच हैं। महज 7 फीसदी मुस्लिम आबादी ही 60 साल या उससे ज्यादा उम्र की है।

**भारत में मुसलमानों की स्थिति क्या होगी:** भारत में मुसलमानों की आबादी में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। प्यू रिचर्स सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार, 2060 तक भारत की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 19.4 प्रतिशत हो जाएगी, जबकि 2015 में यह 14.9 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगले 36 सालों में भारत में मुसलमानों की आबादी 33 करोड़ हो जाएगी।

**हिंदुओं की आबादी सिर्फ 27 फीसदी बढ़ेगी:** प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि अगले कुछ वर्षों में ईसाइयों की आबादी 34त्न बढ़ेगी, जबकि हिंदुओं की आबादी सिर्फ 27 प्रतिशत बढ़ेगी। यह दुनिया की आबादी बढ़ने की औसत दर से कम है। अभी ईसाई और हिंदू धर्म को मानने वाले लोग दुनिया की आबादी का क्रमशः 34 प्रतिशत और 15 प्रतिशत हैं। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनिया में धार्मिक जनसंख्या में बदलाव हो रहा है।

**कितनी तेजी से बढ़ रही है मुस्लिम आबादी :** प्यू रिसर्च सेंटर ने दुनिया के 201 देशों की आबादी का अध्ययन किया है। उसके अनुसार, पूरी दुनिया में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। वहीं, ईसाइयों की आबादी तेजी से सिकुड़ रही है। महज 10 साल में ही ईसाई आबादी में काफी कमी आई है। 2010 में मुस्लिम आबादी दुनिया की आबादी का 23.9 फीसदी और ईसाई आबादी 30.6 फीसदी थी। वहीं, 2020 में मुस्लिम आबादी पूरी दुनिया की 25.6 फीसदी और ईसाइयों की आबादी 28.6 फीसदी हो गई। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 की घोषणा तीर्थयात्रा से कहीं अधिक क्यों मायने रखती है?

**विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त तक होगी। मंत्रालय ने कहा, इस साल, पांच बैच जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे और 10 बैच जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, क्रमशः उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करने वाले हैं. आवेदनों की स्वीकृति के लिए वेबसाइट खोल दी गई है. आवेदकों में से यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर द्वारा तैयार रैंडम और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।**

(अरुनिम भैय्यन)

महामारी संबंधी व्यवधानों, कूटनीतिक चुनौतियों और विकसित भू-राजनीतिक गतिशीलता से भरे अंतराल के बाद, भारत सरकार द्वारा 2025 में कैलाश मानसरोवर यात्रा की घोषणा एक पवित्र तीर्थयात्रा मार्ग को फिर से खोलने से कहीं अधिक है।

यह सांस्कृतिक कूटनीति, सॉफ्ट पावर और आध्यात्मिक तथा राष्ट्रवादी भावनाओं के प्रति घरेलू पहुंच का एक जानबूझकर किया गया मिश्रण दर्शाता है. जैसे-जैसे तैयारियां शुरू होती है यह कदम आने वाले वर्ष के लिए भारत की व्यापक क्षेत्रीय रणनीतियों और आंतरिक प्राथमिकताओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त तक होगी। मंत्रालय ने कहा, इस साल, पांच बैच जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे और 10 बैच जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, क्रमशः उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करने वाले हैं. आवेदनों की स्वीकृति के लिए वेबसाइट खोल दी गई है. आवेदकों में से यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर द्वारा तैयार रैंडम और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

मंत्रालय ने आगे कहा कि आवेदकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है. वेबसाइट पर फीडबैक विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, टिप्पणियां दर्ज करने या सुधार के लिए सुझाव देने के लिए किया जा सकता है. शनिवार की यह घोषणा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल द्वारा इस महीने की शुरुआत में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान दिए गए बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि तीर्थयात्रा इस वर्ष होगी।

2025 के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा के बारे में भारत सरकार की घोषणा भारत-चीन संबंधों में सूक्ष्म पुनर्संतुलन का संकेत देती है. क्षेत्रीय अस्थिरता और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अभी भी कुछ अनसुलझे तनावों के समय में आने वाला यह कदम बीजिंग के दृष्टिकोण और नई दिल्ली की रणनीतिक सोच की गहन जांच को आमंत्रित करता है।

पिछले महीने बीजिंग में आयोजित भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की 33वीं बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा था. भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने किया, जबकि चीनी पक्ष का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक हांग लियांग ने किया।

बैठक के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में विदेश मंत्रालय ने बताया कि चर्चा 'सकारात्मक और रचनात्मक माहौल' में हुई. इसमें एलएसी पर स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई. बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। दोनों पक्षों ने दिसंबर 2024 में बीजिंग में आयोजित 23वीं विशेष प्रतिनिधि बैठक के परिणामों को लागू करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया और राजनयिक और सैन्य संचार चैनलों को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की. उन्होंने सीमा पार नदियों और कैलाश मानसरोवर यात्रा पर सहयोग सहित सीमा पार आदान-प्रदान को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

कैलाश मानसरोवर यात्रा- तिब्बत में पवित्र कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की तीर्थयात्रा - हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों और बॉन अनुयायियों के लिए बहुत धार्मिक महत्व रखती है. 19500 फीट की ऊंचाई पर सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में से कुछ को पार करते हुए तीर्थयात्रा न केवल आस्था बल्कि शारीरिक सहनशक्ति का भी परीक्षण करती है. इसमें तीर्थयात्रियों को मौसम में बदलाव और ऊबड़-खाबड़ रास्तों को सहना पड़ता है। यात्रा का प्रबंधन विदेश मंत्रालय द्वारा किया जाता है. यह वैध पासपोर्ट रखने वाले भारतीय नागरिकों के लिए खुला है और इसे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) और सिक्किम पर्यटन विकास निगम (एसटीडीसी) सहित कई एजेंसियों के समन्वय से संचालित किया जाता है. दिल्ली हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूट तीर्थयात्रियों की फिटनेस का आकलन करने के लिए कठोर चिकित्सा जांच करता है।

भारत सरकार इस बात पर जोर देती है कि तीर्थयात्री अपने जोखिम और खर्च कर यात्रा करते हैं. साथ ही जान-माल की हानि, चोट या संपत्ति के नुकसान के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है. उल्लेखनीय है कि तीर्थयात्रियों की मृत्यु की स्थिति में चीनी पक्ष में दाह संस्कार के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि पार्थिव शरीर को वापस लाने की गारंटी नहीं होती है।

हालांकि यात्रा तक पहुंच अक्सर द्विपक्षीय संबंधों में उतार-चढ़ाव के कारण प्रभावित होती रही है. 2017 में चीन ने प्रतिकूल मौसम की स्थिति का हवाला देते हुए भारतीय तीर्थयात्रियों को नाथू ला दर्रे से प्रवेश करने से रोक दिया, जिससे लगभग 47 तीर्थयात्री प्रभावित हुए और राजनयिक आदान-प्रदान शुरू हो गया. 2023 में बीजिंग द्वारा उच्च शुल्क और अनिवार्य बायोमेट्रिक डेटा संग्रह सहित सख्त शर्तें लागू करने की रिपोर्टें सामने आईं, जिससे तीर्थयात्रा और भी जटिल हो गई।

चीन द्वारा उठाए गए ऐसे कदम अक्सर भू-राजनीतिक तनाव के दौर के समानांतर ही देखे गए हैं. यात्रा पर प्रतिबंधों को अक्सर सिर्फ रसद संबंधी बाधाओं के तौर पर नहीं बल्कि व्यापक भारत-चीन संबंधों की स्थिति को दर्शाते राजनीतिक संकेतों के तौर पर देखा जाता है।

सबसे हालिया व्यवधान 2020 के लद्दाख सीमा गतिरोध के दौरान आए थे, लेकिन अक्टूबर 2024 में कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक के बाद संबंधों में धीरे-धीरे सुधार हुआ. इस पृष्ठभूमि में कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करना दो एशियाई दिग्गजों के बीच एक नाजुक विश्वास के पुनर्निर्माण की दिशा में एक सतर्क लेकिन सार्थक कदम के रूप में देखा जा रहा है। यूसनस फाउंडेशन थिंक टैंक के संस्थापक निदेशक और सीईओ अभिनव पंड्या के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करना एक बड़ा कदम है जिसका सभी को स्वागत करना चाहिए. पांड्या ने मीडिया से कहा, यह एक ऐसा मामला है जो हिंदू समुदाय के लिए हमेशा से भावनात्मक रहा है।

चीन द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर सहमति जताना यह दर्शाता है कि चीन भारत का एक सभ्यतागत शक्ति के रूप में सम्मान करता है. यह भारत और चीन के बीच मित्रता और ऐतिहासिक संबंधों का भी प्रतीक है. इसका एक बहुत ही सभ्यतागत आयाम है. दूसरे उन्होंने कहा कि यात्रा की बहाली से पता चलता है कि भारत-चीन सीमा पर चीजें शांति की ओर बढ़ रही हैं और वास्तविक अर्थों में तनाव में कमी आई है। पांड्या ने कहा, तीसरा यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे पाकिस्तान के साथ रिश्ते बहुत तनावपूर्ण हैं, खासकर पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद. ऐसा लगता है कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ किसी तरह की बड़ी आक्रामक या जवाबी कार्रवाई करने जा रहा है. और उस पृष्ठभूमि में अगर चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू कर रहा है तो यह संकेत देता है कि बीजिंग भारत के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने के लिए इस्लामाबाद के साथ काम नहीं करेगा। शिलांग स्थित एशियन कॉन्फ्लुएंस थिंक टैंक के फेलो के. योमे के अनुसार चीन द्वारा यात्रा को फिर से शुरू करने की अनुमति को अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की वापसी के परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाना चाहिए. योम ने क

## संक्षिप्त समाचार

### वज्रपात से गरीब का आशियाना हुआ ध्वस्त

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र में घनघोर वर्षा तथा आसमानी वज्रपात से पटोरीया गांव में एक दलित का आशियाना ध्वस्त हो गया। घर कि महिला सुषमा देवी गंभीर रूप जख्मी हो गई है। प्राप्त सामाचार के अनुसार संध्या के समय भीषण गड़गड़ाहट के साथ मुसला धार वर्षा हुई तथा फुटक मांझी के घर के उपर आसमानी वज्रपात हुआ जिससे उसका इंदरा आवास से बना छत ध्वस्त हो गया घर पर मौजूद उनकी बाइस वर्षीया पुत्री सुषमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को पावापुरी विम्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ग्रामीण टुन्नी कुमार ने बताया कि उसके घर में वर्षा के दौरान वज्रपात हो गया। जिसमें उसका घर गिर गया पड़ोसियों का हल्ला मचाने के बाद यथावत गांव वाले मदद कर पाए जिससे उसकी गंभीर रूप से घायल बेटी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### ठनका से एक व्यक्ति की मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरनौत थाना क्षेत्र के गिरधरचक गांव में मंगलवार की दोपहर के वक्त आसमान से ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति गिरधरचक गांव के निवासी स्वर्गीय मोहन प्रसाद के 55 वर्षीय रणधीर कुमार उर्फ गब्बर सिंह है। यह घटना दोपहर के वक्त करीब1रू20 बजे दक्षिणवरी खांडा में हुई परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए पावापुरी ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जिला परिषद निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि ठनका गिरने से मौत हुई है।इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। वेना थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के परिजन को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### वज्रपात से बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गिरियक थाना क्षेत्र के डाक्टर इंग्लिश निवासी मुन्ना चैधरी का पुत्र 12 वर्षीय सागर कुमार की मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत इंग्लिश पर गांव के समीप बुधवार को हुई वर्षा के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मृतक बच्चे के परिजनों ने बताया कि मुन्ना चैधरी का 12 वर्षीय पुत्र सागर कुमार इंग्लिशपर गांव के समीप मैदान में खेलने गया था। खेलने के दौरान आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आने से सागर कुमार झुलस गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोगों गिरियक थाने को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को लेकर भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी अस्पताल लाये जहां चिकित्सकों ने सागर कुमार को मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक बच्चे सागर कुमार का घर थाना शेखोपुरसराय का रहने वाला हैं और वह अपने नानी घर गिरियक इंग्लिश पर आए हुआ था।

### सर्किल इंस्पेक्टर ने किया धमौल थाना का निरीक्षण

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार ने बुधवार को धमौल थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न अभिलेखों की जांच की तथा थाना क्षेत्र में घटित आपराधिक कांडों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में सर्किल इंस्पेक्टर ने लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्ती को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने तथा इससे जुड़े माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने की भी बात कही। निरीक्षण के दौरान अपर थानाध्यक्ष इंद्रमल मांझी, एएसआई सुनील भगत समेत थाना के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। सर्किल इंस्पेक्टर ने सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासन एवं जनहित में कर्तव्यों के निर्वहन हेतु सजग रहने के निर्देश दिए।

### हिलसा एसडीओ ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दल के नेताओं के साथ की बैठक

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ अमित कुमार पटेल ने हिलसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं व प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा पुनर्निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, वैसे में कोई भी मतदाता छूटे नहीं जिसको लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, राजनीतिक दल के नेताओं से आग्रह किया गया है पुनर्निरीक्षण कार्य में लोग मदद करें, अधिक जानकारी के लिए बीएलओ से जानकारी ले मतदाता पत्रांक जल्द से जल्द जमा करें,कि चुनाव आयोग के द्वारा पुर्नर्निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है ताकि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में लोग अपना मताधिकार का प्रयोग कर सके, बैठक के दौरान जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने अपनी अपनी समस्याओं के बारे में एसडीओ के समक्ष रखा. बैठक में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार,राजद के प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मंजय कुमार चंद्रवंशी, कांग्रेस नेता बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल, अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल हैं।

### कैमरे की नजर में हुई सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के 23 केन्द्रों पर कैमरें की निगहबानी में बुधवार को केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा ली गयी। एकल पाली में 12 से दो बजे तक परीक्षा ली गयी। मकनपुर आरपीएस स्कूल से ब्लूटूथ डिवाइस के साथ परीक्षा देते अभ्यर्थी पकड़े गए हैं। नूरसराय थानाध्यक्ष ने बताया कि ब्लूटूथ डिवाइस बरामद किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीईओ आनंद विजय ने बताया कि बुधवार को सभी केन्द्रों पर 13 हजार 850 परीक्षार्थी उपस्थित तो दो हजार 727 अनुपस्थित रहे। हर केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर व दो स्टैटिक दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात रहे। केन्द्रों पर जांच पड़ताल के लिए पांच वरीय पदाधिकारियों की उड़नदस्ता टीम गठित की गयी थी।



### लोकयन नदी का स्थल निरीक्षण

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं अपर सचिव यशपाल मीणा जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा हिलसा



प्रखंड अंतर्गत पंचायत मिजार्पुर के सोहरापुरपुल से लोकयन नदी के जलस्तर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विदित हो कि उदेरा स्थान से 1 लाख 15000 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो अबतक पूर्व में छोड़े गए पानी से काफी अधिक है। जिससे एकंगरसराय, करायपरसुराय ,हिलसा प्रखंड बाढ़ प्रभावित होने की संभावना है। निरीक्षण के क्रम में आपदा प्रबंधन के तहत पूर्व तैयारी करने के लिए अनुमंडलाधिकारी हिलसा को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु समाहर्ता, अपरसमाहर्ता आपदा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# पांच वर्ष में ही टूटी धमनी-सवैयाटांड़ ग्रामीण पथ की पुलिया

**आवागमन हुआ बाधित, संवेदक पर ग्रामीणों ने लगाया कार्य में अनियमितता का आरोप • सवैयाटांड़ पंचायत के लोगों को मुख्यालय पहुंचने में तय करना पड़ेगा 80 किलोमीटर का सफर**

**रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के धमनी और सवैयाटांड़ पंचायत को जोड़ने वाली एकमात्र धमनी-सवैयाटांड़ ग्रामीण पथ का एक पुलिया बारिश में सड़क के साथ बह गया,जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के समय संवेदक द्वारा बरती गई अनियमितता के कारण ही पांच वर्षों में पुलिया के साथ सड़क का कुछ हिस्सा बह गया है।वहीं इस पुलिया के टूट जाने से सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत के हजारों लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने के लिए 13 किलोमीटर के बजाय 80 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा।पुलिया के टूट जाने से ग्रामीण काफी चिंतित

दिखाई दे रहे हैं और पदाधिकारियों से पुलिया निर्माण की गुहार लगा रहे हैं।

**संवेदक पर लगा अनियमितता का आरोप :-**

धमनी पंचायत के पूर्व मुखिया धीरज कुमार,पूर्व पंचायत समिति सिकंदर राजवंशी,रंजीत पंडित,पूर्व उपमुखिया दीपक कुमार,पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार,शिवनंदन राजवंशी समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि 12.650 किलोमीटर लंबी धमनी-सवैयाटांड़ ग्रामीण पथ का निर्माण कार्य गया जिले संवेदक अंगद कुमार सिन्हा द्वारा करवाया गया था।इसके लिए प्राक्कलित राशि 609.758 लाख रुपए एवं पांच वर्षीय अनुरक्षण की लागत राशि 44.48 लाख रुपए है।सड़क वर्ष 2018 के अंतिम माह से बनना शुरू हुआ और वर्ष 2019 के अंतिम माह समाप्त हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से खूब अनियमितता बरती गई,जिसका खामियाजा आज ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने सड़क निर्माण और अनुरक्षण की गहनता से जांच की मांग उठाई है।

**सवैयाटांड़ के ग्रामीणों को होगी ज्यादा परेशानी :-**

सवैयाटांड़ पंचायत के ग्रामीणों को धमनी-सवैयाटांड़ पथ से प्रखंड,अंचल व अनुमंडल कार्यालय,अनुमंडलीय अस्पताल एवं थाना समेत अन्य कार्यालयों में आनेजाने के लिए महज 13 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी।किंतु मंदिर के समीप पुलिया और सड़क के टूट जाने से उन्हें नीरू पहाड़ी होते हुए कोडरमा घाटी के रास्ते रजौली पहुंचने में 80 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ेगा।पुलिया टूट जाने से लोगों को 57 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करना पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :-**

इस बाबत ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि भारी बारिश के कारण धमनी-सवैयाटांड़ ग्रामीण पथ में सड़क का एक टुकड़ा बह जाने की सूचना है,किंतु पुलिया के टूटने की सूचना नहीं है।उन्होंने कनीय अभियंता को स्थल का भौतिक निरीक्षण का आदेश दिया है और कहा कि जल्द ही पुलिया का निर्माण करवाया जाएगा,ताकि ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा ना हो।

## सीडीपीओ की जांच में कई आंगनबाड़ी केन्द्र मिले बंद

**रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीडीपीओ सीता कुजूर ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के हरदिया एवं रजौली पश्चिमी पंचायत के कई आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की। जांच के क्रम में कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिले एवं कई केंद्रों पर भारी अनियमितताएं देखी गई। सीडीपीओ सीता कुजूर ने बताया कि 12 आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई। जांच के क्रम में 3 आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिले। वहीं 6 आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविकाएं उपस्थित थी। 3 आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविकाएं ड्यूटी से गायब मिली। जो आंगनवाड़ी केंद्र खुले थे उसमें बच्चे भी काफी कम थे। केंद्रों पर बच्चों की संख्या कम पाए जाने पर सीडीपीओ सीता कुजूर ने सेविकाओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आप लोगों के द्वारा केन्द्रों के संचालन में काफी मनमानी जा रही है। यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आप लोगों के द्वारा मनमानी से आंगनबाड़ी केंद्र चलाए जा रहे हैं जो नियम के अनुकूल नहीं है। सीडीपीओ ने बताया कि लापरवाही बरतने वाली सेविकाओं एवं सहायिकाओं का एक-एक दिन का मानदेय कटौती करते हुए बंद आंगनबाड़ी केंद्रों पर 40 बच्चों की पोषाहार की राशि के समतुल्य राशि सेविका के मानदेय मद से कटौती की जाएगी। उन्होंने सेविकाओं से कड़े शब्दों में कहा कि केंद्र संचालन में अनियमितता एवं सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसकी पुनरावृति होने की स्थिति में सेविकाओं की चयन मुक्ति से संबंधित कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को भेजी जाएगी। आपको बता दें कि रजौली प्रखंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति काफी दयनीय है। आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं खोले जाते हैं। साथ ही बच्चों को मिलने वाले नाश्ता एवं खाना भी सही रूप से नहीं दिया जाता है। लोगों से जंगली क्षेत्र में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों के बंद होने की भी जानकारी मिलती रहती है। समय-समय पर अधिकारियों के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का जांच नहीं करने पर अक्सर जंगली क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र में भारी अनियमितता भी देखी जाती है।

**12 आंगनबाड़ी केन्द्रों की जांच में 3 मिले बंद, 6 केन्द्रों पर सेविका थी उपस्थित, 3 केंद्रों पर गायब मिली सेविका**

## कुंदन कुमार बने नवादा इंटक के जिला महामंत्री, मजदूरों के हक के लिए करेंगे संघर्ष

**रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) बिहार ने रजौली के सिमरकोल गांव निवासी कुंदन कुमार को नवादा जिले का नया महामंत्री नियुक्त किया है। यह मनोनयन नवादा में मजदूरों की समस्याओं के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए किया गया है। इंटक ने उनसे जिले में संगठन को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों को एकजुट करने का आह्वान किया है।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह एवं बिहार प्रदेश सचिव एवं बिहार सोशल मीडिया प्रदेश सचिव गोपेश रजौली प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष रामरतन गिरी,प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, प्रखंड महासजीव डॉ अनबरुल समेत समस्त कांग्रेस कमेटी ने कुंदन कुमार को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि इस नियुक्ति से नवादा जिले में मजदूर आंदोलन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है,जिससे श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा मिल सकेगा।उन्होंने बताया कि कुंदन कुमार को नवादा जिले में इंटक को मजबूत करने के लिए पूरी तत्परता से काम करने का निर्देश दिया गया है।उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में मजदूरों को संगठित करना,योजनाओं का लाभ दिलाना,निर्माण मजदूरों को बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधित कराने, संगठन विस्तार, पत्रिका सदस्यता को बढ़ावा,जिलाध्यक्ष को सहयोग के साथ मुख्यालय को रिपोर्ट करना है। जिससे कार्य की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर मुख्यालय को भेजना ताकि संगठन की मजबूती के लिए उचित कार्रवाई की जा सके।इसके अलावा "इंडियन वर्कर" की आजीवन सदस्यता पर जोर दिया गया है। नियुक्ति पत्र में कुंदन कुमार से इंटक की पाक्षिक पत्रिका 'इंडियन वर्कर' की आजीवन सदस्यता लेने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का विशेष अनुरोध किया गया है। यह कदम संगठन के विचारों और गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।नव नियुक्त इंटेक जिला महामंत्री कुंदन कुमार ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा इन लोगों ने जो मुझे पर विश्वास जताया है उस विश्वास पर मैं खरा उतरने की भरपूर कोशिश करूंगा।

### 24 घंटे के अंदर 54 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 14 जुलाई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, बलात्कार में 04, रंगदारी में 07, हत्या के प्रयास में 01, मद्य निषेध में 02 एवं अन्य गिरफ्तारी 40 कुल 54 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 520 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-03 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-03 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 350 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 60 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 04 बरामद किया गया।

## इवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का जिलाधिकारी द्वारा उद्घाटन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 15 जुलाई 2025 को आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के सफल संचालन तथा पारदर्शी एवं सुचारु चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवादा ज़िले के जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अनुमंडल कार्यालय में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह केंद्र मतदाताओं और उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (एस्ट) और वीवीपैट की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की स्थायी प्रदर्शनी, डिजिटल मॉड्यूल और प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध रहेंगें, जो किसी भी व्यक्ति को इन मशीनों के उपयोग संबंधी सभी पहलुओं की जानकारी देंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर में मशीनों की कार्यप्रणाली का स्थायी प्रदर्शन रहेगा, जिससे आम नागरिक प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। साथ ही डिजिटल सहायता के रूप में विशेष मॉड्यूल के जरिए मशीनों के तकनीकी पहलुओं को सरल भाषा में समझाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से चुनाव प्रक्रिया के प्रति जनता का विश्वास बढ़ेगा और जनभागीदारी को बल मिलेगा। ऐसे प्रयासों से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, मतदाता अधिक जागरूक होंगे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कामता पैक्स से जुड़े किसानों की हुई वार्षिक आमसभा

**डिफॉल्टर हुए पैक्स को शीघ्र चालू करने की मांग।**

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के कामता पैक्स से जुड़े किसानों की वार्षिक आम सभा हुई। पैक्स अध्यक्ष अजय शंकर की अध्यक्षता में हुई। इस सभा में सभी पैक्स मतदाता सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित किसानों ने कहा कि तत्कालीन पैक्स अध्यक्ष रविन्द्र सिंह के कार्यकाल में करीब आठ वर्षों से कामता पैक्स डिफॉल्टर पड़ा हुआ है। आठ महीने पूर्व पैक्स चुनाव भी हुआ । इसमें अजय शंकर अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित किए गए है। लेकिन विभागीय अधिकारियों की लाल फीताशाही कानूनी दाव पेंच के कारण अभी तक यह पैक्स फंक्शन में नहीं आया है। इस कारण इससे जुड़े हजारों किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा किसानों की दी जाने वाली तमाम प्रकार की सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। यहां के किसान बिचौलियों के हाथों धान को औने पौने भाव में बेचने पर मजबूर हैं। किसानों को रियायती दर पर खाद बीज एवं अन्य उर्वरक भी नहीं मिल रहा है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया गया औचक निरीक्षण

**एकल पाली में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त ढंग से संपन्न हुई परीक्षा**

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) 2025 द्वारा बिहार पुलिस में सिपाही पद की रिक्तियों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा आज नवादा जिले के कुल 23 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली (दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक) में आयोजित की गई। जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गांधी इंटर विद्यालय नवादा, दीक्षा स्कूल, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल, सीताराम साहू कॉलेज, गंगारानी कॉलेज सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरे, जैमर, वीडियोग्राफी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रूप से हुआ।जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आज जिले के 23 परीक्षा केंद्रों पर कुल 9014 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था, जिनमें से 7629 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1385 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गल्ला व्यवसायी के हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गल्ला व्यवसाय के हत्या के आरोप में एक अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरा कर जेल भेजा गया। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि बीते तीन वर्ष पूर्व बाजार स्थित गल्ला दुकान के संचालक गूंगा की हत्या चाकू से गोद कर कर दिया गया था। जिसका कांड संख्या 173/22 है। प्राथमिक अभियुक्त राजीव कुमार उम्र 22 वर्ष पिता अवधेश प्रसाद उर्फ झूलन पता जहांपुर थाना धनरूआ जिला पटना वर्तमान पता दरोगा कुआं थाना हिलसा जिला नालंदा को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मृतक का नाम उत्तम कुमार उर्फ गूंगा है। इसको लाठी डंटा एवं चाकू से गोदकर हत्या किया गया था।

## धान की सीधी बुआई प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन विषयक तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा दिनांक 16 जुलाई 2025 को "धान की सीधी बुआई प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन" विषय पर तीन दिवसीय (16-18 जुलाई 2025) कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम "कौशल से किसान समृद्धि" परियोजना के अंतर्गत विशेष रूप से अनुसूचित जाति के किसानों के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 20 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया, जिसमे बिहार के गया जिले से 16 एवं झारखंड के रामगढ़ जिले से 4 थे। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में डॉ. दास ने कहा कि धान की सीधी बुआई में खरपतवार की समस्या एक प्रमुख चुनौती है, और यदि इसका वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन किया जाए तो यह प्रणाली किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकती है। डॉ. दास ने सभी किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें फसल की नई किस्मों एवं तकनीकों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, जिससे वे खेती में अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस प्रणाली को अपनाने से पूर्वी भारत की लगभग 10 मिलियन हेक्टेयर धान परती भूमि का प्रभावी उपयोग संभव है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. संजीव कुमार ने धान की सीधी बुआई की प्रक्रिया, इसके लाभ, प्रमुख चुनौतियों एवं समाधान पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह तकनीक न केवल उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि श्रम एवं सिंचाई जल की भी बचत करती है। साथ ही, खरपतवार नियंत्रण की रणनीतियों को व्यवहारिक दृष्टिकोण से समझाया गया। इस क्रम में डॉ. राकेश कुमार ने खरपतवार प्रबंधन में प्रयुक्त उपयुक्त रसायनों, जल प्रबंधन तकनीकों एवं फसल वृद्धि के विभिन्न चरणों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को प्रभावशाली खरपतवार नियंत्रण तकनीकों की जानकारी दी जिससे खेतों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि संभव हो सके। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. पी. के. सुंदरम, डॉ. धीरज कुमार सिंह, डॉ. कुमारी शुभा, डॉ. अभिषेक कुमार दुबे, डॉ. गोस अली एवं संस्थान के सभी विशेषज्ञों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक कुमार दुबे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुमारी शुभा द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 18 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से सशक्त करना एवं उन्हें उनकी खेती की पद्धतियों में नवाचार के लिए प्रेरित करना है ताकि वे अधिक उत्पादन कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

## स्वास्थ्य मंत्री ने आधुनिक जांच सुविधाओं से युक्त ममता मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल दरौंधा का उद्घाटन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, पटना द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए ममता मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की स्थापना, चिंतामनपुर, दरौंधा, सिवान में की है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता को राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराना है। इसकी स्थापना अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन "ट्रस्ट" द्वारा की गई है। 16 जुलाई 2025 (बुधवार) को ममता मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सिटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड जांच की सुविधा का उद्घाटन मंत्री स्वास्थ्य व विधि विभाग मंगल पाण्डेय के कर कमलों द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि विजय लक्ष्मी देवी, माननीय सांसद, सिवान, करणजीत सिंह उर्फ व्यास जी, सदस्य, बिहार विधान सभा देवेश कान्त सिंह, सदस्य, बिहार विधान सभा के साथ ही विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) बिरेन्द्र नारायण यादव, सदस्य बिहार विधान परिषद्, सारण, मनोज सिंह, चेयरमैन, जिला को-ऑपरेटिव, सिवान, श्री आदित्य प्रकाश जिलाधिकारी, सिवान, मुकेश कुमार, उप-विकास आयुक्त, सिवान, मनोज कुमार तिवारी, पुलिस अधीक्षक, सिवान, डॉ. श्रीनिवास प्रसाद, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिवान, संगीता यादव, अध्यक्ष, जिला पार्षद, सिवान एवं डॉ. कौशल कुमार गिरि, चेयरमैन, ममता मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल उपस्थित रहें। भावना ठाकुर एवं मिस श्रेया ने आगत अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। चेयरमैन डॉ. कौशल कुमार गिरि एम.एम.सी.एच. ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर तथा मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अलका सिंह सिंह ने मेमेंटो देकर तथा डॉ. शारदा, डॉ. गुल्फ्फसन एवं डॉ. तंजीला ने प्लांट पॉट भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अर्पणा, पायल, खुशी, सुचिता एवं दीप शीखा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। जिसके उपरान्त आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेदकर के फोटो पर माल्यार्पण के साथ ही दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि बिहार सरकार की यह प्राथमिकता है कि ग्रामीण और दूर-दराज के क्ष

## हर महीने 50000 रुपये से कम कमाने वाले 93 प्रतिशत वेतनभोगी क्रेडिट कार्ड पर निर्भर

### स्वरोजगार वाले 85 फीसदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कम कमाईकरने वाले लोगों की क्रेडिट कार्ड पर निर्भरता बढ़ रही है। थिंक 360 डॉट एआई के एक अध्ययन में कहा गया है, हर महीने 50,000 रुपये से कम कमाने वाले लगभग 93 फीसदी वेतनभोगी इस प्लास्टिक मनी पर निर्भर हैं। वहीं, स्वरोजगार वाले 85 फीसदी व्यक्ति भी क्रेडिट कार्ड पर निर्भर हैं। मंगलवार को जारी अध्ययन के मुताबिक, 'अभी खरीदें और बाद में भुगतान करें' (बीएनपीएल) सेवाओं का इस्तेमाल 18 फीसदी स्वरोजगार और 15 फीसदी वेतनभोगी व्यक्ति करते हैं। यह अध्ययन 20,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वित्तीय व्यवहार के विश्लेषण पर आधारित है।

थिंक 360 डॉट एआई के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमित दास ने कहा, भारत के विकसित होते कर्ज परिदृश्य में क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल अब वेतनभोगी पेशेवरों से लेकर अस्थायी कर्मियों तक सभी के लिए जरूरत बन गए हैं। फिनटेक कंपनियों के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुएअध्ययन में कहा गया है कि ये कंपनियां भारत की डिजिटल ऋण क्रांति का नेतृत्व कर रही हैं। फिनटेक कंपनियों ने वित्त वर्ष 2022-23 में 92,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यक्तिगत कर्ज वितरित किए, जो मात्रा के हिसाब से सभी नए कर्ज का 76 फीसदी है।

## रिलायंस या जियो के नकली ट्रेडमार्क वाले प्रोडक्ट को हटाइए

### अमेजन-फ्लिपकार्ट पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रिलायंस और जियो के नकली ट्रेडमार्क को लेकर एक अहम आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन और फ्लिपकार्ट से नकली ट्रेडमार्क को अपने प्लेटफॉर्म पर जगह नहीं देने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने आदेश दिया कि रिलायंस और जियो के ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले सभी उत्पादों के

निर्माण और उनके विज्ञापनों पर भी रोक लगा दी जाए।

### क्या है मामला

दरअसल, कई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर रिलायंस और जियो के ट्रेडमार्क से मिलते-जुलते नामों और कंपनी-लोगो का इस्तेमाल करके, उत्पादों को बेचा जा रहा था। रिलायंस और जियो की साख का फायदा उठाकर ये कंपनियां ग्राहकों के भरोसे से खेल रही थीं। कोर्ट ने रिलायंस की दलीलों से सहमति जताते हुए कहा कि ऑनलाइन अथवा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से बेचे जाने वाली उपभोक्ता वस्तुओं की पहचान के लिए ग्राहक ब्रांड नाम और कंपनी-लोगो पर निर्भर करते हैं।

# एचडीएफसी की बोर्ड बैठक 19 को

## बोनस शेयर और विशेष लाभांश पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक ने 19 जुलाई को होने वाली बैठक में बोनस शेयर और विशेष अंतरिम लाभांश जारी करने का फैसला करेगा। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 23 जून को बैंक ने घोषणा की थी कि उसका बोर्ड चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय परिणामों पर विचार करने और उन्हें मंजूरी देने के लिए 19 जुलाई को बैठक करेगा। बोनस शेयर का मतलब है, एक कंपनी द्वारा अपने मौजूदा शेयरधारकों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के दिए जाने वाले अतिरिक्त शेयर। इसे कंपनी अपने मुनाफे को शेयरधारकों के साथ बांटने के तरीके के रूप में इस्तेमाल करती है। विशेष अंतरिम लाभांश का मतलब है, कंपनी द्वारा अपने शेयरधारकों को वित्तीय वर्ष के दौरान, सामान्य लाभांश के अतिरिक्त, एक विशेष भुगतान करना। यह भुगतान आमतौर पर कंपनी के असाधारण लाभ या किसी विशेष घटना के कारण किया जाता है।

- **बीएसई पर शेयर उच्च स्तर पर पहुंचे-** इस घोषणा के बाद बीएसई पर बैंक के शेयर सुबह के कारोबार में 1.33 प्रतिशत बढ़कर 2,021.90 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गए।
- **अग्रिम वृद्धि उद्योग के बराबर करने का लक्ष्य-** बुधवार को एक नियामक फाइलिंग में, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसका बोर्ड वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के इक्विटी शेयरों पर एक विशेष अंतरिम लाभांश की घोषणा के प्रस्तावों पर भी विचार करेगा। साथ ही बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन बोनस शेयर जारी करेगा।

एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ शशिधर जगदीशन ने वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा था कि बैंक को विश्वास है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी अग्रिम वृद्धि उद्योग के बराबर होगी और अगले वर्ष यह इससे आगे निकल जाएगी।

- **मार्च में शुद्ध लाभ में आई 10.7 प्रतिशत की वृद्धि-** मार्च 2025 तक बैंक का शुद्ध लाभ 10.7 प्रतिशत बढ़कर 67,347.4 करोड़ रुपये हो गया और बैलेंस शीट 8 प्रतिशत बढ़कर 39.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई।

## एक ही दिन में 51 प्रतिशत गिर गया अशोक लेलैंड का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अशोक लेलैंड शेयर के आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। अशोक लीलैंड के शेयरों का मूल्य बुधवार को लगभग 51 प्रतिशत घटकर आधा रह गया, जो 250.85 रुपये से घटकर 123.95 रुपये रह गया। इस कदम ने कई निवेशकों को चौंका दिया होगा। लेकिन यह भारी गिरावट बाजार में भारी गिरावट नहीं है; यह कंपनी के 1:1 बोनस इश्यू का नतीजा है, जो आज से प्रभावी हुआ है और जिसने शेयरधारक होल्डिंग्स के मूल्य को प्रभावित किए बिना शेयर की कीमत को तदनुसार समायोजित किया है। कंपनी के शेयर में आज 2 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। कंपनी के शेयर 122.80 रुपये पर आ गया था। बता दें कि कंपनी ने रिकॉर्ड डेट यानी आज शेयरधारकों द्वारा धारित प्रत्येक एक शेयर के बदले एक बोनस शेयर जारी करने की घोषणा की थी।

### क्या है डिटेल

इसका मतलब है कि मंगलवार को बंद होने तक शेयरधारकों के डीमैट खाते में जितने शेयर थे, उन्हें समान अनुपात में बोनस शेयर जारी किए जाएंगे। उदाहरण के लिए, यदि किसी शेयरधारक के पास अशोक लीलैंड के 20 शेयर हैं, जिनका मूल्य 4,000 है, तो अब वे 40 शेयरों में बदल जाएंगे (1:1 के अनुपात में समायोजित), लेकिन मूल्य वही रहेगा।

### 14.2 लाख छोटे रिटेल शेयरधारक हैं

मार्च तिमाही के अंत में अशोक लीलैंड के लगभग 14.2 लाख छोटे रिटेल शेयरधारक थे, यानी जिनकी अंतर्निहित शेयर पूंजी 2 लाख तक थी। 31 मार्च, 2025 तक इन शेयरधारकों के पास कंपनी में 9.38 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

### छोटे से शहर से निकलकर ऐसी की तरक्की कि लोग देखते रह गए

# अब 280 करोड़ के टर्नओवर वाला कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के एक छोटे से शहर भिलाई से निकलकर राहुल सिंह ने असाधारण सफलता हासिल की है। वह मध्यमवर्गीय परिवार से हैं। उन्होंने सरकारी स्कूल में पढ़ाई की है, जहां पंखे जैसी बुनियादी सुविधाएं भी अक्सर नहीं होती थीं। उन्होंने अरविंद गणेशन के साथ मिलकर इकोसोल होम की स्थापना की। यह इको-फ्रेंडली प्रोडक्ट ब्रांड है जिसने अपनी शुरुआत से सिर्फ तीन सालों में ही 280 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल किया। कंपनी बांस और ताड़ के पत्तों से प्रोडक्ट बनाती है। यह कहानी न केवल उद्यमशीलता की भावना को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि कैसे एक व्यक्ति अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक

प्रभाव डाल सकता है। आइए, यहां राहुल सिंह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**अमेरिका में कई बड़ी कंपनियों में की नौकरी -** 2001 में 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद राहुल ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सूरत से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया और 2005 में ग्रेजुएट हुए। इसके बाद उन्होंने ज़ेवियर - जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर से एमबीए किया। 2008 से 2019 तक उन्होंने अमेरिका में कई बड़ी कंपनियों के साथ काम करते हुए एक सफल कॉर्पोरेट करियर बनाया। बोस्टन में एक प्रसिद्ध ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म वेफेयर में वह टॉप लेवल तक पहुंचे। वेफेयर में काम करते हुए राहुल और उनके सहयोगी अरविंद गणेशन ने टिकाऊ उत्पाद श्रेणियों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी दौरान, उन्होंने पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के लिए एक विशाल बाजार की मांग को पहचाना। यही इकोसोल होम के विचार का जन्म था। अरविंद गणेशन के पास ड्यूक यूनिवर्सिटी से एमबीए और उत्पाद प्रबंधन, मार्केटिंग तथा सप्लाई चेन ऑपरेशंस में 15 से ज्यादा वर्षों का अनुभव है।

### नौकरी छोड़ने का बड़ा जोखिम लिया

अपने बड़े सपने को पूरा करने के लिए राहुल और अरविंद ने अपनी आरामदायक और सुरक्षित कॉर्पोरेट नौकरी छोड़ दी। अगस्त 2020 में उन्होंने 4 करोड़ रुपये की शुरुआती पूंजी के साथ इकोसोल की शुरुआत की। यह पैसा उनकी अपनी बचत और परिवार व दोस्तों के सहयोग से आया था। राहुल ने तो अपने सपनों को पंख देने के लिए न्यूयॉर्क में अपना घर भी बेच दिया। 2021 में वह भारत में मैन्यूफैक्चरिंग पहलुओं की देखरेख के लिए नोएडा चले गए। शुरुआती दिनों में उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। फंडिंग की कमी इतनी थी कि वह 14 महीने तक वेतन नहीं ले पाए। राहुल और उनके परिवार को अपनी पहली फंडिंग मिलने तक फर्श पर सोना पड़ा था, क्योंकि उत्पादों और पैकेजिंग बॉक्स से उनके न्यूयॉर्क स्थित घर का बेडरूम और किचन भर गया था। उनकी प प्रतिशती प्रियंका ने भी शुरुआत से ही कंपनी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### चुनौतियों का समाधान किया पेश

राहुल और उनकी टीम इकोसोल में सिर्फ एक व्यवसाय का निर्माण नहीं कर रहे हैं, बल्कि स्थिरता की दिशा में एक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। वे स्थायी उत्पादों के बाजार में तीन मुख्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं- जागरूकता, सामर्थ्य और उपलब्धता। राहुल का मानना है कि महामारी ने पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के बारे में जागरूकता को तेज किया है। लेकिन, इन उत्पादों का महंगा होना एक चुनौती बनी हुई है। इससे लोग सस्ते प्लास्टिक उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं। इकोसोल ने बड़े पैमाने पर उत्पादन और किसानों से सीधे कच्चे माल की सोर्सिंग करके इस चुनौती का समाधान किया है। इससे बिचौलियों का कमीशन कम हो गया है। उनके ब्रांड ने लाखों सिंगल-यूज प्लास्टिक को बदलकर, 3600 पेड़ों को बचाकर और गन्ने की खोई का उपयोग करके पर्यावरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। राहुल का स्थिरता के प्रति जुनून उनकी सांस्कृतिक विरासत से भी जुड़ा है, जहां भारतीय पारंपरिक रूप से एक पर्यावरण-अनुकूल जीवन जीते थे।

# अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा ट्रंप की नीतियों का असर, महंगाई और रोजगार पर बढ़ रहा दबाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के छह महीने पूरे होते-होते उनकी नीतियों का असर अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। एक तरफ टैरिफ की अफरा-तफरी भरी घोषणाओं की वजह से दुकानों पर सामानों के दाम बढ़ रहे हैं, तो दूसरी तरफ सख्त इमिग्रेशन नियमों के चलते रोजगार के आंकड़े ठहराव की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि, अभी ये असर इतना गहरा नहीं है कि अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार दे।

**महंगाई में टैरिफ का हाथ-** लाइव मिंट में प्रकाशित खबर के मुताबिक जून महीने में महंगाई दर 2.7 प्रतिशत रही, जो विशेषज्ञों के अनुमान के करीब थी, लेकिन चिंता की बात यह है कि फर्नीचर और कपड़ों जैसे आयातित सामानों की कीमतें बढ़ी हैं। यूबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक, कारों को छोड़कर बाकी जरूरी सामानों की महंगाई तीन साल में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ की वजह से आने वाले महीनों में यह ट्रेंड जारी रह सकता है।

**कच्चे माल के दाम आसमान पर-** ट्रंप ने 1 अगस्त से आयातित तांबे पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा करते ही उसकी कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। इसी तरह स्टील और एल्युमिनियम जैसे जरूरी कच्चे माल के दाम भी बढ़े हैं।

### येल यूनिवर्सिटी के बजट लैब का डरावना आंकड़ा

रविवार तक अमेरिकी उपभोक्ताओं पर औसतन 20.6 प्रतिशत का टैरिफ बोझ था। यह 1910 के बाद से सबसे ऊंचा स्तर है। येल लैब का अनुमान है कि टैरिफ की वजह से हर परिवार की सालाना आय पर औसतन 2,800 का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। हालांकि, आयातकों के पुराने स्टॉक और जहाजों में देरी की वजह से टैरिफ का पूरा असर अभी दिखना बाकी है।

# सिंगापुर दुनिया का सबसे महंगा शहर अपनी मुंबई भी टॉप-20 में शामिल

**नई दिल्ली।** जूलियस बेयर समूह ने अपनी ताजा रैंकिंग जारी की है। इसमें पता चला है कि सिंगापुर दुनिया का सबसे महंगा शहर बन गया है। उसके बाद दूसरे नंबर पर लंदन है। भारत की बात करें तो अपनी मुंबई भी इस सूची में 20वें पायदान पर है और भारत का सबसे महंगा शहर है। पिछले साल भी मुंबई की रैंकिंग यही थी।

### कैसे तय होती है रैंकिंग

जूलियस बेयर का यह सर्वे (लाइफस्टाइल इंडेक्स) दुनिया के 25 बड़े शहरों में रहन-सहन और ऐशो-आराम की चीजों पर होने वाले खर्च को आधार बनाता है। इसमें घर, कार, बिजनेस क्लास उड़ानें, स्कूल की फीस, महंगा खाना और दूसरी लग्जरी चीजें शामिल हैं।

**एशिया का दबदबा-** टॉप-20 शहरों में से आठ एशिया के हैं, जैसे सिंगापुर, हांगकांग (तीसरा), शंघाई (छठा), बैंकॉक, टोक्यो, जकार्ता, मुंबई और मनीला।

### 65 फीसदी लोग गैजेट्स पर करते हैं खर्च

रिपोर्ट के अनुसार, एशिया देशों की रैंकिंग के लोग सबसे ज्यादा मोबाइल और बाहर रेस्टोरेंट में भोजन करने पर खर्च करते हैं, जहां प्रतिशत दोनों का अलग-अलग 65 प्रतिशत है। वहीं, होटल में रूकने पर 64 फीसदी, स्वास्थ्य पर 63 प्रतिशत और कपड़ों पर 55 फीसदी खर्च करते हैं। इसी तरह यूरोप में लोग सबसे ज्यादा 44 फीसदी रेस्तरां में खाने पर, अमेरिका में स्वास्थ्य पर 43 फीसदी, दक्षिण अमेरिका में गाड़ी पर 52 फीसदी और अफ्रीका में सबसे ज्यादा होटल में रुकने पर 65 फीसदी खर्च करते हैं।

# नतीजों से मायूस निवेशक बेच रहे एचडीबी फाइनेंशियल के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीबी फाइनेंशियल के शेयरों में आज तगड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर इंट्राडे में लगभग 4 प्रतिशत गिरकर 810 रुपये प्रति शेयर के नए 52-हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंच गए। निवेशक कंपनी के ताजा नतीजों से मायूस दिखे।

हाल ही में स्टॉक मार्केट में लिस्ट हुई एचडीएफसी बैंक की इस सहायक कंपनी ने अपना पहला नतीजा पेश किया। 30 जून को खत्म हुए तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा साल पहले की तिमाही के मुकाबले 2.4 प्रतिशत घटकर 567.7 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह 581.7 करोड़ रुपये था।

### रेवेन्यू में रौनक

हालांकि, कुछ अच्छी खबरें भी हैं। कंपनी का नेट इंटरेस्ट इनकम साल दर साल 18.3 प्रतिशत बढ़कर 2091.8 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह 1768.2 करोड़ रुपये था।

पिछली तिमाही (1972.8 करोड़) के मुकाबले भी यह ज्यादा है। कुल ऑपरेशनल रेवेन्यू भी साल दर साल 15 प्रतिशत और तिमाही दर तिमाही 4.6 प्रतिशत बढ़कर 4465.4 करोड़ रुपये हो गया।

### कर्ज का बोझ बढ़ा

मुनाफा घटने की एक बड़ी वजह है प्रोविजन में भारी बढ़ोतरी। कर्ज के नुकसान और प्रोविजन का खर्च पिछले साल की इसी तिमाही के 412 करोड़ रुपये से बढ़कर इस बार 670 करोड़ रुपये हो गया। इसका असर सीधा कंपनी की कमाई पर पड़ा। कर से पहले का मुनाफा 784 करोड़ रुपये से घटकर 733 करोड़ रुपये रह गया।

### कर्ज की गुणवत्ता भी खराब

कंपनी के खराब कर्ज (ग्रॉस स्टेज 3 लोन) बढ़कर 2.56 प्रतिशत हो गए, जो पिछले साल 1.93 प्रतिशत थे। नेट स्टेज 3 लोन भी 0.77 प्रतिशत से बढ़कर 1.11 प्रतिशत हो गए। इसके अलावा, खराब कर्ज पर प्रोविजन कवरेज भी घटकर 56.7 प्रतिशत रह गया।

### गौतम अडानी की चाल से फंस गया जेपी एसोसिएट्स की बिक्री में पेच

# बैंकों की बढ़ गई मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी कंपनी जेपी एसोसिएट्स के लेंडर्स की मुश्किलें बढ़ गई है। ऐसा अडानी एंटरप्राइजेज की बिना शर्त बोली के कारण हुआ है। जेपी एसोसिएट्स को खरीदने के लिए अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने बिना शर्त बोली लगाई है। सूत्रों के अनुसार इससे कर्जदाताओं के सामने एक अजीब स्थिति पैदा हो गई है। कर्ज चुकाने के लिए कर्जदाताओं को सभी बोलियों का मूल्यांकन करना होता है। लेकिन जेपी एसोसिएट्स के लिए बोली लगाने वाली दूसरी कंपनियों ने कुछ शर्तों के साथ बोलियां लगाई हैं। इसका मतलब है कि उनकी बोलियां कुछ खास परिस्थितियों पर निर्भर करती हैं।

वैसे तो आईबीसी (इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड) कर्जदाताओं को बिना शर्त वाली बोली चुनने से नहीं रोकता है। अगर कोई और बिना शर्त वाली बोली नहीं है, तो वे ऐसा कर सकते हैं। आईबीसी एक कानून

है जो कंपनियों को दिवालिया होने से बचाता है और कर्ज चुकाने में मदद करता है। लेकिन अडानी की बोली सबसे ज्यादा नहीं है। इसलिए कर्जदाता एक तरह से फंस गए हैं। उनका कहना है कि यह मुश्किल तभी दूर हो सकती है जब एक से ज्यादा बिना शर्त वाली बोली हो।

### अडानी की बोली

श्वञ्ज ने 8 जुलाई को खबर दी थी कि अडानी एंटरप्राइजेज ने जेपी एसोसिएट्स के लिए 12,600 करोड़ रुपये की बिना शर्त बोली लगाई है। उसकी बोली सबसे मजबूत मानी जा रही है क्योंकि इसमें भुगतान किसी भी अप्रत्याशित घटना से जुड़ा नहीं है। इसका मतलब है कि अडानी कंपनी को भविष्य में होने वाले नुकसान की परवाह किए बिना भुगतान करने को तैयार है।

### स्विस चैलेंज मेथड

सूत्रों के अनुसार कर्जदाता इस हफ्ते बोली लगाने वालों से उनकी बोलियों में शामिल शर्तों के बारे में स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। वे जानना चाहते हैं कि ये शर्तें क्या हैं और उनका क्या मतलब है। अगर यह मुश्किल हल हो जाती है, तो कर्जदाता एक चैलेंज ऑक्शन पर विचार कर रहे हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से बोलियां लगाई जाएंगी। वे स्विस चैलेंज मेथड भी चुन सकते हैं। इसमें सबसे ऊंची बोली को नीलामी के लिए आधार मूल्य बनाया जाएगा। नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी जेपी एसोसिएट्स के कर्जदाताओं का प्रतिनिधित्व करती है। उसने ईमेल के जरिए पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। अडानी एंटरप्राइजेज, जिंदल पावर, डालमिया सीमेंट भारत और वेदांता ने भी सवालों का जवाब नहीं दिया। जेपी एसोसिएट्स के लिए समाधान योजनाएं जून के आखिरी हफ्ते में सौंपी गई थीं। इसके बाद कंपनी के कर्जदाता योजनाओं की समीक्षा के लिए दो बार मिल चुके हैं। वे यह तय करने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन सी योजना सबसे अच्छी है और कंपनी को कर्ज से बाहर निकालने में मदद कर सकती है।

## गौरव चोपड़ा ने पुष्पा इम्पॉसिबल में अपने लुक को खुद किया डिज़ाइन

सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की भूमिका निभा रहे गौरव चोपड़ा अपनी दमदार अदायगी से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। वकील के किरदार में गौरव, पुष्पा (करुणा पांडे) की कानून की पढ़ाई के सफर में उसे चुनौती भी देते हैं और उसका समर्थन भी करते हैं। अपने खास स्क्रीन प्रेजेंस और संवेदनशील अभिनय से गौरव शो में एक गहराई लेकर आए हैं, और अब उन्होंने पर्दे के पीछे भी अपना हुनर दिखाया है, खास बात यह है कि इस बार एक फैशन डिज़ाइनर के रूप में। बहुत कम लोग जानते हैं कि गौरव एक ट्रेंड फैशन डिज़ाइनर हैं। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) के पूर्व छात्र गौरव की रुचि खूबसूरती और सौंदर्यबोध में हमेशा से रही है। इस बार उन्होंने अपनी यह कला शो की वॉर्डरोब टीम के साथ साझा की।

अपने किरदार पर काम करते हुए गौरव और शो की क्रिएटिव टीम ने साफ आइडिया निकाला कि इस वकील के लुक में गहराई, क्रिएटिविटी और स्वतंत्रता की भावना झलकनी चाहिए, एक ऐसा योद्धा जो शब्दों और स्केच के बीच जीता है। उनके किरदार के लिए पहने गए कई आउटफिट्स गौरव ने खुद चुने या डिज़ाइन किए हैं, जैसे कि मिट्टी के रंग के लिनन शर्ट और पैंट की जोड़ियाँ। प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की भूमिका निभा रहे गौरव चोपड़ा कहते हैं, डिज़ाइनिंग मेरा पहला प्यार है, और अभिनय मेरा हमेशा का जुनून। पुष्पा इम्पॉसिबल के ज़रिए मुझे दोनों को एक साथ निभाने का मौका मिला। मैं चाहता था कि मेरे किरदार के कपड़े भी उतने ही आकर्षक हों, जितनी राजवीर की सोच, बिल्कुल परतदार, योद्धा के समान, मिट्टी से जुड़े और थोड़े अनपेक्षित। एक दिन सेट पर कॉस्ट्यूम टीम एक अहम् सीन के लिए सही लुक ढूँढ रही थी, तभी मैं अपने खुद के वार्डरोब से तैयार एक आउटफिट पहनकर आया, जिसे मैंने कुछ त्वरित बदलावों के साथ फिट कर लिया। डिज़ाइन करना मेरे लिए स्वाभाविक है। मैंने हमेशा माना है कि जो आप पहनते हैं, वो आपसे पहले बोलता है, और इस किरदार के पास कहने को बहुत कुछ है। शॉट्स के बीच में भी आप मुझे डायलॉग्स नहीं, बल्कि कपड़ों के डिज़ाइन स्केच करते हुए पाएँगे! अब टीम मुझे प्यार से कॉस्ट्यूम दादा कहकर बुलाती है, जब भी मैं कुछ हटकर पहन कर आता हूँ।

## डेब्यू से पहले पापा को दिखाती थी प्रैक्टिस वीडियो, मिलती थी सलाह

आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बताया कि उनके माता-पिता संजय कपूर और महीप कपूर उनके सबसे सच्चे सलाहकार हैं। इंटरव्यू में जब शनाया कपूर से पूछा गया कि उनके माता-पिता ने उनके डेब्यू पर क्या प्रतिक्रिया दी, तो उन्होंने बताया कि उनके पापा संजय कपूर हमेशा से उन्हें सही राय देने वाले इंसान हैं। जब वह अपनी फिल्म की तैयारी कर रही थीं, तो वह अपने प्रैक्टिस वीडियो पापा को दिखाती थीं। वीडियो देखने के बाद उन्होंने हर बार सीधी और साफ बात कही, जो चीज अच्छी लगी, उसकी तारीफ की, और जो सुधारने लायक थी, वो भी साफ-साफ बता दी।

शनाया कपूर ने कहा, मेरे पापा मेरे सबसे सच्चे सलाहकार हैं। जब भी मैं अपनी एक्टिंग की तैयारी कर रही होती थी या कोई प्रैक्टिस वीडियो पापा को दिखाती, तो वह सीधी और सच्ची राय देते थे। कहां सुधार की जरूरत है और कौन-सी चीजें मैं और अच्छे से कर सकती हूं, वह सबकुछ बताते थे। मेरी मम्मी भी बिल्कुल साफ-साफ बात करती हैं। मेरे माता-पिता हमेशा ईमानदारी से फीडबैक देते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि फिल्म इंडस्ट्री बहुत सख्त है, यहां किसी को आसानी से जगह नहीं मिलती, इसके लिए मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, ये मौका जिंदगी में एक बार ही मिलता है और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह मिला है। अब जब मुझे यह मौका मिला है, तो मैं चाहती हूं कि इसका पूरा फायदा उठाऊं। मुझे इस इंडस्ट्री में अपनी जगह खुद बनानी होगी और लोगों का प्यार और अपनापन भी खुद कमाना होगा। मेरे माता-पिता यह बात समझते हैं कि इसमें समय और बहुत मेहनत लगती है, इसलिए वे हमेशा मेरे और मेरे काम के प्रति ईमानदार रहते हैं। वे कभी-कभी कड़ी और सख्त बातें भी बोलते हैं, जो सुनना आसान नहीं होता।

शनाया कपूर ने एक्टर होने की जिम्मेदारी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, एक एक्टर होने के नाते, आपकी जिम्मेदारी दर्शकों के प्रति होती है और जब आप कैमरे के सामने होते हैं, तो आपको ईमानदारी से अपना बेस्ट देना होता है। ऐसा कुछ पाना आशीर्वाद की तरह होता है, क्योंकि जो काम आप कैमरे के सामने करते हैं, वह हमेशा के लिए रिकॉर्ड होता है। कई बार जब कोई सीन खत्म होता है, तो यह सोचकर अजीब और बहुत खास महसूस होता है कि जो मैंने अभी किया, वह हमेशा के लिए कैमरे में कैद हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसी वजह से उनके माता-पिता हमेशा उनके साथ ईमानदार रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा, मैं उनके इस ईमानदार रवैये के लिए दिल से शुक्रगुजार हूं।

## लकड़बग्घा 2 में शामिल हुईं सारा जेन डियास

अभिनेत्री सारा जेन डियास अब फिल्म लकड़बग्घा 2- द मंकी बिजनेस की कास्टिंग टीम में शामिल हो गई हैं। इस बात की जानकारी अभिनेता और फिल्म निर्माता अंशुमन झा ने दी है। फिल्म से जुड़ने को लेकर अपनी खुशी जताते हुए सारा जेन डियास ने कहा, मुझे लकड़बग्घा 1 बहुत पसंद आई थी। जब मैंने सुना कि यह फिल्म एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा है जिसमें जानवरों से प्यार करने वाला एक हीरो है, और अब यह कहानी आगे बढ़ रही है, तो मैं बहुत उत्साहित हो गई। ऐसी फिल्में बहुत कम मिलती हैं जो एक्शन के साथ कोई अच्छा मकसद भी दिखाएं, जिसमें बेजुबान जानवरों की रक्षा करना शामिल हो। उन्होंने कहा कि लकड़बग्घा 2 आज के समय से जुड़ी हुई और भावनाओं से भरी फिल्म है।

सारा ने कहा, इस फिल्म ने मुझे वो मौका दिया, जिसका मैं लंबे समय से सपना देख रही थी। मैं स्क्रीन पर एक्शन करना चाहती थी। मैं बहुत खुश हूं कि अंशुमन ने मुझे फिल्म का हिस्सा बनाया। बाकी टीम के साथ इस सफर में शामिल होकर अच्छा महसूस हो रहा है। अंशुमन ने अपने सोशल मीडिया पर सारा के शामिल होने की जानकारी देते हुए लिखा कि सारा के आने से लकड़बग्घा की टीम और भी ताकतवर और दमदार हो गई है। वह पर्दे पर एक शांत लेकिन जबरदस्त असर लेकर आती हैं। उन्होंने कहा, सारा की ताकत, सादगी और गहराई उन्हें लकड़बग्घा की दुनिया के लिए एकदम सही बनाती है। इस बार सिर्फ हमारी टीम वापस नहीं आई है, बल्कि और भी ज्यादा मजबूत, दमदार और गहराई से भरी हुई है। रिद्धि के बाद अब सारा के आने से हमारी कहानी में भावनाएं भी बढ़ी हैं और इसकी पहुंच भी।

## मुझे राइटिंग से हो गया है गहरा लगाव

फिल्म मेकर और एक्टर रणदीप हुडा ने बताया कि एक्टिंग उनका पहला प्यार है, लेकिन अब राइटिंग उनके लिए सबसे खुशी देने वाला हिस्सा बन गया है। रणदीप ने कहा, पिछले कुछ सालों में समय के साथ मुझे राइटिंग से गहरा लगाव हो गया है। यह मेरे लिए किसी भी रचनात्मक प्रक्रिया का सबसे अच्छा हिस्सा है। जब मैं अभिनय करता हूं, तो मैं दूसरों की लिखी कहानियों का हिस्सा बनता हूं, लेकिन लेखन मुझे वो कहानियां गढ़ने का मौका देता है, जिन्हें मैंने जिया है, देखा है या कल्पना की है। वह वर्तमान में मुंबई के वर्सोवा और आराम नगर पर आधारित छोटी कहानियों की एक सीरीज पर काम कर रहे हैं। ये कहानियां हर रविवार को सड़क किनारे बांसुरी बेचने वाले एक व्यक्ति के जीवन, शहर में संघर्षरत अभिनेताओं के सफर, कास्टिंग काउच की कठोर सच्चाइयों और कई अन्य कहानियों को छूती हैं। रणदीप ने कहा, वर्सोवा और आराम नगर मानवीय महत्वाकांक्षाओं और अस्तित्व के ऐसे खामोश रंगमंच रहे हैं, और मैं इन कहानियों को जीवंत करना चाहता था। उन्होंने बताया, हर रविवार मुझे एक बांसुरी वाला उसी कोने पर खड़ा दिखता है, जो ऐसी धुनें बजाता है जो शहर के शोर में अक्सर दब जाती हैं। उसके पीछे महत्वाकांक्षी अभिनेताओं, रोजमर्रा के संघर्षों, छोटी जीतों और दिल टूटने की दुनिया है। उन्होंने कहा, इन कहानियों को लिखने से मुझे उद्देश्य की अनुभूति होती है और हमारे आसपास की जिंदगी की परतों पर विचार करने का मौका मिलता है। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो, वह अगली बार 'मैचबॉक्स' में नजर आएंगे, जो सैम हार्ग्रेव के निर्देशन में बन रही अमेरिकी एक्शन एडवेंचर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म इसी नाम के मशहूर टॉय ब्रांड पर आधारित है और इसमें जॉन सीना, जेसिका बील, सैम रिचर्डसन, आर्टुरो कास्त्रो, टेयोना पैरिस, रणदीप, दनाई गुरिरा और कोरी स्टोल भी नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में रिलीज होने वाली है। रणदीप हुडा के पास 'ऑपरेशन खुकरी' नामक एक महाकाव्य युद्ध ड्रामा भी है। रणदीप ने मेजर जनरल राजपाल पुनिया और दामिनी पुनिया की किताब 'ऑपरेशन खुकरी- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ द इंडियन आर्मीज ब्रेवेस्ट पीसकीपिंग मिशन अब्रॉड' के आधिकारिक फिल्म अधिकार हासिल कर लिए हैं। फिल्म 'ऑपरेशन खुकरी' 2000 की वास्तविक घटनाओं को पर्दे पर लाएगी, जब पश्चिम अफ्रीका के सिएरा लियोन में विद्रोही बलों ने 233 भारतीय सैनिकों को बंधक बना लिया था।

## वरुण धवन की आगामी फिल्म की रिलीज डेट टली, अब इस दिन सिनेमाघरों में देगी दस्तक

वरुण धवन और जान्हवी कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। इस फिल्म के लिए अभी फैंस को और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि मेकर्स ने फिल्म रिलीज की नई तारीख की घोषणा की है। चलिए जानते हैं अब कब किस दिन रिलीज होगी फिल्म।




### इस दिन सिनेमाघरों में होगी रिलीज

वरुण धवन की आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के निर्माताओं ने नई रिलीज डेट की घोषणा की है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि यह फिल्म अब गांधी जयंती यानी कि 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जारी हुए पोस्टर में देखा जा सकता है कि वरुण धवन हाथ जोड़े हुए मजाकिया अंदाज में दिख रहे हैं। साथ ही बताया गया है कि उन्हें सनी संस्कारी के किरदार में देखा जाएगा। पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'सनी संस्कारी की शायरी - ये आंसू हैं मेरे समुंदर का जल नहीं, ये आंसू हैं मेरे समुंदर का जल नहीं, बारिश का क्या भरोसा, आज है कल नहीं।'

### फिल्म के बारे में

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर के अलावा रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा भी नजर आएंगी। पहले यह फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होने वाली थी और अब इसे 2 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा।

### वरुण धवन का वर्कफ्रंट

वरुण धवन के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार बेबी जॉन में देखा गया था। वहीं अभिनेता की आगामी फिल्मों की बात करें, तो उन्हें बॉर्डर 2 में देखा जाएगा, जिसमें सनी देओल मुख्य भूमिका में होंगे। इसके अलावा वह है जवानी तो इश्क होना फिल्म की भी शूटिंग कर रहे हैं।



## आप जैसा कोई के बाद आर. माधवन बोले अब रोमांटिक फिल्मों के मौके कम मिलते हैं

अभिनेता आर. माधवन की हाल ही में रोमांटिक फिल्म आप जैसा कोई रिलीज हुई, जिसमें उन्होंने संस्?कृत के टीचर श्रीरेणु त्रिपाठी का किरदार निभाया। माधवन ने बताया कि कैसे समय के साथ अब रोमांटिक फिल्मों में काम करने के अवसर कम होते जा रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए माधवन ने बताया कि उन्हें इसमें क्या खास लगा। उन्होंने कहा, मैंने इस फिल्म को इसलिए नहीं चुना कि मैं रोमांटिक फिल्मों में वापसी कर लूं, बल्कि इसलिए चुना क्योंकि इसकी कहानी दिलचस्प थी, मेरी उम्र के हिसाब से थी और आज के समय से जुड़ी थी। लव स्टोरी में अभिनय करने के बहुत कम मौके बचे हैं और ऐसे मौके और भी कम होते हैं जो सच्चे और असली लगें। फिल्म में फातिमा सना शेख के साथ काम करने के बारे में उन्होंने कहा, फातिमा बेहद टैलेंटेड कलाकार हैं। वो बहुत ही प्यारी हैं, और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। उन्हें जानने के लिए शूटिंग का समय सच में बहुत कम था। इससे पहले फातिमा सना शेख ने भी फिल्म में माधवन के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया था। उन्होंने कहा था, मैं आर. माधवन की बहुत बड़ी फैन रही हूं और उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका पाकर बेहद खुशी हो रही है। वह बहुत ही समझदार और होशियार हैं। मैंने सेट पर हर दिन उनसे कुछ नया सीखा है। आप जैसा कोई फिल्म में आर. माधवन और फातिमा सना शेख के अलावा, आयशा रजा, मनीष चौधरी और नमित दास भी अहम रोल में हैं। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों की है, जो बिल्कुल अलग-अलग दुनिया से आए हैं। कहानी की शुरुआत होती है, जमशेदपुर के एक संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी से, जो 42 की उम्र में भी अविवाहित हैं और खुद को समझदार और शांत स्वभाव का मानते हैं, लेकिन भीतर ही भीतर अकेलेपन से जूझ रहे हैं। इस अकेलेपन से बाहर निकलने के लिए वह एक ऑनलाइन चैटिंग ऐप का सहारा लेते हैं, जहां उनकी मुलाकात कोलकाता की एक आत्मनिर्भर और खुले विचारों वाली फ्रेंच टीचर मधु बोस से होती है। मधु का किरदार फातिमा सना शेख ने निभाया है। मधु का जीवन श्रीरेणु से बिल्कुल अलग है, वह रिश्तों में कई बार टूटी है, लेकिन हर बार और मजबूत बनकर उभरी है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे अलग सामाजिक सोच और जीवनशैली के बावजूद दो इंसान एक-दूसरे के करीब आते हैं। दोनों की पसंद-नापसंद अलग होते हुए भी भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है, उनके बीच की वैचारिक दूरियां उभरने लगती हैं। यही टकराव फिल्म को गहराई देता है। विवेक सोनी द्वारा निर्देशित आप जैसा कोई का प्रीमियर 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर हुआ।

## हमारी इंडस्ट्री में लोग दूसरों की असफलता पर खुश होते हैं

फराह खान कोरियोग्राफर, डायरेक्टर होने के लिए कंटेंट क्रिएटर भी हैं। यूट्यूब पर वह एक कुकिंग व्लॉग चैनल चलाती हैं, सेलिब्रिटी के घर जाती हैं और बाचतीत करती हैं। हाल ही में फराह ने जैकी भगनानी और रकुल प्रीत से मुलाकात की। इस दौरान फराह ने अपनी एक फ्लॉप फिल्म का जिक्र किया, जिसकी असफलता पर बॉलीवुड में कई लोग खुश हुए। कौन सी थी वो फिल्म? और बॉलीवुड के लोगों के बारे में क्या-क्या खुलासे फराह ने किए? फराह खान बताती हैं कि साल 2010 में फिल्म 'तीस मार खां' की असफलता पर बॉलीवुड में कई लोग खुश हुए। वह कहती हैं, 'हमारी इंडस्ट्री में लोग अपनी सफलता पर खुश होने से ज्यादा दूसरों की असफलता पर खुश होते हैं। मुझे याद है, जब 'तीस मार खां' फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली तो बॉलीवुड में जश्न का माहौल था। जिन लोगों के साथ मैंने काम किया है, उनका रवैया था, 'अभी आई ना लाइन पर।

### जैकी ने दी प्रोड्यूसर न बनने की सलाह

जैकी भगनानी को फराह खान कहती हैं, 'जैकी, हम लोगों को भी प्रोड्यूसर बनना है। इस पर जैकी जवाब देते हैं, 'प्रोड्यूसर मत बनना।' फराह हंसने लगती है और कहती है, 'हां, प्रोड्यूसर मत बनना, क्योंकि पहले इनके (जैकी) पास दस फ्लोर थे और प्रोड्यूसर बनने के बाद सिर्फ पांच ही बचे हैं।'

## इंग्लैंड के जो रूट 8वीं बार नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज

**दुबई, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने एक बार फिर आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट में रूट ने शानदार 104 और 40 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड को 22 रन की जीत मिली और रूट को 888 रेटिंग अंकों के साथ नंबर-1 की रैंक वापस मिल गई। रूट ने इंग्लैंड के ही हैरी ब्रुक (862 अंक) को पीछे छोड़ा। यह रूट का टेस्ट आठवीं बार नंबर-1 बनना है, और 34 साल की उम्र में वह कुमार संगाकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर-1 बल्लेबाज हैं। भारत से यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को एक-एक जबकि कप्तान शुभमन गिल को 3 स्थान का नुकसान हुआ है। बॉलिंग रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ जमैका टेस्ट में 48 रन की पारी खेलकर एक स्थान की छलांग लगाई और अब वह 816 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके साथी कैमरन ग्रीन ने भी 46 और 42 रन बनाकर 16 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 29वें स्थान (619 अंक) पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# उम्मीद नहीं थी किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट देखेंगे: गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि टीम को उम्मीद नहीं थी कि किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट मैच देखेंगे। भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने मंगलवार को लंदन स्थित क्लेरेंस हाउस में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। इस दौरान किंग चार्ल्स ने जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, शुभमन गिल समेत अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। किंग चार्ल्स तृतीय ने अपनी परंपरा निभाते हुए लंदन दौरे पर आई भारतीय क्रिकेट टीम का क्लेरेंस हाउस में स्वागत किया। यह एक दोस्ताना मुलाकात थी। किंग चार्ल्स तृतीय इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रमंडल क्रिकेट टीमों का स्वागत करने की परंपरा रखते हैं। र

राष्ट्रमंडल प्रमुख के रूप में मेहमानों की मेजबानी कर रहे किंग चार्ल्स ने भारतीय टीम से बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने भारत-इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच की झलकियां देखीं। इस मुकाबले में गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम को महज 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी थी। गिल ने बीसीसीआई के एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, किंग चार्ल्स बहुत दयालु और उदार हैं। उन्होंने हमसे बहुत अच्छी बातचीत की। उम्मीद नहीं थी कि वह हमारा मैच देखेंगे। किंग चार्ल्स ने बताया कि उन्होंने हमारे मुकाबले के आखिरी सेशन के कुछ अंश देखे। यह एक शानदार अनुभव था। हम इसके लिए बहुत आभारी हैं। इस दौरान क्लेरेंस हाउस में इंग्लिश अभिनेता और संगीतकार इद्रिस एल्बा ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की। इद्रिस एल्बा सेंट जेम्स पैलेस में आयोजित यूथ ऑपर्च्युनिटीज समिट के लिए लंदन पहुंचे थे। एल्बा ने भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराइस्वामी भी मौजूद थे। शुक्ला ने किंग चार्ल्स को अपनी पुस्तक स्कार्स ऑफ 1947 भेंट की। राजीव शुक्ला ने एक्स पर पोस्ट किया, ब्रिटेन के किंग चार्ल्स हम सभी से बहुत ही गर्मजोशी के साथ अपने घर पर मिले। वह खुशमिजाज व्यक्तित्व हैं। मुलाकात से पहले, उन्होंने हम सभी के बारे में काफी जानकारी इकट्ठा की थी।

## ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर डोपिंग मामले में चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 32 वर्षीय मूर वर्तमान में एकल में 864वें और युगल में 187वें स्थान पर हैं और सकारात्मक परीक्षण के बाद अपने अनंतिम निलंबन से लौटने के बाद से वह अधिकतर निचले स्तर के डब्ल्यूटीए टूर आयोजनों में खेल रही हैं। खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि मूर यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था। 32 वर्षीय मूर वर्तमान में एकल रैंकिंग में 864वें और युगल में 187वें स्थान पर हैं।

महाद्वीप के 20 देशों के शीर्ष सर्फर तीन से 12 अगस्त तक होने वाली एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए यहां महाबलीपुरम में चुनौती पेश करेंगे। एशियाई सर्फिंग महासंघ (एएसएफ) के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में शॉर्टबोर्ड वर्गों में प्रतिस्पर्धा होगी जो ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के वर्ग में होगी। इस प्रतियोगिता के जरिए सर्फर जापान में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री और युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु में एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी सर्फिंग जैसे नए खेलों को बढ़ावा देने, हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तरीय अवसर पैदा करने और उन्हें मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस टूर्नामेंट के पुरुष और महिला चैंपियन को 17 से 23 नवंबर 2025 तक होने वाले सर्फसिटी अल सल्वाडोर एएलएएस ग्लोबल फाइनल में भी सीधे प्रवेश मिलेगा।

# विराट टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें

### पूर्व क्रिकेटर मदन लाल का आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के एक दिन बाद 1983 विश्व कप विजेता और भारत के पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल ने विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से वापसी का आग्रह किया। व्यापक रूप से खेल के आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले कोहली ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की प्रभावशाली औसत से 30 शतकों और 31 अर्धशतकों के साथ 9230 रन बनाकर अपने 14 साल के करियर को अलविदा कह दिया। उन्होंने ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में संन्यास ले लिया। मदन लाल ने कहा, विराट कोहली का भारतीय क्रिकेट के प्रति जुनून बेजोड़ था। मेरी इच्छा है कि वह संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें। वापसी में कोई बुराई नहीं है। अगर इस सीरीज में नहीं, तो उन्हें अगली सीरीज में वापसी करनी चाहिए।

कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद भारत के चौथे सबसे सफल बल्लेबाज हैं। कोहली ने 7 टेस्ट दोहरे शतक भी लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे ज़्यादा शतक है। मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर लीड्स में सीरीज के पहले मैच में 5 विकेट से हार के बाद भारत ने दूसरे टेस्ट में प्रभावशाली वापसी की। संयमित गेंदबाजी और बेहतर क्षेत्ररक्षण के साथ, मेहमान टीम ने अंतिम दिन इंग्लैंड को 27/1 पर आउट कर एक से ज़्यादा सत्र शेष रहते यादगार जीत हासिल की। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने दूसरी पारी में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 192 रनों पर समेट दिया। वाशिंगटन सुंदर ने शानदार प्रदर्शन किया जिन्होंने चार अहम विकेट लेकर मेहमान टीम के लिए एक आसान लक्ष्य रखा। लेकिन, जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने चौथे दिन के अंतिम सत्र और 5वें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय ढंग से भारत को 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 रनों पर आउट कर दिया, जबकि ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने शानदार वापसी की।

## भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित, बशीर की जगह डॉसन शामिल

**लंदन, एजेंसी।** 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। शोएब बशीर की जगह स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल किया है। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान शोएब बशीर की उंगली टूट गई थी। इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के बाकी दो टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखने का फैसला किया।

बशीर को लॉर्ड्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत की पहली पारी के 78वें ओवर में चोट लगी थी, जब रवींद्र जडेजा ने एक जोरदार शॉट सीधे बशीर की तरफ मारा। शॉट पकड़ने की कोशिश में गेंद उनकी उंगली में लग गई। हालांकि, इंजरी के बावजूद शोएब ने चौथी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज का आखिरी विकेट लेकर मैच में इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा, लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं।

# टीम इंडिया की सबसे मजबूत दीवार साबित हो रही कमजोर कड़ी...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड और चेतेश्वर पुजारा... भारतीय क्रिकेट के वो दो मजबूत स्तंभ जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में नंबर 3 पोजीशन लंबे समय तक संभाली. लेकिन पुजारा को जब से टीम इंडिया से हटाया गया है, तब से ही इस पोजीशन पर कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं दिखा जिसने नंबर 3 पर विश्वास दिखाया है. द्रविड और पुजारा इस पोजीशन पर खेलते थे तो नंबर 3 को भारतीय टीम की दीवार कहा जाता था, लेकिन हालिया समय में यह दीवार कमजोर कड़ी साबित हुई है. इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम ने लीड्स टेस्ट में साई सुदर्शन को इस नंबर पर खिलाया जो महज 30 रन (पहली पारी में 0 दूसरी पारी में 30 रन) बना सके. करुण नायर एजबेस्टन टेस्ट (31, 26) और लॉर्ड्स टेस्ट (40, 14) में तीसरी पोजीशन पर खेले, लेकिन उन्होंने भी कुछ खास प्रभावित नहीं किया. ऐसे में सवाल है कि मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 जुलाई से होने वाले मुकाबले में करुण नायर को खिलाया जाएगा या साई सुदर्शन को मौका मिलेगा या एक और दावेदार अभिमन्यु ईश्वरन को मौका मिलेगा .

**करुण को और कितने मौके?**

33 साल के करुण नायर मौजूदा सीरीज में अब तक

6 पारियों में सिर्फ 131 रन बना सके हैं. उनका एवरेज 21.83 है. लीड्स टेस्ट में करुण को निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला, लेकिन जब उन्हें अगले दो टेस्ट में तीसरे नंबर पर खिलाया गया, तो वह उस मौके का फायदा नहीं उठा सके.

लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में जब टीम को एक स्थिर साझेदारी की जरूरत थी, तब वो गेंद छोड़ने की कोशिश में वे स्लिप आउट हुए. वैसे हेड कोच गौतम गंभीर ने सीरीज से पहले साफ कहा था कि करुण को ज्यादा मौके दिए जाएंगे. लेकिन वो गंभीर की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए हैं.

### साई या ईश्वरन में कितना दम, क्या करुण होंगे रिप्लेस

मैनचेस्टर मे 23 जुलाई से होने वाले टेस्ट में करुण नायर को बेंच पर बैठाकर अभिमन्यु ईश्वरन या साई सुदर्शन के विकल्प के साथ भारतीय टीम उतर सकती है. साई सुदर्शन को लीड्स टेस्ट में टीम में मौका मिला था. जहां वो पहली पारी में 0 तो दूसरी पारी में 30 रन पर आउट हो गए थे.

### इंग्लैंड पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स टेस्ट में भारत पर मिली रोमांचक 22 रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने की कीमत इंग्लैंड को चुकानी पड़ी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्वाइंट्स टेबल से इंग्लैंड के दो अंक काट लिए गए हैं। टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है।इसके मुताबिक, निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। डब्ल्यूटीसी के प्लेइंग कंडीशंस के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, अगर कोई टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं करती, तो प्रत्येक कम ओवर के लिए एक अंक काटा जाता है, यह कटौती समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद की जाती है।

## भारतीय हैंडबाल टीम की फिजियोथेरेपिस्ट बनीं मोनिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में होने वाली यूथ एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप में मोनिका टीम के साथ सेवाएं देंगी। चयन पर मोरसिंघी हैंडबाल अकादमी की संचालिका और कोच स्नेहलता ने

मोनिका शर्मा को बधाई दी है। हमीरपुर की बेटी मोनिका शर्मा का चयन भारतीय हैंडबाल टीम में बतौर फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में हुआ है। चीन में होने वाली यूथ एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप में मोनिका टीम के साथ सेवाएं देंगी। चयन पर मोरसिंघी हैंडबाल अकादमी की संचालिका और कोच स्नेहलता ने मोनिका शर्मा को बधाई दी है। यूथ एशियन वुमन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए भारत की टीम चीन में होगी यूथ एशियन हैंडबाल प्रतियोगिता चीन के लिए रवाना हो चुकी है। इस टीम में मुख्य कोच सचिन चौधरी हैं।

# सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर, सात्विक-चिराग और लक्ष्य जापान ओपन के दूसरे दौर में

### जापान ओपन बेडमिंटन

**टोक्यो, एजेंसी।** सिम ने भारतीय खिलाड़ी सिंधू के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की। वहीं, सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में हराया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही, लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई।

सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की। इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के

खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एयरपोर्ट की तरह दिखेंगे दिल्ली के बस अड्डे, रेखा गुप्ता सरकार ने बनाया खास प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने राजधानी के अंतरराज्यीय बस अड्डों को अत्याधुनिक बनाने का फैसला लिया है। इनमें कश्मीरी गेट, सराय काले खां, आनंद विहार आईएसबीटी शामिल हैं। सीएम ने सचिवालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद बताया कि इन बस अड्डों को अत्याधुनिक व यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाया जाएगा। देखने में इनका लुक हवाईअड्डों जैसा नजर आएगा। सारी आधुनिक सुविधाओं से इन बस अड्डों को सुसज्जित किया जाएगा। इसके लिए कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों के आने से डीटीसी की पहुंच तो बढ़ी है, लेकिन इनके रूट अभी भी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं, जिससे यह बसें पूरी दिल्ली के यात्रियों को कवर नही कर पा रही है। हमारी सरकार ने आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर बसों का नया रूट बनाया है। इस रूट की खासबात यह है कि यह दिल्ली के छोटे इलाकों को तो कवर ही करेगा साथ ही दिल्ली मेट्रो से भी यात्रियों को जोड़ेगा। प्रयोग के तौर पर जल्द ही यमुनापार में इसे लागू किया जा रहा है। इसके बाद इसे पूरी दिल्ली में लागू कर दिया जाएगा। डीटीसी के अधीन फिलहाल 660 छोटी इलेक्ट्रिक बसें और 1800 बड़ी इलेक्ट्रिक चल रही हैं। ईवी बेड़े में कुल 4800 बसें हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार दिल्ली के सभी बस क्यू शेल्टरों को यात्रियों के लिए सुविधाजनक हाईटेक भी बनाने की तैयारी कर रही है। इनमें डिस्प्ले स्क्रीन भी लगाई जाएंगी, ताकि यात्रियों को बस रूट और समय सारणी का भी पता चल सके। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 4627 बस क्यू शेल्टर हैं। इनमें से 2021 कार्यशील हैं। 1580 बस क्यू शेल्टर स्टील से बने हैं और 250 पुराने बस शेल्टर हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग ने देश के अलावा कुछ देशों के बस क्यू शेल्टर का भी अध्ययन किया है और दिल्ली के इलाकों के मिजाज से कुछ शेल्टरों का चयन किया है। यह सभी शेल्टर पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे और इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि वे सौर ऊर्जा से संचालित हों। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंगलवार को कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यंगप्रेन्योर समिट 2025 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्टार्टअप में नई कामयाबी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बच्चों के स्टार्टअप्स में दिखी नई सोच, प्रतिबद्धता और जज्बे को मुख्यमंत्री ने सराहा।

### दिल्ली पुलिस की बड़ी पहल, अब टैक्सी की तरह पता चलेगी पीसीआर की लोकेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस अब पीसीआर का 'रिस्पांस टाइम' और बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए कंट्रोल रूम और पीसीआर संचालन को पूरी तरह डिजिटल किया जा रहा है। कॉल रिसीव होने से लेकर पीसीआर के मौके पर पहुंचने तक की प्रक्रिया अब ऑटोमेटेड होगी। इससे समय की बचत होगी और लोकेशन भी सटीक मिलेगी। अभी पीसीआर का औसतन रिस्पांस टाइम 6.5 से 7 मिनट है, जो नई व्यवस्था से 30 सेकेंड तक कम हो सकता है। कॉलर को ओला-उबर की तर्ज पर एक लिंक भेजा जाएगा, जिससे वह पीसीआर वाहन की लोकेशन देख सकेगा। अब तक आपात स्थिति में कॉल कंट्रोल रूम में आने पर एक टेकर कॉल दर्ज करता था और फिर मैसेज डिस्पैचर नजदीकी पीसीआर को भेजता था। इस प्रक्रिया में समय लगता था। अब एक नया सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जो कॉल मिलते ही ऑटो-डिस्पैच और ऑटो-एसएमएस के जरिए सीधे नजदीकी पीसीआर वाहन को सूचना भेजेगा। इससे मैनुअल प्रक्रिया खत्म होगी और समय की बचत के साथ 'रिस्पांस टाइम' भी बेहतर होगा। इससे सहायता तेजी से पहुंचाई जा सकेगी। व्यवस्था को लागू करने के लिए पीसीआर यूनिट और तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी 'सीडेक' के बीच बैठक के बाद निर्णय लिया गया है।

**2 किमी तक पीछा करके फाजिलपुरिया पर की थी फायरिंग**

# हमले का मूसेवाला कनेक्शन तो नहीं?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणवी गायक और रैपर राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया पर जानलेवा हमले के मामले में सीसीटीवी फुटेज मिली है। पुलिस की जांच के बाद खुलासा हुआ कि हमलावरों ने गायक की कार का दो किलोमीटर तक पीछा कर फायरिंग की। हालांकि, हमले वह बाल-बाल बच गए। इस मामले में एक आरोपी की पहचान हो गई है, जबकि कार भी बरामद कर ली गई है।

मंगलवार को पुलिस जांच के दौरान कई जगह से मिले सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि सोमवार शाम को छह बजे के लगभग फाजिलपुरिया अपनी सफेद रंग की थार कार से अपने गांव फाजिलपुर से होता हुआ नए गुरुग्राम स्थित सोसाइटी के मकान में जाने के लिए निकला था। सोनीपत के नंबर की सफेद कार 'पंच' उसका पीछा करते हुए दिख रही है। पुलिस को घटनास्थल से ग्रीन बेल्ट के पोल पर गोली का निशान मिला, लेकिन पुलिस को खोल नहीं मिला। इसके बाद देर रात नाकेबंदी होने पर हमलावर कार को बिलासपुर के पास लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक कार फ़ाज़िलपुरिया की गाड़ी का लगातार पीछा कर रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार से उतरकर दो युवकों ने फ़ाज़िलपुरिया की गाड़ी पर फायरिंग की थी। हालांकि, गनीमत रही कि फ़ाज़िलपुरिया को कोई चोट नहीं आई। यह हमला क्यों किया गया, इसके पीछे क्या मकसद था, पुलिस इन सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कार में दो से ज्यादा हमलावर मौजूद थे। डीसीपी दक्षिण डॉ. हितेश यादव ने कहा कि बादशाहपुर थाने में अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया है। कार को बरामद करने के साथ एक युवक को हिरासत में लेकर भी पूछताछ की जा रही है।

#### ओवरटेक कर दो युवकों ने की फायरिंग

सोमवार देर रात को राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया ने पुलिस पूछताछ में बताया कि छह बजे के लगभग वह अपने गांव से सोसाइटी के फ्लैट में जा रहे थे। एसपीआर रोड पर सेक्टर-71 के पास पहुंचा तो सफेद रंग की कार ने ओवरटेक किया और रास्ता रोक दिया। तभी कार में ड्राइवर सीट से एक युवक निकला और उसके हाथ में पिस्टल थी। उसको देखकर उन्होंने कार को पीछे करना शुरू किया, तभी कार से दूसरा युवक भी निकला। सर नीचे करते हुए कार को पीछे तेजी से करने लगे। घटनास्थल के पास मौजूद ट्रक चालकों ने बताया कि दो से तीन राउंड फायरिंग हुई है।

जांच में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फाजिलपुरिया पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से मिले गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस को गाड़ी मालिक की पहचान सोनीपत के रहने वाले सुशील के रूप में हुई।

#### सिद्धू मूसेवाला के समर्थन की वजह से तो हमला नहीं?

मई 2022 में सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद फ़ाजिलपुरिया उनके समर्थन में आए थे। उन्होंने प्रतिक्रिया दी थी। ऐसे में यह भी देखा जा रहा है कि कहीं यह फायरिंग उसी से जुड़ी तो नहीं है? यह एक बड़ा सवाल है जिस पर पुलिस भी जांच कर रही है।

# दिल्ली का कूड़ा नोएडा में फेंक रहे थे, सात डंपर पकड़े, हो गया केस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली का कूड़ा अवैध रूप से नोएडा में डाला जा रहा था। नोएडा प्राधिकरण की टीम ने दिल्ली का कूड़ा लदा सात डंपर मंगलवार को पकड़ लिया। प्राधिकरण के अधिकारी की शिकायत पर फेज-दो थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दिल्ली में कूड़ा निस्तारण का काम करने वाले ठेकेदार की तरफ से नोएडा के सेक्टर-89 में इसे डलवाए जाने की बात सामने आई है। कूड़ा निस्तारण के लिए 800-1000 रुपये प्रति मीट्रिक टन के खर्च का भुगतान स्थानीय निकाय करते हैं। ऐसे में यह कूड़ा बगैर निस्तारण कर यहां पर डालकर निस्तारण की रकम के गबन की आशंका जताई जा रही। पुलिस के मुताबिक, नोएडा प्राधिकरण की टीम ने औचक निरीक्षण कर डूब क्षेत्र में दिल्ली से कूड़ा लेकर आने वाले सात डंपर पकड़े हैं। इसके साथ ही वहां अवैध डंपिंग ग्राउंड भी मिला है।

मौके पर करीब 20 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सूचना पर फेज-दो थाने की टीम भी मौके पर पहुंची। यहां पर अवैध रूप से कूड़ा डलवाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि डूब क्षेत्र में एक किसान का भूखंड है। उसे किराए पर लेकर कूड़ा डलवाया जा रहा था। मौके पर जब डंपर पकड़े गए तो कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया, जिनको पुलिस ने शांत करवाया। नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि रोजाना करीब 100 हाइवा के जरिये दिल्ली से कूड़ा लाकर नोएडा में डाला जा रहा था। यह सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 तथा एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है।

# उनके पेट में दर्द हो रहा है, मरोड़ बाकी

**कांवड़ यात्रा पर बोले कपिल मिश्रा- यह शिवभक्तों की सरकार**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि दिल्ली में इस बार कांवड़ियों के लिए दोगुने इंतजाम किए गए हैं और 17 जगहों पर उनके भव्य स्वागत के लिए द्वार बनाए गए हैं। मिश्रा ने कहा कि कुछ लोग कांवड़ यात्रा को बदनाम करना चाहते हैं। भव्य व्यवस्था से इनके पेट में दर्द हो रहा है।

एक स्वागत द्वार का निरीक्षण करने के बाद कपिल मिश्रा ने कहा कि इस बार 374 शिविरों की अनुमति मिल चुकी है, लगकर तैयार खड़े हैं। पिछली बार सिर्फ 170 शिविर लगे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जो योजना थी उसकी सफलता का अंदाजा आप लगा सकते हैं। दिल्ली सरकार से जो भी व्यवस्था होनी है, ट्रैफिक, वॉलेंटियर, सफाई, पानी, बिजली, मेडिकल स्टाफ की हो सब तैयार है।

दिल्ली सरकार की ओर से कांवड़ यात्रा की व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे मिश्रा ने कहा कि 17 जगहों पर भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं। जैसे द्वार कुंभ में बनाए गए थे वैसे इस बार दिल्ली में बनाए गए हैं। हमने ज्योतिर्लिंगों के नामों पर भव्य स्वागत गेट बनाए हैं। भोले भक्त इस बार इस तरह के स्वागत द्वार देखेंगे। मुख्यमंत्री खुद और सभी मंत्रियों की ओर से 20 तारीख को कांवड़ियों का स्वागत किया जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि कुछ लोग कांवड़ यात्रा की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं, कपिल मिश्रा ने कहा, जिनके पेट में दर्द हो रहा है, उनके पेट में मरोड़ों उठेंगी। यह भोले के भक्तों की सरकार है। सरकार श्रद्धापूर्वक कांवड़ियों की सेवा, सत्कार करेगी। ये आयोजन बढ़ते जाएंगे जिनको परेशानी हो रही है वे और परेशानी के लिए तैयार हो जाएं। उन्होंने एक्स पर लिखा, कुछ लोग कांवड़ यात्रा को बदनाम करना चाहते हैं, इतनी भव्य व्यवस्था देखकर उनके पेट में दर्द हो रहा है, ऐसे लोगों के तो अभी और मरोड़ होना बाकी है।

# अगर अमेरिका के राष्ट्रपति मेरे पैर छूते तो... अवध ओझा का फिर अजीबोगरीब बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मशहूर शिक्षक और आम आदमी पार्टी के नेता अवध ओझा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी हार को लेकर एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। उन्होंने फिर एक बार अजीबोगरीब बयान दिया है। ओझा सर ने दावा किया कि उनकी हार की वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके विरोधी उम्मीदवार रविंद्र सिंह नेगी के पैर छूना था, और अगर अमेरिका के राष्ट्रपति उनके पैर छू लेते, तो शायद बाजी पलट जाती।

अवध ओझा ने एक इंटरव्यू में कहा कि दिल्ली के पटपड़गंज सीट पर हुए चुनाव में शुरूआती 15 दिन वह अकेले प्रचार करते रहे। लेकिन इसके बाद, उनके मुताबिक, पूरी विधानसभा उनके समर्थन में आ गई थी। ओझा ने कहा,लोग कहने लगे, भैया आप जीत रहे हो। लेकिन फिर, उनके दावे के मुताबिक, खेल बदल गया।

ओझा का कहना है कि जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके विरोधी रविंद्र सिंह नेगी के पैर छुए, वोटरों का मूड बदल गया। उन्होंने दावा किया,उसी वक्त चुनाव का रुख पलट गया। अगर पैर छूना ही था, तो सिर्फ एक उम्मीदवार का क्यों? बाकी नेताओं के पैर क्यों नहीं छुए? उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, जहां लोग इसे लेकर तरह-तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। अवध ओझा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में तंज कसते हुए कहा कि

अगर अमेरिका के राष्ट्रपति उनके पैर छू लेते, तो शायद वह चुनाव जीत जाते। उन्होंने ये भी कहा कि मोदी ने इस चुनाव को मोदी बनाम अवध ओझा बना दिया। लेकिन मैं क्या करूं? उन्होंने यह भी जोड़ा कि मोदी बड़े मंझे हुए नेता हैं, जिन्होंने इस तरह की रणनीति से उनके जीत के सपने को चकनाचूर कर दिया। ओझा ने अपनी हार पर सवाल उठाते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं तो नया था, लेकिन इतना काम करने वाले अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे नेता कैसे चुनाव हार गए? यह समझ से परे है। कुछ तो गड़बड़ जरूर है।

# 1.7 करोड़ रुपये में नीलाम हुई महात्मा गांधी की 94 साल पुरानी तस्वीर

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में महात्मा गांधी की एक दुलर्भ पेटिंग की नीलामी हुई है। कहा जाता है कि यह अकेली ऐसी तस्वीर है, जिसके लिए महात्मा गांधी पोट्रेट मोड में बैठे थे और पेंटर ने उनके सामने बैठकर यह खूबसूरत ऑयल पेटिंग बनाई थी।

लंदन के बोनहम्स में मंगलवार को इस तस्वीर को ऑनलाइन नीलामी में 152,800 पाउंड (1.7 करोड़ रुपये) में बेचा गया है।

ब्रिटिश आर्टिस्ट क्लेयर लीटन ने इस पेटिंग को पोट्रेट ऑफ महात्मा गांधी नाम दिया था। यह तस्वीर अनुमान से 3 गुना अधिक कीमत पर बिकी है। लीटन को उम्मीद थी कि पेटिंग 57-80 लाख रुपये में नीलाम होगी। मगर, यह 1.7 करोड़ रुपये में बिकी है। लीटन के परिवार के अनुसार, इस तस्वीर को 1974 में सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए रखा गया था। हालांकि, तब एक एक्टिविस्ट ने इसपर हमला कर दिया था। बाद में इस पेटिंग को सही किया



गया। ऐसे में लीटन के परिवार को उम्मीद नहीं थी कि यह पेटिंग इतनी महंगी बिकेगी। यह पेटिंग 1931 की है, जब महात्मा गांधी दूसरी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए लंदन गए थे। दरअसल यह तस्वीर बनाने वाली आर्टिस्ट क्लेयर लीटन उस समय मशहूर राजनीतिक पत्रकार हेनरी नोएल के साथ रिलेशनशिप में थीं। हेनरी भारत की आजादी के प्रबल समर्थकों में से एक थे। ऐसे में हेनरी की मुलाकात महात्मा गांधी से हुई और इसी बहाने लीटन को भी गांधी जी से मिलने का मौक मिल गया।

इस मुलाकात के दौरान लीटन ने गांधी जी के सामने उनकी पेटिंग बनाने की पेशकश की और वो मान गए। गांधी जी पोट्रेट मोड में बैठे थे और लीटन ने उनको केनवास पर उतार लिया। यह ऑयल पेटिंग गांधी जी को भी बेहद पसंद आई थी। वहीं, अब 94 साल बाद इस पेटिंग को नीलाम किया गया है।

# आसिम मुनीर के राष्ट्रपति बनने की तैयारी? शहबाज शरीफ से मिले, अटकलें तेज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में बड़े सियासी बदलाव की अटकलें हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ सेना प्रमुख आसिम मुनीर और राष्ट्रपति आसिफ जरदारी की मुलाकात ने चर्चाएं और बढ़ा दी हैं। कहा जा रहा था कि मुनीर राष्ट्रपति पद पर जरदारी की जगह ले सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पाकिस्तान सरकार के मंत्री भी इन्हें खारिज कर रहे हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को राष्ट्रपति आवास में पीएम शरीफ ने जरदारी से मुलाकात की। इसके कुछ देर पहले ही मुनीर पीएम आवास पर पहुंचे और शरीफ से मीटिंग की। मंगलवार शाम हुई एक के बाद एक उच्च स्तरीय बैठक ने राष्ट्रपति बदलने की अटकलों को हवा दे दी है।अखबार से बातचीत में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि राष्ट्रपति के इस्तीफे और उनकी जगह सेना प्रमुख के लेने का मुद्दा राष्ट्रपति जरदारी और पीएम शहबाज की मीटिंग में उठा जरूर था, लेकिन उन्होंने ऐसी सभी खबरों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि ये अटकलें एक मीडिया स्टोरी के बाद सामने लगने लगी थी, जिसे बाद में संभवतः वापस ले लिया था। आसिफ ने सभी अटकलों को खारिज किया है और कहा है कि राष्ट्रपति जरदारी को सभी घटनाक्रमों की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने सरकार और मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में पूरा भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति इस मुद्दे से अवगत हैं और सरकार में पूरा भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा कि पीएम ने राष्ट्रपति को अपुष्ट खबरों और घटनाक्रमों से अवगत कराया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की है कि पीएम की अगुवाई वाली प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रपति से मिलने से पहले शहबाज शरीफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा के लिए हफ्ते में तीन बार मुलाकात करते हैं। आसिफ ने कहा, सेना प्रमुख को राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है।

# जानबूझकर धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दिया, पहलगाम हमले पर बोले एस जयशंकर- आतंकवाद को जड़ से खत्म करना जरूरी

**शंघाई , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) परिषद की बैठक के लिए चीन के दौरे पर हैं। मंगलवार (15 जुलाई, 2025) को बैठक के दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुद्दा उठाया और कहा कि सदस्य देशों को ग्रुप के उद्देश्यों के प्रति सच्चा और आतंकवाद पर अडिग रुख अपनाए रखने की जरूरत है।

जून, 2020 में गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़पों के बाद जयशंकर पांच साल बाद चीन की पहली यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुआ हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए किया गया था और धार्मिक विभाजन को भी बढ़ावा दिया गया था।

उन्होंने एससीओ विदेश मंत्रियों की काउंसिल मीटिंग में बोलते हुए कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, जिसके हममें से कई लोग अभी भी सदस्य हैं। इसने एक बयान जारी कर इसकी कड़े शब्दों में निंदा की थी और आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर बल दिया।

जयशंकर ने कहा कि एससीओ की स्थापना तीन बुराइयों- आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से लड़ने के लिए की गई थी, जो आश्चर्यजनक रूप से एक साथ घटित होती हैं। उन्होंने कहा, ये जरूरी है कि एससीओ अपने संस्थापक उद्देश्यों के प्रति सच्चा बना रहे और इस चुनौती पर कोई समझौता न

करने वाला रुख अपनाए। एससीओ में चीन, भारत, रूस, पाकिस्तान, ईरान के अलावा मध्य पूर्व के पांच देश सदस्य हैं। सम्मेलन में जयशंकर ने जब आतंकवाद और पहलगाम हमले का जिक्र किया तो पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार भी उपस्थित थे। जयशंकर इसी बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन में हैं। संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भी संबोधित किया।

जयशंकर ने कहा, भारत एससीओ के तहत विकास के नए सोच पर काम करने को तैयार है। लेकिन इस दिशा में कोई भी नया सोच परस्पर आदर व बराबरी के सिद्धांत पर होना चाहिए और इसमें भौगोलिक संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का आदर किया जाना चाहिए।

भारत ने यह बात चीन की कनेक्टिविटी परियोजनाओं के संदर्भ में कही है। चीन ने दुनिया के एक बड़े भूभाग को रोड, रेल व समुद्री मार्ग से जोड़ने के लिए बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के नाम से परियोजना चलाई है जिसका एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से गुजरता है। भारत इसका विरोध करता है। असलियत में एससीओ में सिर्फ भारत ही एकमात्र देश है जो चीन की इस परियोजना का विरोध करता है, अन्य सभी देश चीन के साथ अपनी ढांचागत सुविधाओं को सुधारने को तत्पर हैं।

जयशंकर ने अपने भाषण में यह भी साफ कर दिया कि कनेक्टिविटी को लेकर वह अपने हितों पर अडिग रहेगा। उन्होंने कहा, एससीओ के बीच सहयोग को और गहरा करने के लिए सदस्य देशों के बीच ज्यादा निवेश, कारोबार और विनिमय करने की जरूरत है। इस बारे में आगे बढ़ने से पहले हमें कुछ मौजूदा मुद्दों पर बात करनी चाहिए। एक मुद्दा एससीओ के बीच सुरक्षित आवाजाही की कमी का है। इसकी वजह से जब हम आपस में कारोबारी सहयोग बढ़ाने की बात करते हैं तो वह ज्यादा गंभीर नहीं लगता। हमें इंटरनेशनल नार्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कारिडोर (इनटक) को बढ़ावा देना चाहिए।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 16-07-2025 21:36 Page 1



# मामले को निष्पादित कर अविलंब कर्मी को न्याय दिलाएं : उपायुक्त

## आमजन व कर्मियों की शिकायत निवारण को लेकर आनलाइन पोर्टल बनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बुधवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की। बैठक के क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी कर्मी को विभागीय लापरवाही के कारण कोर्ट का रुख करना पड़ा है, तो ऐसे मामलों का शीघ्र निष्पादन कर उन्हें न्याय दिलाने के दिशा में विभागीय पदाधिकारी काम करें। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा की कि वे न्यायालयों में लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति, अगली सुनवाई की तिथि तथा वाद की प्रकृति की विस्तृत तथ्य विवरणी अविलंब विधि शाखा को उपलब्ध कराएंगें।

उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग न्यायालय में लंबित वादों का नियमित मानिटरिंग सिस्टम विकसित करें। उन्होंने वन प्रमंडल, भू-अर्जन एवं शिक्षा विभाग से संबंधित लंबित वादों की अलग से समीक्षा कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को विधि शाखा प्रभारी को निर्देश दिया।

उन्होंने विभागवार ऐसे मामलों की सूची तैयार करने और उसे लगातार अद्यतन करते रहने को भी कहा ताकि किसी भी समय स्थिति को स्पष्ट रूप से रखा जा सके।

विधि शाखा को निर्देश दिया कि आम जनता एवं सरकारी कर्मियों की शिकायतों के निवारण हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार करें, जिसमें आवेदनों का पंजीकरण, निस्तारण की स्थिति, तथा विभागीय उत्तरदायित्व को ट्रैक किया जा सके। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित होंगी।

उपायुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को कहा कि न्यायिक मामलों को हल्के में नहीं लें। इसकी गंभीरता को समझें। यदि समय रहते इन मामलों पर कार्य नहीं किया गया, तो इससे विभागीय दायित्व पर प्रश्नचिन्ह लगता है और आम जन में शासन की छवि भी प्रभावित होती है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी मामला अनदेखा नहीं हो और समयबद्ध रूप से कार्रवाई की जाए।

उपायुक्त ने बैठक क्रम में जमीन के खरीददारों को सावधान रहने का आह्वान किया है। जिस भूमि का वह निबंधन करा रहे है, उसकी पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि ऐसे भूमि के निबंधन पर रोक के लिए दोनों सब रजिस्टार को जरूरी निर्देश दिया गया है। लेकिन, आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। सभी अंचलों में इसके लिए हेल्प डेस्क का गठन किया जा रहा है, जहां भूमि खरीदने वाले अपने भूमि के संबंध में निबंधन से पूर्व जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर विधि शाखा प्रभारी शालिनी खालखो, अंचलाधिकारी चास दीवाकर दूबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह,संबंधित विभागों के पदाधिकारी कर्मी आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग चालकों पर कसा शिकंजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बुधवार को डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर चिन्मया विद्यालय, अयप्पा स्कूल एवं जी.जी.पी.एस. स्कूल, सेक्टर-5 के निकट सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी, चास (सदर) प्रांजल ढांडा एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात विद्याशंकर द्वारा किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी, यातायात पु०नि० नितिश कुमार तथा यातायात थाना के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अभियान के क्रम में कुल 09 दोपहिया वाहनों को नाबालिग चालकों द्वारा परिचालित करते हुए पकड़ा गया। सभी वाहनों को जप्त कर यातायात थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। संबंधित सभी मामलों में अभियोजन प्रतिवेदन तैयार कर न्यायालय भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वाहन जांच के दौरान स्कूल वैन/टेम्पो में क्षमता से अधिक बच्चों को असुरक्षित तरीके से बैठाने, बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना बीमा तथा काले शीशे लगे वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

# सीओपी का आयोजन

## जलवायु को लेकर सस्टेनेबल एप्रोच की आवश्यकता : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बुधवार को कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग सभागार में पीडीजे,असर एवं पंच सफर संस्था द्वारा जलवायु वित्त एवं कॉमन्स शासन पर पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण विषय पर पंचायत सम्मेलन (सीओपी) का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय नाथ झा, विशिष्ट अतिथि जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि शामिल हुएं।

उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है, लेकिन इसका प्रभाव सबसे अधिक स्थानीय स्तर पर देखने को मिलता है। कहा कि जलवायु का दोहन पूरे विश्व ने किया, पर अब समय आ गया है कि हम सबको मिलकर इस पर सस्टेनेबल एप्रोच अपनाना होगा और आगे बढ़ना होगा। धरती को बचाने के लिए पहले खुद के भीतर बोध जगाना जरूरी है। यह कार्य केवल अपने लिए नहीं, धरती को बचाने के लिए करना है। पंचायत प्रतिनिधि/मुखियागण इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएं। ग्रामीणों को जागरूक करें, नेतृत्वकर्ता बनें।

उपायुक्त ने उपस्थित सभी मुखियागणों को संकल्प दिलाया कि अगले एक वर्ष में हम अपने-अपने क्षेत्रों में जलवायु संरक्षण एवं पर्यावरणीय सुधार की दिशा में ठोस कार्य करेंगे और बोकारो को पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनाएंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों/संस्थाओं से अपील किया कि वे स्थानीय स्तर पर एक बड़ा प्लान बनाएं और जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करें।

उपायुक्त ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था का सबसे बड़ा आधार जन सहभागिता है और जलवायु संरक्षण का वास्तविक समाधान भी यहीं से निकलता है। पंचायत प्रतिनिधि ग्रामसभा की शक्ति का उपयोग कर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पौधारोपण, जल संरक्षण,आरगेनिक खेती को बढ़ावा दें। वन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों में भागीदार बनें।

मौके पर उपस्थित वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि जंगलों के संरक्षण एवं विस्तार के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वन उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारण में ग्राम सभा की भूमिका नहीं केवल कानूनी रूप से मान्य है, बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी जरूरी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि समस्या भले ही वैश्विक हो, लेकिन इसका सीधा प्रभाव स्थानीय समुदायों पर पड़ता है, इसलिए स्थानीय भागीदारी ही इसका स्थायी समाधान है। इस बात की उन्होंने कुछ उदाहरण देकर स्पष्ट किया। उन्होंने इसके लिए नीतियों/योजनाओं को ग्राम स्तर से उपर जाने की बात कहीं।

सम्मेलन में पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए और पर्यावरणीय सुधार से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की। विशेषकर जलस्रोतों के पुनर्जीवन, सामुदायिक वन संरक्षण, और पारंपरिक कृषि पद्धतियों को पुनर्जीवित करने पर बल दिया।

# जन-कल्याण शिविर का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** वित्तीय समावेशन विशेष अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जन-कल्याण शिविरों का आयोजन जिले के चयनित पंचायतों में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को बैंकिंग, बीमा, पेंशन, डिजिटल लेनदेन, और सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी देना एवं पात्र लाभार्थियों को इन सेवाओं से जोड़ना रहा। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिन्होंने मौके पर ही कई सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविरों का आयोजन पंचायत - सुसुनलिया, आमटाल, कुलबेरा, तथा रंगामाटी पंचायतों में किया गया, जहां बैंक ऑफ इंडिया (नोडल बैंक) के विभिन्न शाखा प्रबंधकों, बीसी प्रतिनिधियों, संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, एवं सक्रिय सीएफएल टीम(बबलू कुमार रावानी,राकेश रोशन गुप्ता ,समीर कुमार प्रामाणिक ,प्रसिद्धा कुमार मंडल) की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर ग्रामीणों को जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा, और डिजिटल लेन-देन से जुड़ी जानकारी प्रदान की कई और लाभार्थियों का पंजीकरण एवं खाता खोलने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। इस अभियान की मॉनिटरिंग जिला अग्रणी प्रबंधक एसडीएम अमित कुमार एवं सीएफएल जिला प्रभारी अमन दीप गुप्ता द्वारा की गई। उन्होंने शिविर स्थलों का दौरा कर समग्र व्यवस्था की समीक्षा की और सामूहिक प्रयासों की सराहना की। जिला प्रशासन, बैंकिंग प्रतिनिधियों एवं सीएफएल टीम के समन्वित प्रयास से आज का दिन धनबाद जिले के वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है–हर व्यक्ति तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन सेवाएं पहुँचाना।

## साक्ष्य के अभाव में बरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी तबिंदा खान की अदालत ने बुधवार को एक दहेज प्रताड़ना मामले में जुगनू अंसारी सहित पांच आरोपितों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। यह मामला माराफारी थाना क्षेत्र की रहने वाली जीनत द्वारा दर्ज कराया गया था, जिसमें उन्होंने अपने पति जुगनू अंसारी और ससुराल के चार अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

मामले की सुनवाई जीआर केस नंबर 422/25 के तहत हुई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता रणजीत गिरि ने जोरदार बहस की और अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की कमी को उजागर किया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के सबूतों को अपर्याप्त पाया और भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के तहत ठोस साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपितों को बरी करने का फैसला सुनाया।

जीनत ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उनके पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। हालांकि, अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष इन आरोपों को सिद्ध करने में विफल रहा।

# राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** डिग्री कॉलेज टुंडी में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनएसएस, डिग्री कॉलेज टुंडी ,जिला यक्ष्मा केंद्र एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कौशलेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद ,मो. जावेद अंसारी जिला कार्यक्रम समन्वयक यक्ष्मा विभाग धनबाद, कुमार मधुरेंद्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष सलाहकार भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद, प्रकाश कुमार लायक ओ आर डब्लू, वीर चंद्र ठाकुर यक्ष्मा विभाग ब्लॉक प्रभारी और शंकर कुमार प्रमाणिक नोडल कोऑर्डिनेटर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विनोद बिहारी महतो जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। प्रकाश कुमार लायक ने टीबी रोग के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने का प्रयास किया। कुमार मधुरेंद्र सिंह ने टीबी के विभिन्न लक्षणों की जानकारी दी तथा उसके उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण बातें बताई एवं यह प्रयास किया गया कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी अपना योगदान दें। कौशलेंद्र कुमार सिंह ने टीबी रोग की जानकारी देते हुए

विद्यार्थियों को टीबी से सुरक्षित रहने के लिए विभिन्न उपाय बताएं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को टीबी के संबंध में दी गई जानकारी पर अमल करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें अपने आस - पड़ोस में भी बतलाने को कहा । साथ ही आज डिग्री कॉलेज टुंडी और भारतीय रेडक्रॉस समिति, धनबाद के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से टीबी के टेस्ट के लिए उनका बलगम सैंपल के रूप में लिया गया । विद्यार्थियों को मो. जावेद अंसारी जी द्वारा पीपीटी के माध्यम से टीबी रोग से संबंधित सभी जानकारियां विस्तार पूर्वक दी गई । कार्यक्रम का संचालन डॉ. रानी सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अविनाश कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सैकडों विद्यार्थी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# नेवरी करमा स्कूल बना गौशाला, चहारदीवारी की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत नेवरी करमा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय इन दिनों शिक्षा केंद्र के बजाय गौशाला का रूप ले चुका है। विद्यालय परिसर में प्रतिदिन मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है, जिससे पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। साथ ही गंदगी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बढ़ गया है।

स्थिति यह है कि विद्यालय के शिक्षक और छात्र हर दिन पढ़ाई शुरू होने से पहले करीब दो घंटे परिसर की सफाई में ही बिता देते हैं। शिक्षकों ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब हालात अत्यंत चिंताजनक हो गए हैं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल में चहारदीवारी नहीं होने के कारण मवेशी बेरोकटोक प्रवेश करते हैं, जिससे सुरक्षा और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब चारदीवारी निर्माण की मांग की है।

ग्रामीणों ने भी बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य की चिंता जताते हुए प्रशासन से आग्रह किया है कि विद्यालय परिसर को सुरक्षित करने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो बच्चों की शिक्षा और भविष्य दोनों खतरे में पड़ सकते हैं।

## जरूरतमंदों के बीच छाता वितरित

बोकारो। गर्मी और वर्षा के मौसम में खुले आसमान के नीचे मेहनत कर रहे फुटपाथ एवं छोटे दुकानदारों के बीच रोटरी क्लब चास ने छाता बांटे।

रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने बताया कि यह पहल ऐसे दुकानदारों के लिए है जो रोजी-रोटी के लिए धूप और बारिश का सामना करते हैं। डिंपल ने कहा कि ह्लएक छाता, एक साया बनकर इनके जीवन को थोड़ा सहज बना सकता है। लाभार्थियों ने भी कार्यक्रम की सराहना की और रोटरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बोकारो एयरपोर्ट संचालन को ले समयबद्ध कार्यों को करें पूरा: उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो एयरपोर्ट के संचालन को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने बुधवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में बीएसएल प्रबंधन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि, वन विभाग, सिविल सर्जन तथा जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कहा कि बोकारो एयरपोर्ट का संचालन शुरू करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसे समयबद्ध पूर्ण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्वों का रोडमैप तैयार कर कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि 15 दिनों में सभी लाइन डिपार्टमेंट जिन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसकी प्रगति का अद्यतन जानकारी जिला को उपलब्ध कराएंगे।

उपायुक्त ने जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार को निर्देशित किया कि मासांत तक सतनपुर पहाड़ी की चोटी पर वाच टावर का निर्माण कार्य आरंभ करें। साथ ही, बीएसएल प्रबंधन को सुरक्षा मानकों के अनुरूप 10 वाच टावरों के निर्माण हेतु संबंधित विभाग से पत्राचार कर शीघ्र निर्णय लेने को कहा।

उपायुक्त ने कहा कि एयरपोर्ट के आस-पास अतिक्रमण से सुरक्षा और संचालन दोनों प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को समन्वय स्थापित कर अगस्त माह में विशेष अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि एयरपोर्ट परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित करें। इसके लिए जिम्मेदारी निर्धारित कर निगरानी की जाए। साथ ही, एयरपोर्ट की इंट्री एवं एक्जिट को चिन्हित कर उसे सुरक्षित और सुगम बनाने के दिशा में बीएसएल को कार्य करने को कहा। उन्होंने एयरपोर्ट के लिए उपलब्ध अग्निशमन वाहन की नियमित मॉक ड्रिल कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी फंड से फोर स्ट्रेचर वाले 02 एंबुलेंस क्रय करने की स्वीकृति दी। साथ ही सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद को निर्देश दिया कि जिले के सभी एंबुलेंस में डबल स्ट्रेचर की सुविधा सुनिश्चित कराएं। जिसे आपातकालीन परिस्थिति में उपयोग किया जा सकेगा।

भविष्य की जरूरत को देखते हुए एयरपोर्ट तक निर्बाध पहुंच के लिए वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन को तत्काल कंसल्टेंट नियुक्त कर मार्ग निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर भी विचार झ विमर्श किया गया।

बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, कार्यपालक अभियंता चास एस तिवारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सीजीएम टाउनशीप कुंदन कुमार, एजीएम एविएशन, एएआइ की प्रिया सिंह, जिला अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## मेडिकल मोबाइल यूनिट रवाना

**बोकारो।** श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए पिछले ढाई दशकों से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से बैद्यनाथ धाम (देवघर) के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी शिविर के लिए बीएसएल के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कार्य करने वाली मेडिकल मोबाइल यूनिट इस्पात संजीवनी (चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों के दल) को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने आज 16 जुलाई को इस्पात भवन परिसर से फ्लैग-ऑफ कर रवाना किया।

इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवती, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी, सीएसआर विभाग तथा अन्य विभागों के कर्मी सहित बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे।

निदेशक प्रभारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी ली।

# बीएसएल अप्रेंटिस संघ के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में विस्थापित अप्रेंटिस अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों एवं बीएसएल प्रबंधन के साथ बैठक हुई। बैठक में पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की गई।

इस क्रम में प्रतिमाह 50 - 50 अप्रेंटिस अभ्यर्थियों को अनुबंध पर नियोजन को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में अपर समाहर्ता ने जानकारी ली। इस पर ईडी एचआर राजश्री बनर्जी ने बताया कि 50- 50 के क्रम में 150 अभ्यर्थियों के नियोजन को लेकर सूची जारी कर संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है, लेकिन काफी कम संख्या में अभ्यर्थियों ने योगदान किया है।

इस पर संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि नियोजन के साथ आवास,मेडिकल सेवा एवं 60 वर्ष की अटूट सेवा देने की बात कहीं गई थी। इस दिशा में बीएसएल प्रबंधन ने कोई पहल नहीं की गई है। अपर समाहर्ता ने बीएसएल प्रबंधन से मामले की अद्यतन जानकारी मांगी। जिस पर संबंधित पदाधिकारियों का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि आवास,मेडिकल सेवा एवं 60 वर्ष की अटूट सेवा को लेकर मुख्यालय से पत्राचार किया गया है।

अपर समाहर्ता ने सक्षम प्राधिकार से आवास, मेडिकल सेवा एवं 60 वर्ष की अटूट सेवा के संबंध में स्पष्ट दिशा - निर्देश प्राप्त करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में इस पर स्पष्ट स्थिति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठक में जो भी निर्णय लिया जाता है, अगली बैठक में उसका अद्यतन प्रगति/उत्तर रहना चाहिए।

बैठक में, स्व. प्रेम महतो के प्रतिमा स्थापित को लेकर जगह चिन्हित किए जाने पर भी चर्चा की गई। बीएसएल को अगली बैठक में इस बाबत भी प्रगति की स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। वहीं, विस्थापित संघ के प्रतिनिधियों को जिनका नियोजन के लिए सूची में नाम है, उन्हें योगदान करने के लिए कहा गया।

अपर समाहर्ता ने कहा कि जिला प्रशासन विस्थापित की सभी समस्याओं को समाप्त करने के लिए गंभीर है, इस दिशा में उपायुक्त स्वयं लगातार बीएसएल प्रबंधन के साथ बैठक कर रणनीती तैयार कर रहे हैं। मौके पर कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा- निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी बम बैजु, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत बीएसएल के प्रमोद कुमार, एस ए हुसैन आदि उपस्थित थे।

## करणी सेना करेगी मंदिरों में लाइट की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** करणी सेना झारखंड प्रदेश के द्वारा बोकारो के विभिन्न मंदिरों में लाइट लगाने का करेगी। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि सेवा परमोधर्म है और जो धर्म की रक्षा करता है उसकी रक्षा धर्म करता है। हमें मंदिरों को साफ-सुथरा एवं उजाला रखना चाहिए। उन सभी मंदिरों को चिन्हित कर जहां लाइट उजाले की व्यवस्था नहीं है वहां भेपर लाइट, एलईडी बल्ब, ट्यूनिंग लाइट, हैलोजेन इत्यादि लगाने की व्यवस्था करणी सेना करेगा इसकी शुरूआत नया मोड़ हनुमान मंदिर में दो बड़ा हैलोजेन लाइट,एक दर्जन एलइडी बल्ब, ट्यूनिंग लाइट लगवा कर शुभारंभ किया गया।

# कुवैत में एक महीने से पड़ा है रामेश्वर महतो का शव, परिजन अंतिम दर्शन को टकटकी लगाए बैठे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विदेशों में रोजगार की तलाश में गए प्रवासी मजदूरों को न केवल कार्यस्थल पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बल्कि दुर्भाग्यवश मौत के बाद भी उनका शव स्वदेश लाना परिवार के लिए चुनौती बन जाता है। ऐसा ही एक मामला विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जोबर पंचायत अंतर्गत बंदखारो गांव से सामने आया है, जहां निवासी रामेश्वर महतो की मौत 15 जून 2025 को कुवैत में हो गई थी, लेकिन एक महीने बीत जाने के बाद भी उनका शव भारत नहीं पहुंच पाया है।

रामेश्वर के परिजन हर दिन अपने प्रियजन के अंतिम दर्शन की उम्मीद में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक न तो शव की वापसी की कोई सूचना है और न ही कंपनी की ओर से मुआवजे को लेकर कोई स्पष्टता है। परिजनों की चिंता और पीड़ा लगातार बढ़ती जा रही है।

वहीं, प्रवासी मजदूरों के हक में काम करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली लगातार इस मामले को हल कराने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जैसे जिलों से बड़ी संख्या में लोग देश-विदेश में काम करते हैं, लेकिन दुर्घटना या मौत की स्थिति में मुआवजा और शव वापसी की प्रक्रिया बेहद जटिल हो जाती है। कई बार महीनों तक शव विदेश में पड़ा रहता है, जिससे परिजनों को मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रवासी मजदूरों के लिए एक ठोस नीति बनाई जाए, जिससे ऐसे दुखद अवसरों पर शव की शीघ्र वापसी और उचित मुआवजे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। परिजन अब सरकार और प्रशासन से मदद की आस लगाए बैठे हैं, ताकि उन्हें अपने स्वजन का अंतिम दर्शन और सम्मानजनक विदाई मिल सके।

## स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह गोल्फ ग्राउंड में

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य समारोह की सारी तैयारियां 13 अगस्त तक पूरी कर लेने, साफ सफाई, रणधीर वर्मा स्टेडियम में अग्निशमन वाहन के साथ एंबुलेंस व चिकित्सक की टीम रखने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी विद्यालय सहित जिले के सभी सरकारी भवनों में झंडोत्तोलन करने तथा परेड में चौकीदार एवं एक विद्यालय को शामिल करने का निर्देश दिया।

# जनता दरबार में मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर बुधवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने चास प्रखंड के कालापत्थर पंचायत अंतर्गत पिपराबेड़ा टोला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने देखा कि टोले तक पहुंचने का कोई समुचित पक्का रास्ता नहीं है। बरसात में खेतों के रास्ते जलमग्न हो जाते हैं, जिससे बच्चों का स्कूल जाना रुक जाता है और मरीजों को खटिया पर अस्पताल तक पहुंचाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं होने के कारण कई बार जल बहाव में बच्चे बहने जैसे गंभीर हादसे भी हुए हैं। डीडीसी ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि यह समस्या अत्यंत गंभीर है। उन्होंने अंचल अधिकारी को भूमि संबंधित रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र भेजने तथा तकनीकी टीम से समन्वय स्थापित कर पथ निर्माण की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधा एक सभ्य जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है, जिसे उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

निरीक्षण क्रम में जानकारी मिलने पर कि टोले में अभी भी कई लोग बीमार हैं और डॉक्टर वहां नहीं जा रहे। डीडीसी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि तत्काल चिकित्सा दल को भेजा जाए। उनके निर्देश पर मेडिकल टीम पिपराबेड़ा टोला पहुंची और बीमार व्यक्तियों को दवाएं एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

डीडीसी ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, और हर जरूरी कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाएंगे। पिपराबेड़ा टोला के निरीक्षण ने यह साबित कर दिया कि जिला प्रशासन जनता की हर आवाज को गंभीरता से लेता है और समाधान की दिशा में तत्परता से कार्य करता है। निरीक्षण के दौरान मौके पर जिला परिषद सदस्य रिम्पा चक्रवर्ती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दुबे, परियोजना पदाधिकारी मानिक चंद्र प्रजापति, मुखिया दिनेश कुमार रजक, वार्ड सदस्य दिनेश कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com